67oha

okf"kZd fjiksVZ

2016-17

l?k yksd lsok vk;ksx

èkkSyiqj gkml] 'kkgtgka jksM] ubZ fnYyh & 110069

http://www.upsc.gov.in

67वीं (2016–17)

वार्षिक रिपोर्ट

संघ लोक सेवा आयोग

धौलपुर हाउस, शाहजहां रोड

नई दिल्ली–110069

http://www.upsc.gov.in

संविधान के अनुच्छेद 323(1) की अपेक्षानुसार
संघ लोक सेवा आयोग
अपनी सड़सठवीं रिपोर्ट राष्ट्रपति को
प्रस्तुत करता है।

यह रिपोर्ट 01 अप्रैल, 2016 (12 चैत्र, शक 1938) से
31 मार्च, 2017 (10 चैत्र, शक 1939) तक की
अवधि के लिए है।

विषय सूची

संक्षिप्तियों की सूची..... **(ix)-(x)**

वर्ष 2016–17 के दौरान आयोग की संरचना ..... **(xi)**

अध्यायों की सूची

अध्याय	शीर्षक	पृष्ठ संख्या
1	मुख्य विशेषताएं	1-3
2	संक्षिप्त इतिहास एवं पिछले वर्षों के दौरान कार्यभार	5-10
3	परीक्षाओं द्वारा भर्ती	11-16
4	चयन द्वारा सीधी भर्ती	17-21
5	अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्गों तथा शारीरिक रूप से निःशक्त उम्मीदवारों का प्रतिनिधित्व	23-26
6	भर्ती नियम, सेवा नियम तथा भर्ती की पद्धति	27-29
7	पदोन्नतियां और प्रतिनियुक्तियां	31-38
8	अनुशासनिक मामले	39-40
9	सरकार द्वारा आयोग का परामर्श स्वीकार नहीं किया जाना	41-54
10	आयोग की सलाह को लागू करने में विलम्ब	55-57
11	प्रशासन, प्रशिक्षण और वित्त	59-60
12	विविध	61-65
	कृतज्ञता ज्ञापन	67

परिशिष्टों की सूची

परिशिष्ट	विषय	पृष्ठ संख्या
1	आयोग के माननीय अध्यक्ष तथा सदस्यों के जीवन–वृत्त।	69-77
2	आयोग द्वारा की गई सिफारिशें – उम्मीदवारों /अधिकारियों की उपयुक्तता से संबंधित।	79
3	आयोग द्वारा की गई सिफारिशें– छूट संबंधी मामलों, सेवा संबंधी मामलों, वरिष्ठता आदि से संबंधित।	79
4	आयोग द्वारा वर्ष 2016–17 के दौरान आयोजित परीक्षाएं।	80
5	आयोग द्वारा वर्ष 2015–16 के दौरान आयोजित की गई, लेकिन वर्ष 2016–17 के दौरान पूरी की गई / अंतिम रूप दी गई परीक्षाएं।	81

परिशिष्ट	विषय	पृष्ठ संख्या
6	वर्ष 2016–17 के दौरान आरक्षित सूची के माध्यम से उन परीक्षाओं के संबंध में अनुशंसित उम्मीदवारों की संख्या, जिनमें आरक्षित सूची नियम लागू होता है।	82
7	वर्ष 2016–17 के दौरान आयोजित की गई परीक्षाओं के अन्तर्गत आने वाली सेवाएं।	83-87
8	सिविल सेवा (प्रधान) परीक्षा–2015 तथा 2016 में बैठे उम्मीदवारों के लिखित परीक्षा देने के माध्यम (भारतीय भाषाएं/अंग्रेजी) को दर्शाने वाला तुलनात्मक विवरण।	88-91
9	सिविल सेवा (प्रधान) परीक्षा–2015 : उम्मीदवारों का संक्षिप्त विवरण।	92-104
10	इंजीनियरी सेवा परीक्षा–2016 : उम्मीदवारों का संक्षिप्त विवरण।	105-112
11	भारतीय वन सेवा परीक्षा, 2016–उम्मीदवारों का संक्षिप्त विवरण।	113-119
12	इंजीनियरी,चिकित्सा,वैज्ञानिक एवं तकनीकी तथा गैर–तकनीकी पदों की मंत्रालय–वार संख्या, जिन्हें वर्ष 2016–17 के दौरान विज्ञापित किया गया।	120
13	इंजीनियरी पदों का विषय–वार विवरण, जिनके लिए वर्ष 2016–17 के दौरान भर्तियों को अंतिम रूप दिया गया।	121
14	वैज्ञानिक तथा तकनीकी पदों का विषय–वार विवरण, जिनके लिए वर्ष 2016–17 के दौरान भर्तियों को अंतिम रूप दिया गया।	122
15	गैर–तकनीकी पदों का विषय–वार विवरण, जिनके लिए वर्ष 2016–17 के दौरान भर्तियों को अंतिम रूप दिया गया।	123
16	विषय–वार चिकित्सा पद, जिनके लिए वर्ष 2016–17 के दौरान भर्तियों को अंतिम रूप दिया गया।	124
17	वर्ष 2016–17 के दौरान आयोजित किए गए कम्प्यूटर आधारित भर्ती परीक्षण तथा भर्ती परीक्षण।	125-127
18	वर्ष 2016–17 के दौरान अंतिम रूप दिए गए विपुल भर्ती के मामले।	128-131
19	संवर्ग को दर्शाने वाला विवरण जहॉ भा.प्र.से.(रा.सि.से.) भा.पु.से. एवं भा.व.से. संवर्ग के सम्बन्ध में 2014 और भा.प्र.से.(गै.रा.सि.से.) के सम्बन्ध में 2015 में कोई चयन सूची तैयार नहीं की गई–शून्य रिक्ति/कोई पात्र नहीं।	132
20	अखिल भारतीय सेवाओं में प्रवेश – वर्ष 2016–17 के दौरान आयोजित बैठकें।	133-134
21	वर्ष 2016–17 में न्यायालय के आदेशों के परिणामस्वरूप आयोजित की गई पुनरीक्षा बैठकें।	135
22	अखिल भारतीय सेवाएं – वर्ष 2016–17 के दौरान आयोजित नहीं की गई चयन समिति की बैठकें।	136-137
23	मंत्रालय/विभाग/संघ शासित क्षेत्र जिन्होंने वर्ष 2016–17 के दौरान ग्रुप 'क' एवं ग्रुप 'ख' पदों/सेवाओं में की गई तदर्थ नियुक्तियों की अर्ध–वार्षिक विवरणियां नहीं भेजीं।	138-140

परिशिष्ट	विषय	पृष्ठ संख्या
24	मंत्रालयों/ विभागों में ग्रुप 'क' एवं 'ख' पदों/ सेवाओं में की गई तदर्थ नियुक्तियां, जो वर्ष 2016–17 के दौरान एक वर्ष से अधिक समय तक चलीं तथा अर्ध–वार्षिक विवरणियों द्वारा आयोग को सूचित की गई।	141-143
25	अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के अधिकारियों के लिए आरक्षित रिक्तियों का मंत्रालय/विभाग–वार विवरण तथा विभागीय पदोन्नति समितियों द्वारा वर्ष 2016–17 के दौरान आरक्षित/अनारक्षित रिक्तियों के लिए नियुक्ति हेतु संस्तुत किए गए अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के अधिकारियों की संख्या दर्शाने वाला विवरण।	144-145
26	वर्ष 2016–17 में आयोजित/पूरी हुई परीक्षाओं के परिणामों के आधार पर अनु.जाति/अनु.ज.जा./अन्य पिछड़े वर्गों से संबंधित उम्मीदवारों की उनके लिए आरक्षित रिक्तियों पर भर्ती।	146
27	अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों/अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षित उन पदों की सूची, जिनके लिए इन वर्गों के किसी भी उम्मीदवार ने वर्ष 2016–17 के दौरान आवेदन नहीं किया।	147
28	वर्ष 2016–17 के दौरान चयन द्वारा सीधी भर्ती के माध्यम से अनारक्षित रिक्तियों के लिए अनुशंसित किए गए अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों/अन्य पिछड़े वर्गों के उम्मीदवारों की संख्या।	148-151
29	वर्ष 2016–17 के दौरान निपटाए गए अनुशासनिक मामले।	152
30	वर्ष 2016–17 के दौरान आयोग द्वारा अनुशासनिक मामलों में दी गई सलाह का मंत्रालय–वार विवरण।	153-154
31	सरकार द्वारा भर्ती नियम अधिसूचित नहीं किए जाने वाले मामलों की संख्या और विलम्ब की अवधि दर्शाने वाला विवरण (31 मार्च, 2017 की स्थिति के अनुसार)।	155-158
32	संघ लोक सेवा आयोग (परामर्श से छूट) विनियमावली 1958 के जारी होने के बाद से संघ लोक सेवा आयोग के अधिकार क्षेत्र से पृथक किए गए पद/सेवाएं।	159-161
33	आयोग की संवर्ग एवं समूह–वार संख्या तथा कर्मचारियों के पदों की संख्या का विस्तृत विवरण।	162-166
34	आयोग का संगठनात्मक चार्ट। (31 मार्च, 2017 की स्थिति)	167-168
35	अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों एवं अन्य पिछड़े वर्गों के कर्मचारियों तथा विकलांग व्यक्तियों का प्रतिनिधित्व।	169-170
36	वर्ष 2016–17 के दौरान संघ लोक सेवा आयोग की प्राप्तियां एवं व्यय दर्शाने वाला विवरण।	171
37	आयोग के पूर्व अध्यक्षों तथा सदस्यों की सूची।	172-178

संक्षिप्तियों की सूची

प्रशा.	प्रशासन
अ.भा.से.	अखिल भारतीय सेवा
अप.	अपराह्न
स.भ.नि.आ.	सहायक भविष्य निधि आयुक्त
प.आ.अ.	पद आवेदक अनुपात
इं.स्ना.	इंजीनियरी स्नातक
वि.स्ना. (इंजी)	विज्ञान (इंजीनियरिंग) स्नातक
प्रौ.स्ना. (बीटेक)	प्रौद्योगिकी स्नातक
के.प्र.अ.	केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण
के.सि.से. (व.नि.अ)	केन्द्रीय सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली
मु.इं.	मुख्य इंजीनियर
के.लो.नि.वि.	केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग
के.स.आ.से	केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा
के.स.आ	केन्द्रीय सतर्कता आयोग
वि.(डि.ऑफ)	———— विभाग
वि.(डि)	विभाग
रो.एवं प्र.महा. निदे.	रोजगार एवं प्रशिक्षण महानिदेशालय
अनुशा.प्रा	अनुशासनिक प्राधिकारी
का.एवं प्र.वि	कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग
दू.सं.वि.	दूरसंचार विभाग
वि.प.स.	विभागीय पदोन्नति समिति
उ.स.	उप सचिव
क.भ.नि.सं.	कर्मचारी भविष्य निधि संगठन
क.रा.बी.नि.	कर्मचारी राज्य बीमा निगम
प.सु.	परीक्षा सुधार
पू.	पूर्वाह्न

भू.वि.प.	भू–विज्ञानी परीक्षा
महा.प्र.	महाप्रबंधक
सर.	सरकार
स.	समूह
भा.प्र.से.	भारतीय प्रशासनिक सेवा
भा.आ.से.	भारतीय आर्थिक सेवा
भा.व.से.	भारतीय वन सेवा
भा.वि.से.	भारतीय विदेश सेवा
जां.अ.	जांच अधिकारी
भा.डा.से.	भारतीय डाक सेवा
भा.पु.से.	भारतीय पुलिस सेवा
भा.सां.से.	भारतीय सांख्यिकी सेवा
अ.सं.स.	अल्पकालिक संविदा सहित
सं.स.	संयुक्त सचिव
लाख	गणना संख्या=1,00,000 मापने की इकाई के रूप में प्रयुक्त
क.नि. (एम.ए.)	कला निष्णात
दि.न.नि.	दिल्ली नगर निगम
वा.नि.. (एम.कॉम)	वाणिज्य निष्णात
इं.नि. (एम.ई.)	इंजीनियरी निष्णात
वि.नि.(एम. एससी.) (इंजी.)	विज्ञान निष्णात (इंजीनियरी)
प्रौ.नि. (एम.टैक.)	प्रौद्योगिकी निष्णात
मं.	————————————मंत्रालय
वि.	विविध
से.का.स.	सेवा का सदस्य

मं.प्र.	मंत्रालय का प्रतिनिधि
एम.टी.एस.	मल्टी टास्क स्टाफ
रा.रा.क्षे.	राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र
न.दि.न.नि.	नई दिल्ली नगर निगम
को.उ.न.पा.ग.	कोई उपयुक्त नहीं पाया गया
सं.	संख्या
गै.रा.सि.से.	गैर–राज्य सिविल सेवा
नि.सा.स.	निपटान का सामान्य समय
अ.पि.व.	अन्य पिछड़े वर्ग
रा.भा.	राजभाषा
प्र.नि.स.	प्रधान निजी सचिव
नि.स.	निजी सचिव
वि.ज.	विकलांग जन
अनुशं.	अनुशंसित
भ.	भर्ती
से.नि.	सेवानिवृत्त
प.अ.अ.	पद अनुशंसा अनुपात
अनु.सा.एवं वि.	अनुसंधान, सांख्यिकी एवं विश्लेषण
अ.जा.	अनुसूचित जाति

च.स.बै.	चयन समिति की बैठक
स्पे.क्ला.रे.अ.	स्पेशल क्लास रेलवे अप्रेंटिसेज
रा.सि.से.	राज्य सिविल सेवा
वि.अ.या.	विशेष अनुमति याचिका
अनु.अधि.	अनुभाग अधिकारी
अ.अ./आशु. (ग्रे.ख/ग्रे.–।)	अनुभाग अधिकारी/आशुलिपिक (ग्रेड ख/ग्रेड–।) सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा
व.प्र.नि.स.	वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव
अ.ज.जा.	अनुसूचित जनजाति
ए.खि.प्र.	एकल खिड़की प्रणाली
उ.श्रे.लि.	उच्च श्रेणी लिपिक
श.वि.एवं ग.उप.	शहरी विकास एवं गरीबी उपशमन
अना.	अनारक्षित
अव.स.	अवर सचिव
सं.रा.क्षे.	संघ राज्य क्षेत्र
सत.	सतर्कता
से.प्र.	.....से प्रभावी
व.	वर्ष

संघ लोक सेवा आयोग
(1 अप्रैल, 2016 से 31 मार्च, 2017 तक)

श्री दीपक गुप्ता	अध्यक्ष	दिनांक 20.09.2016 (अप.) को पदत्याग दिया।
श्रीमती अलका सिरोही	सदस्य*	संविधान के अनुच्छेद 316 (1क) के अंतर्गत दिनांक 21.09.2016 से अध्यक्ष, सं.लो.से.आ. के दायित्वों के निर्वहन हेतु नियुक्त। दिनांक 03.01.2017 को पदत्याग दिया।
प्रो. डेविड आर. सिम्लिह	सदस्य	संविधान के अनुच्छेद 316 (1क) के अंतर्गत दिनांक 04.01.2017 से अध्यक्ष, सं.लो.से.आ. के दायित्वों के निर्वहन हेतु नियुक्त।
श्री मनबीर सिंह	सदस्य	दिनांक 12.09.2016 (अप.) को पदत्याग दिया।
वाइस एडमिरल (से.नि.) डी.के. दीवान	सदस्य	दिनांक 19.08.2016 (अप.) को पदत्याग दिया।
श्री विनय मित्तल	सदस्य	
श्री छतर सिंह	सदस्य	दिनांक 22.09.2017 को त्यागपत्र दे दिया।
प्रो. हेम चन्द्र गुप्ता	सदस्य	दिनांक 17.02.2017 (अप.) को पदत्याग दिया।
श्री अरविन्द सक्सेना	सदस्य	
प्रो. (डॉ.) प्रदीप कुमार जोशी	सदस्य	
श्री भीम सैन बस्सी	सदस्य	दिनांक 31.05.2016(अप.) को पदभार ग्रहण किया।
एअर मार्शल अजित एस. भोंसले (से.नि.) एवीएसएम, वीएसएम	सदस्य	दिनांक 21.02.2017(अप.) को पदभार ग्रहण किया।
सुश्री सुजाता मेहता	सदस्य	दिनांक 21.02.2017(अप.) को पदभार ग्रहण किया।

अध्यक्ष तथा सदस्यों के जीवनवृत्त का संक्षिप्त विवरण **परिशिष्ट–।** में दिया गया है।

अध्याय–1

मुख्य विशेषताएं

1. परीक्षा

आयोग ने परीक्षा द्वारा भर्ती की पद्धति के अन्तर्गत कुल 14 परीक्षाओं का आयोजन किया। इनमें से, 10 परीक्षाएं सिविल सेवाओं/पदों हेतु चयन के लिए और 04 परीक्षाएं रक्षा सेवाओं के लिए आयोजित की गई। इन परीक्षाओं के लिए, कुल 34,71,693 आवेदन प्राप्त हुए और प्रोसेस किए गए तथा सिविल सेवाओं/पदों के लिए 8,990 उम्मीदवारों का साक्षात्कार किया गया। रक्षा सेवाओं के लिए साक्षात्कार रक्षा मंत्रालय के सेवा चयन बोर्ड (एसएसबी) द्वारा आयोजित किया गया। विभिन्न पदों के लिए कुल 4,612 [4,445+167 (आरक्षित सूची)] उम्मीदवारों की नियुक्ति हेतु अनुशंसा की गई। सिविल सेवाओं/पदों के लिए कुल 3,244 उम्मीदवारों (आरक्षित सूची के माध्यम से 167 उम्मीदवारों सहित) और रक्षा सेवाओं/पदों के लिए 1,368 उम्मीदवारों की अनुशंसा की गई **(परिशिष्ट–4, परिशिष्ट–5 और परिशिष्ट–6)।**

(अध्याय–3)

2. परीक्षा द्वारा भर्ती की पद्धति के अन्तर्गत भरे जाने वाले अनु. जाति, अनु.ज.जा. और अ.पि.व. उम्मीदवारों के लिए आरक्षित 1,741 पदों में से, आयोग ने अनु. जाति, अनु.ज.जा. और अ.पि.व. के 1,729 उम्मीदवारों की अनुशंसा की। इसके अलावा, आरक्षित श्रेणी के 12 उम्मीदवारों को अनारक्षित पदों के लिए अनुशंसित किया गया।

(अध्याय–5)

3. इंजीनियरी सेवा परीक्षा की योजना को वर्ष 2017 से परिवर्तित किया गया है। पहले यह परीक्षा दो चरणों में आयोजित की जाती थी, परंतु अब इसे तीन भागों में विभाजित कर दिया गया है अर्थात् प्रारंभिक/चरण–I परीक्षा, प्रधान/चरण–II परीक्षा और चरण–III (व्यक्तित्व परीक्षण)। अनुशंसा हेतु योग्यताक्रम का निर्धारण परीक्षा के तीनों चरणों में उम्मीदवारों के प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा।

3.1 इंजीनियरी के सभी चार विषयों अर्थात् सिविल इंजीनियरी, यांत्रिक इंजीनियरी, विद्युत इंजीनियरी और इलेक्ट्रॉनिकी एवं दूरसंचार इंजीनियरी के पाठ्यक्रम का भी संशोधन कर परीक्षा की नई योजना के साथ वर्ष 2017 से लागू किया गया है।

(अध्याय–3)

4. भारतीय सांख्यिकी सेवा परीक्षा, 2016 के लिए भारतीय सांख्यिकी सेवा परीक्षा की नई योजना लागू की गई। इसका विवरण निम्नानुसार है:

क्रम सं.	विषय	अधिकतम अंक	निर्धारित समय
1.	सामान्य अंग्रेजी	100	3 घंटे
2.	सामान्य अध्ययन	100	3 घंटे
3.	सांख्यिकी–I (वस्तुनिष्ठ)	200	2 घंटे
4.	सांख्यिकी–II (वस्तुनिष्ठ)	200	2 घंटे
5.	सांख्यिकी–III (विवरणात्मक)	200	3 घंटे
6.	सांख्यिकी–IV (विवरणात्मक)	200	3 घंटे

- सांख्यिकी–I व II वस्तुनिष्ठ प्रकार के पेपर हैं (प्रत्येक पेपर में 80 प्रश्न तथा अधिकतम अंक 200), जिनके लिए निर्धारित समय 120 मिनट है।
- सांख्यिकी–III व IV विवरणात्मक प्रकार के पेपर हैं, जिनमें संक्षिप्त उत्तर वाले/छोटे सवालों पर आधारित प्रश्न(50%) तथा विस्तृत उत्तर वाले और कांप्रीहेंशन प्रॉब्लम पर आधारित प्रश्न (50%) शामिल हैं। प्रत्येक खंड में से कम से कम एक संक्षिप्त उत्तर वाले प्रश्न और एक विस्तृत उत्तर वाले प्रश्न का उत्तर लिखना अनिवार्य है।

4.1 परीक्षा की नई योजना के अनुरूप वर्ष 2016 से भारतीय सांख्यिकी सेवा परीक्षा के पाठ्यक्रम में भी संशोधन किया गया है।

(अध्याय–3)

5. परीक्षा द्वारा भर्ती की पद्धति के अंतर्गत नियुक्ति का प्रस्ताव संबंधित मंत्रालय/विभाग द्वारा भेजा जाता है।

नियुक्ति प्रस्ताव जारी करने में विलंब के 20 मामलों की सूचना प्राप्त हुई।

5.1 आयोग की यह दृढ़ राय है कि उसके द्वारा अनुशंसित उम्मीदवारों को संबंधित मंत्रालयों/विभागों द्वारा नियुक्ति प्रस्ताव भेजने के लिए अधिक प्रतीक्षा नहीं करवाई जानी चाहिए। ऐसे अनेक मामलों में, आयोग द्वारा चयनित उम्मीदवारों को अन्यत्र अवसर प्राप्त हो जाता है और वे सरकार के अधीन नियुक्ति के लिए उपलब्ध नहीं रह पाते और इस प्रकार ऐसे उम्मीदवारों के चयन की पूरी प्रक्रिया निष्फल हो जाती है।

(अध्याय–10)

6. आयोग को उम्मीदवारों द्वारा सूचना छिपाने, झूठी सूचना / जाली दस्तावेज प्रस्तुत करने, अनुचित साधनों का प्रयोग करने और नकल करने आदि से संबंधित ग्यारह (11) मामलों की सूचना प्राप्त हुई। आयोग ने ऐसे मामलों को गंभीरता से लिया और निर्धारित प्रक्रिया को पूरा करने के बाद, दोषी उम्मीदवारों पर, आयोग द्वारा आयोजित भावी परीक्षाओं/चयन से उनकी उम्मीदवारी के निरस्तीकरण से लेकर उनके विवर्जन, जो पांच वर्ष से लेकर स्थायी विवर्जन तक थी, की शास्ति लगाई।

(अध्याय–12)

II. चयन द्वारा सीधी भर्ती

1. आयोग को विभिन्न मंत्रालयों/विभागों से 1,808 पदों के लिए 264 अधियाचनाएं प्राप्त हुईं। पिछले वर्ष से अग्रेनीत मामलों सहित वर्ष के दौरान 3,352 पदों के लिए कुल 440 अधियाचनाओं पर कार्यवाही की गई। इनमें से, 147 पदों के लिए 24 अधियाचनाओं को संबंधित मंत्रालयों/विभागों से स्पष्टीकरण मांगे जाने के कारण बंद कर दिया गया अथवा उनके द्वारा विज्ञापन दिए जाने से पूर्व के चरण में ही वापस ले लिया गया।

(अध्याय–4)

2. वर्ष के दौरान 240 अधियाचनाओं के लिए कुल 1,661 पदों हेतु विज्ञापन दिया गया जिसके लिए 7,42,679 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। विज्ञापनों के प्रकाशन के पश्चात 35 पदों के लिए 12 अधियाचनाओं के संबंध में भर्ती प्रक्रिया को रद्द कर दिया गया और 01 अधियाचना के संबंध में इसे संशोधित किया गया।

(अध्याय–4)

3. वर्ष के दौरान, कुल 4,55,255 आवेदन पत्रों पर कार्यवाही की गई जिसमें पिछले वर्ष में प्राप्त आवेदन पत्र भी शामिल हैं; 6,397 उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाया गया तथा वास्तव में 4,918 उम्मीदवार साक्षात्कार के लिए आए। 1,247 पदों के लिए 200 अधियाचनाओं के मामलों में 1,123 उम्मीदवारों की भर्ती के लिए अनुशंसा की गई। आवेदक–पद अनुपात 365 और अनुशंसा–पद अनुपात 0.90 था।

(अध्याय–4)

4. 24 मामलो में, कम्प्यूटर आधारित भर्ती परीक्षण/भर्ती परीक्षण (सीबीआरटी/आरटी) आयोजित किए गए, जिसमें रिक्तियों की संख्या की तुलना में आवेदकों की संख्या बहुत अधिक थी। इसमें कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के अंतर्गत प्रवर्तन अधिकारी/लेखा अधिकारी के पद हेतु आयोजित एक भर्ती परीक्षण भी शामिल है। इस भर्ती परीक्षण के लिए कुल 5,54,018 आवेदन प्राप्त हुए।

(अध्याय–4)

5. 124 पदों हेतु चयन की प्रक्रिया, उपयुक्त उम्मीदवारों की अनुपलब्धता के कारण निष्फल हो गई। इनमें से अधिकांश पदों में विशेषज्ञ चिकित्सा अथवा वैज्ञानिक योग्यता अपेक्षित थी। आयोग, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के साथ मिलकर प्रयास कर रहा है ताकि निष्फल होने वाले ऐसे मामलों में कमी लाई जा सके।

(अध्याय–4)

6. आयोग में रिक्तियों के विज्ञापनों को श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के राष्ट्रीय करिअर सेवा (एनसीएस) पोर्टल पर प्रदर्शित किया गया ताकि आयोग की परीक्षाओं और इसके द्वारा की जाने वाली भर्तियों का व्यापक प्रचार–प्रसार हो सके।

(अध्याय–4)

7. 609 आरक्षित पदों की तुलना में, कुल 528 उम्मीदवारों (149 अ.जा., 75 अ.ज.जा. और 304 अ.पि.व.) की अनुशंसा की गई। इस प्रकार आरक्षित श्रेणी के 86.7

प्रतिशत पदों पर भर्ती हुई। इसके अलावा, 19 अ.जा., 04 अ.ज.जा. और 71 अ.पि.व. उम्मीदवारों की अनुशंसा अनारक्षित पदों के लिए की गई।

(अध्याय–5)

8. आयोग ने शारीरिक रूप से निःशक्त उम्मीदवारों के लिए आरक्षित 47 पदों हेतु 27 उम्मीदवारों की अनुशंसा की।

(अध्याय–5)

9. 49 मामलों में आयोग द्वारा अनुशंसित उम्मीदवारों को संबंधित मंत्रालय/विभाग द्वारा नियुक्ति प्रस्ताव जारी करने में विलम्ब की सूचना प्राप्त हुई। कुछ मामलों में, संबंधित मंत्रालय/विभाग ने अनुशंसित उम्मीदारों को नियुक्ति प्रस्ताव जारी करने के संबंध में कोई सूचना नहीं दी। आयोग, इस बात पर पुनः बल देता है कि संबंधित मंत्रालयों/विभागों को चाहिए कि वे यह सुनिश्चित करें कि अनुशंसित उम्मीदवारों को नियुक्ति प्रस्ताव यथाशीघ्र जारी कर दिए जाएं।

(अध्याय–10)

III. नियुक्ति

1. आयोग ने पदोन्नति, प्रतिनियुक्ति, आमेलन आदि के लिए उम्मीदवारों/कर्मियों की उपयुक्तता के आधार पर 3,958 अधिकारियों/पदों के संबंध में अनुशंसा की।

(अध्याय–7)

2. आयोग ने 7,999 अधिकारियों के सेवा अभिलेखों पर विचार किया और (क) केन्द्रीय सेवाओं के अंतर्गत 3,850 अधिकारियों की पदोन्नति और (ख) प्रतिनियुक्ति (आईएसटीसी) /आमेलन पर नियुक्ति के लिए 108 अधिकारियों की अनुशंसा की।

(अध्याय–7)

अध्याय–2

संक्षिप्त इतिहास एवं विगत वर्षों के दौरान कार्यभार

संक्षिप्त इतिहास

1. भारत में लोक सेवा आयोग का उल्लेख दिनांक 05 मार्च,1919 के भारतीय संवैधानिक सुधारों पर भारत सरकार की प्रथम विज्ञप्ति में मिलता है, जिसमें किसी ऐसे स्थायी कार्यालय की स्थापना किए जाने का प्रस्ताव था जिसे सेवा मामलों के विनियमन का अधिकार हो। मुख्यतया, सेवा मामलों के विनियमन हेतु प्रस्तावित इस प्रकार के निकाय की संकल्पना को भारत सरकार अधिनियम, 1919 में कुछ व्यावहारिक स्वरूप प्रदान किया गया। इस अधिनियम की धारा 96 सी में भारत में एक ऐसे लोक सेवा आयोग की स्थापना का प्रावधान था, जो ''भारत में लोक सेवाओं में भर्ती एवं उनके नियंत्रण संबंधी उन प्रकार्यों का निर्वहन करे जो उनके लिए सेक्रेटरी ऑफ स्टेट इन काउंसिल द्वारा निर्धारित नियमों के अंतर्गत विनिर्दिष्ट किए जाएंगे।''

2. भारत सरकार अधिनियम, 1919 के पारित होने के उपरांत, सेक्रेटरी ऑफ स्टेट, भारत सरकार तथा स्थानीय सरकारों के बीच इस प्रकार स्थापित किए जाने वाले निकाय के प्रकार्यों तथा कार्यप्रणाली के संबंध में विस्तृत पत्राचार हुआ। यह पत्राचार चार वर्ष चला। इसके बावजूद किसी निर्णय पर नहीं पहुंचा जा सका तथा इस मामले को रॉयल कमीशन ऑन द सुपीरियर सिविल सर्विसेज इन इंडिया (ली कमीशन) को भेजा गया। दिनांक 27 मार्च, 1924 की अपनी रिपोर्ट में **ली कमीशन ने संस्तुति की कि भारत सरकार अधिनियम, 1919 में परिकल्पित वैधानिक लोक सेवा आयोग को अविलम्ब स्थापित किया जाए।**

3. भारत सरकार अधिनियम,1919 की धारा 96 (सी) के प्रावधानों तथा 1924 में लोक सेवा आयोग की यथाशीघ्र स्थापना किए जाने की ली कमीशन की प्रबल संस्तुति के बावजूद भारत में पहली बार अक्तूबर, 1926 में लोक सेवा आयोग की स्थापना हुई।

4. **प्रथम लोक सेवा आयोग की 1 अक्तूबर, 1926 को स्थापना हुई।** आयोग में सेक्रेटरी ऑफ स्टेट इन काउंसिल द्वारा नियुक्त अध्यक्ष के अतिरिक्त चार सदस्य थे। सर रॉस बार्कर, युनाइटेड किंगडम के होम सिविल सर्विस के सदस्य, आयोग के प्रथम अध्यक्ष बनाए गए तथा उनके द्वारा आयोग का गठन किया गया एवं उनके उत्तराधिकारियों ने उसी मॉडल और ब्रिटिश सिविल सेवा कमीशन की परम्पराओं के अनुसार आयोग का गठन किया।

5. लोक सेवा आयोग के कार्य भारत सरकार अधिनियम, 1919 में निर्धारित नहीं किए गए थे, अपितु इन्हें भारत सरकार अधिनियम, 1919 की धारा 96 (सी) की उपधारा (2) के अंतर्गत गठित लोक सेवा आयोग (कार्य) नियमावली, 1926 के अंतर्गत विनियमित किया गया था। इस नियमावली के अंतर्गत अखिल भारतीय सेवाओं तथा वर्ग 'I' एवं वर्ग 'II' केन्द्रीय सेवाओं हेतु भर्ती से संबंधित मामलों, परीक्षाओं हेतु पाठ्यक्रम निर्धारण संबंधी मामलों और चयन द्वारा भर्ती हेतु योग्यताओं, इन सेवाओं पर पदोन्नति, अनुशासनिक मामलों, वेतन एवं भत्तों से संबंधित मामलों, पेंशन, भविष्य अथवा पारिवारिक पेंशन निधि, अवकाश नियमावली और सेवा शर्तों, जो कि सामान्यतः इन सेवाओं से संबंधित है, के किसी भी विषय पर आयोग का परामर्श लिए जाने का प्रावधान है।

6. भारत में लोक सेवा आयोग के इतिहास में अगला महत्वपूर्ण विकास दिसम्बर, 1931 में श्वेत पत्र जारी होने के साथ हुआ, जिसमें भारतीय संवैधानिक सुधारों के लिए प्रस्ताव शामिल थे। श्वेत पत्र में प्रस्तावित फेडरेशन तथा प्रांतों के लिए लोक सेवा आयोगों का ब्लूप्रिंट भी था। भारतीय संवैधानिक सुधारों पर बनी संयुक्त समिति (1934) की रिपोर्ट इस दिशा में अगला कदम थी।

7. श्वेत पत्र में लोक सेवा आयोगों से संबंधित प्रस्तावों को **भारत सरकार अधिनियम,1935** की धारा 264 से 268 तक में मूर्त रूप दिया गया जैसा कि

संवैधानिक सुधारों पर बनी संयुक्त समिति (1934) की रिपोर्ट में विस्तार से उल्लेख किया गया है। अधिनियम में संघ के लिए एक लोक सेवा आयोग तथा प्रत्येक प्रांत अथवा प्रांतों के समूह के लिए एक प्रांतीय लोक सेवा आयोग की सम्भावना पर विचार किया गया है।

8. भारत सरकार अधिनियम, 1935 की लोक सेवा आयोगों से संबंधित धाराओं को 1 अप्रैल, 1937 से प्रभावी किया गया तथा केन्द्र का तत्कालीन लोक सेवा आयोग, फेडरल लोक सेवा आयोग बन गया।

9. संविधान सभा ने सिविल सेवाओं में निष्पक्ष भर्ती तथा सेवा के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए संघ तथा प्रांतीय स्तरों पर लोक सेवा आयोगों को सुरक्षित तथा स्वायत्त बनाने की आवश्यकता अनुभव की। **स्वतंत्रता के पश्चात्, 26 जनवरी, 1950 को स्वतंत्र भारत के लिए नए संविधान के प्रख्यापन के साथ ही, 'फेडरल लोक सेवा आयोग' को संवैधानिक दर्जा प्रदान किया गया तथा इसे नया नाम दिया गया 'संघ लोक सेवा आयोग'।** संविधान के अनुच्छेद 378 के खंड (1) के कारण फेडरल लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष तथा सदस्य, संघ लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष तथा सदस्य बन गए। 1926 से अध्यक्षों तथा सदस्यों की सूची **परिशिष्ट–37** में दी गई है।

आयोग के कार्य

10. संविधान के अनुच्छेद 320 में आयोग के कार्य निर्धारित किए गए हैं। इन कार्यों में निम्नलिखित शामिल हैं :–

(क) संघ की सेवाओं पर नियुक्ति के लिए परीक्षाओं का आयोजन।

(ख) साक्षात्कार के माध्यम से चयन द्वारा सीधी भर्ती।

(ग) निम्नलिखित मामलों में भी आयोग का परामर्श लिया जाएगा:–

(i) पदोन्नति/प्रतिनियुक्ति/आमेलन पर अधिकारियों की नियुक्ति।

(ii) भारत सरकार और संघ शासित क्षेत्रों के अंतर्गत विभिन्न सेवाओं एवं पदों के लिए भर्ती नियमावली बनाना एवं उनमें संशोधन करना।

(iii) विभिन्न सिविल सेवाओं से संबंधित अनुशासनिक मामले।

(iv) भारत के राष्ट्रपति द्वारा भेजा गया अन्य कोई मामला।

कार्यभार

11. वर्ष 1950–51 से अब तक आयोग का कार्यभार (दशक–वार) **तालिका–1,2,3,4 और 5 में** दर्शाया गया है।

12. **तालिका–1** में विगत वर्षों में प्राप्त आवेदनों, साक्षात्कार लिए गए उम्मीदवारों/मूल्यांकन किए गए सेवा अभिलेखों और अनुशंसित उम्मीदवारों की संख्या दर्शाई गई है।

तालिका –1: परीक्षा/साक्षात्कार द्वारा भर्ती

वर्ष	प्राप्त आवेदनों की संख्या			साक्षात्कार किए गए उम्मीदवार/मूल्यांकन किए गए सेवा अभिलेख			अनुशंसित उम्मी. दवारों की संख्या		कोई भी उपयुक्त नहीं पाया गया (एन.एफ.एस.)	
	परीक्षा	भर्ती	कुल	परीक्षा*	भर्ती	कुल	परीक्षा¥	भर्ती	भर्ती	कुल
1950-51#	24680	18047	42727	3383	6484	9867	2780	883	120	3783
1960-61	34349	36833	71182	4862	9078	13940	3298	1727	249	5274
1970-71	81539	65197	146736	3473	13706	17179	4187	2059	190	6436
1980-81	243374	58748	302122	9256	14090	23346	4093	2591	361	7045
1990-91	615850	72079	687929	13838	16788	30626	4609	2341	655	7605
2000-01	762501	48019	810520	3351	5662	9013	4177	1050	179	5406
2010-11	1893030	106083	1999113	5342	4083	9425	4896	1117	155	6168
2016-17	3471693	742679	4214372	8990	4918	13908	4612	1123	124	5859

ये आंकड़े 26 जनवरी, 1950 से 31 मार्च, 1951 तक के हैं।

* संघ लोक सेवा आयोग द्वारा साक्षात्कार किए गए उम्मीदवार।

¥ संघ लोक सेवा आयोग तथा एसएसबी (एनडीए+सीडीएस) द्वारा चयन किए गए उम्मीदवार।

13. आयोग द्वारा निपटाए गए अनुशासनिक मामलों की संख्या **तालिका–2** में दी गई है और **आरेख–1** में भी दर्शाई गई है।

तालिका–2: अनुशासनिक मामले

वर्ष	वर्ष के दौरान निपटाए गए अनुशासनिक मामलों की संख्या	अनुशासनिक मामलों की संख्या जिनमें परामर्श दिया गया	त्रुटिपूर्ण प्रस्ताव जिन्हें लौटाया गया
1950-51*	53	53	-
1960-61	101	64	37
1970-71	161	102	59
1980-81	381	260	121
1990-91	489	195	294
2000-01	815	566	249
2010-11	826	417	409
2016-17	480	431	49

* ये आंकड़े 26 जनवरी, 1950 से 31 मार्च, 1951 तक के हैं।



14. आयोग में प्राप्त और परामर्श दिए गए भर्ती नियमावली के मामलों की संख्या **तालिका–3** में दी गई है और **आरेख–2 क और आरेख–2 ख** में भी इसे दर्शाया गया है।

तालिका 3: भर्ती नियमावली संबंधी मामले (1950–2016)

वर्ष	भर्ती नियमावली के प्राप्त मामले	भर्ती नियमावली जिनमें परामर्श दिया गया
1950-51	--	--
1960-61	332	299
1970-71	934	907
1980-81	1241	1359
1990-91	1660	1659
2000-01	1209	1233
2010-11	1386	1372
2011-12	1306	1335
टिप्पणी : एकल खिड़की प्रणाली की शुरूआत 01.09.2011 से हुई। इसलिए दो चरणों में विश्लेषण हुआ यथा एकल खिड़की प्रणाली से पहले अर्थात (वित्त वर्ष 2011–12 तक) और एकल खिड़की प्रणाली के पश्चात (वित्त वर्ष 2012–13 से 2016–17 तक)।		
2012-13	696	726
2013-14	642	648
2014-15	604	601
2015-16	11 (अग्रेनीत) +630 = 641	641
2016-17	615	608





15. अखिल भारतीय सेवाओं में सम्मिलित करने के लिए कार्यवाही किए गए अभिलेखों की संख्या **तालिका–4** में दी गई है और **आरेख–3** में भी इसे दर्शाया गया है।

तालिका 4: अखिल भारतीय सेवाओं में सम्मिलित करना

वर्ष	अखिल भारतीय सेवाओं में प्रवेश के लिए जांच किए गए अभिलेखों की संख्या (अनुशंसित अधिकारी)
1950-51	-
1960-61	2054
1970-71	1617
1980-81	2010 (499 अधिकारी)
1990-91	1488 (543 अधिकारी)
2000-01	840 (268 अधिकारी)
2010-11	1105 (418 अधिकारी)
2016-17	953 (335 अधिकारी)



16. पदोन्नति/प्रतिनियुक्ति/आमेलन मामलों के लिए कार्यवाही किए गए अभिलेखों की संख्या **तालिका–5** में दी गई है।

तालिका–5 प्रतिनियुक्ति/आमेलन के मामले

वर्ष	पदोन्नति/प्रतिनियुक्ति/आमेलन के मामलों के लिए जांचे गए अभिलेखों की संख्या (अनुशंसित अधिकारी)
1950-51	-
1960-61	5200
1970-71	12924
1980-81	20711
1990-91	35645 (4100 अधिकारी)
2000-01	32726 (6221 अधिकारी)
2010-11	17574 (3978 अधिकारी)
2016-17	7999 (3958 अधिकारी)

एकल खिड़की प्रणाली

17. आयोग में एकल खिड़की प्रणाली, सर्वप्रथम वर्ष 2011 में शुरू की गई और आयोग के विभिन्न कार्यों के लिए इसका विस्तार चरणबद्ध तरीके से किया गया। इसका प्रयोजन पदोन्नति/प्रतिनियुक्ति मामलों/चयन समिति की बैठकों/अनुशासनिक मामलों/भर्ती नियमावली प्रस्तावों/सीधी भर्ती के मामलों की कार्यवाही में तेजी लाना है। इस व्यवस्था के तहत :–

(i) मंत्रालयों/विभागों/राज्य सरकारों को अपने प्रस्तावों को आयोग में व्यक्तिगत रूप से लाने होते है। आयोग की सम्बद्ध शाखा में अवर सचिव रैंक का पदनामित अधिकारी मंत्रालय/विभाग के प्रतिनिधि (प्रतिनिधियों) से परामर्श करके, उसी समय प्रस्ताव की छान–बीन करता है।

(ii) त्रुटिपूर्ण प्रस्तावों को कमियां दर्शाते हुए, सुधार के लिए वापिस लौटा दिया जाता है। जांच–सूची के अनुसार सभी प्रकार से पूर्ण पाए गए प्रस्तावों को ही स्वीकार किया जाता है और समयबद्ध तरीके से उन पर कार्रवाई की जाती है।

18. **एकल खिड़की प्रणाली के कारण मंत्रालयों/विभागों/राज्य सरकारों द्वारा प्रस्तावों को प्रस्तुत करने में जिन वर्तमान दिशा–निर्देशों का अनुपालन करना होता है,उसमें सुधार आया है।** इससे मामलों पर कार्यवाही करने में लगने वाले समय में कमी आई है। विभिन्न मामलों की कार्यवाही में लगने वाले समय का तुलनात्मक विवरण **तालिका–6** में दिया गया है।

तालिका 6: एकल खिड़की प्रणाली अपनाने के बाद आयोग में प्रस्तावों की कार्रवाई में लगने वाले समय में कमी

वर्ष	सीधी भर्ती	विभागीय पदोन्नति समिति	प्रतिनियुक्ति	अनुशासनिक मामले	भर्ती नियमावली
2007-08	397 दिन	133 दिन	180 दिन	180 दिन	33 दिन
2016-17	203 दिन	38 दिन	66 दिन	81 दिन	17 दिन
समय में प्रभावी कमी –प्रतिशत में	48.87%	71.43%	63.33%	55%	48.48%

अध्याय–3

परीक्षा द्वारा भर्ती

1. आयोग ने वर्ष 2016–2017 के दौरान 14 परीक्षाओं, यथा सिविल सेवाओं/ पदों के लिए 10 तथा रक्षा सेवाओं के लिए 04 परीक्षाओं का आयोजन किया। इन परीक्षाओं का ब्यौरा नीचे दिया गया है:–

सिविल सेवाओं/पदों के लिए

(i) सिविल सेवा (प्रारम्भिक) परीक्षा, 2016 [सि.से. (प्रा)]

(ii) सिविल सेवा (प्रधान) परीक्षा, 2016 [सि.से. (प्र.)]

(iii) भारतीय वन सेवा (प्रधान) परीक्षा, 2016 (भा.व.से.)

(iv) इंजीनियरी सेवा परीक्षा, 2016 (इं.से.प.)

(v) इंजीनियरी सेवा (प्रारम्भिक) परीक्षा, 2017 (इं.से.प.)

(vi) भारतीय आर्थिक सेवा/ भारतीय सांख्यिकी सेवा परीक्षा, 2016 (भा.आ.से./भा.सां.से.)

(vii) सम्मिलित भूवैज्ञानिक एवं भूविज्ञानी परीक्षा, 2016 (भूवि.प.)

(viii) सम्मिलित चिकित्सा सेवा परीक्षा, 2016 (स.चि.से.)

(ix) केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सहायक कमांडेंट) परीक्षा, 2016 (के.स.पु.ब.)

(x) केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सहायक कमांडेंट) (कार्यकारी) सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा, 2017

रक्षा सेवाओं के लिए

(i) राष्ट्रीय रक्षा अकादमी तथा नौसेना अकादमी परीक्षा (I), 2016 (रा.र.अ.एवं नौसे., (I) 2016)

(ii) राष्ट्रीय रक्षा अकादमी तथा नौसेना अकादमी परीक्षा (II), 2016 (रा.र.आ.एवं नौसे. (II), 2016)

(iii) सम्मिलित रक्षा सेवा परीक्षा (II), 2016 (स.र.से.-(II), 2016)

(iv) सम्मिलित रक्षा सेवा परीक्षा (I), 2017 (स.र.से.-(I), 2017)

1.2 वर्ष 2016–17 के दौरान, आयोग द्वारा आयोजित परीक्षाओं के अंतर्गत आने वाली सेवाएं **परिशिष्ट–7** में दी गई हैं।

आवेदन पत्रों की संख्या

2. वर्ष 2016–2017 के दौरान, आयोग ने पिछले वर्ष के दौरान प्राप्त 29,20,392 आवेदन पत्रों की तुलना में 34,71,693 आवेदन पत्र प्राप्त किए। नीचे दी गई **तालिका–1** पिछले तीन वर्षों के दौरान विभिन्न परीक्षाओं में प्राप्त आवेदकों की संख्या दर्शाती है।

तालिका –1

परीक्षा	2014–15	2015–16	2016–17
सिविल			
1. सि.से.(प्रा.)	947428	939763	1128262
2. सि.से.(प्र.)	16706	14927	15382
3. भा.व.से.(प्र.)	773	991	932
4. इं.से.प.	261696	250041	267557
5. इं.से.प.(प्रा)	--	--	325604
6. भा.आ.से./ भा.सां.से.	22918	17868	18839
7. अनु.अधि. सी.वि. प्र.प.	2038	2314	--
8. स.चि.से.	30606	31786	33986
9. भू.वि.प.	23364	22484	23421
10. के.स.पु.बल	215790	238972	270727
11. के.औ.सु.ब, सी.वि. प्र.प.	* 582 * 924	--	803

12. स्पे.क्ला.रे.अप्रें. @	317735	--	--
कुल सिविल	**1840560**	**1519146**	**2085513**
रक्षा			
1. रा.र.अ.एवं नौ.से.अ. (I)	536320	507576	503062
2. रा.र.अ.एवं नौ.से.अ. (II)	390306	413867	423064
3. स.र.से. (II)	244911	243496	276210
4. स.र.से. (I)	255697	236307	183844
कुल रक्षा	**1427234**	**1401246**	**1386180**
कुल योग	**3267794**	**2920392**	**3471693**

-- परीक्षा नहीं हुई

@ स्पेशल क्लास रेलवे अप्रेंटिस परीक्षा, 2015 वर्ष 2014–15 के दौरान आयोजित की गई।

* केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल सीमित विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा, 2014 और केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल सीमित विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा, 2015 भी वर्ष 2014–15 के दौरान आयोजित की गई।



परीक्षा में बैठे उम्मीदवारों की संख्या

3 निम्नलिखित **तालिका–2** पिछले तीन वर्षों के दौरान विभिन्न परीक्षाओं में बैठे उम्मीदवारों की संख्या को दर्शाती है:–

तालिका –2

परीक्षा	2014-15	2015-16	2016-17
सिविल			
1. सि.से. (प्रा.)	446623	463418	459659
2. सि.से. (प्र.)	16286	14626	15149
3. भा.व.से.(प्र.)	543	736	651
4. इं.से.प.	85504	92817	87957
5. इं.से.प.(प्रा)	--	--	154995
6. भा.आ.से. भा.सां.से.	2677	2917	2856
7. अनु.अधि. सी.वि.प्र.प.	1162	1781	--
8. स.चि.से.	14600	15420	16864
9. भू.वि.प.	6881	9076	6725
10. के.स.पु.ब.	85407	98162	96473
11. के.औ.सु.ब., सी.वि.प्र.प.	* 434 * 617	--	553
12. स्पे.क्ला.रे. अप्रें. @	163884	--	--
कुल सिविल	**824618**	**698953**	**841882**
रक्षा			
1. रा.र.अ. (I)	309888	311279	305146
2. रा.र.अ. (II)	259640	283001	286511
3. स.र.से. (II)	111464	113768	127013
4. स.र.से. (I)	118597	120281	93508
कुल रक्षा	**799589**	**828329**	**812178**
कुल योग	**1624207**	**1527282**	**1654060**

-- परीक्षा नहीं हुई

* केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल सीमित विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा, 2014 और केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल सीमित विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा, 2015 भी वर्ष 2014–15 के दौरान आयोजित की गई।

@ स्पेशल क्लास रेलवे अप्रेंटिस परीक्षा, 2015 वर्ष 2014–15 के दौरान आयोजित की गई।



साक्षात्कार किए गए उम्मीदवार

4. आयोग केवल सिविल सेवाओं/ पदों हेतु

साक्षात्कार करता है। रक्षा सेवाओं के मामले में, आयोग द्वारा आयोजित लिखित परीक्षा में अर्हता प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों का साक्षात्कार, शारीरिक परीक्षण आदि रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत सेवा चयन बोर्ड आयोजित करते हैं। आयोग ने वर्ष 2016–17 के दौरान, सिविल सेवाओं/ पदों के लिए वर्ष 2015–16 तथा 2016–17 के दौरान आयोजित निम्नलिखित परीक्षाओं के परिणामों के आधार पर साक्षात्कार/ व्यक्तित्व परीक्षण आयोजित किए:–

(i) सिविल सेवा (प्रधान) परीक्षा, 2015

(ii) इंजीनियरी सेवा परीक्षा, 2016

(iii) केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सहायक कमांडेंट) परीक्षा, 2016

(iv) भारतीय आर्थिक सेवा/ भारतीय सांख्यिकी सेवा परीक्षा, 2016

(v) सम्मिलित भू–वैज्ञानिक एवं भू–विज्ञानी परीक्षा, 2016

(vi) सम्मिलित चिकित्सा सेवा परीक्षा, 2016

(vii) भारतीय वन सेवा (प्रधान) परीक्षा, 2016

5. कुल मिलाकर, वर्ष 2016–17 के दौरान आयोग ने विभिन्न सिविल सेवाओं/पदों के लिए 8,990 उम्मीदवारों का साक्षात्कार किया। रक्षा सेवा परीक्षाओं के संबंध में साक्षात्कार, शारीरिक परीक्षण आदि रक्षा मंत्रालय के सेवा चयन बोर्ड द्वारा लिए गए। विभिन्न सिविल सेवाओं/ पदों के लिए आयोग द्वारा साक्षात्कार किए गए उम्मीदवारों की परीक्षा–वार संख्या नीचे **तालिका–3** में दी गई है:

तालिका –3

क्रम संख्या	परीक्षा	वर्ष 2015–2016 के दौरान साक्षात्कार किए गए उम्मीदवारों की संख्या
	सिविल सेवाओं/पदों हेतु	
1.	सि.से.(प्र.), 2015	2792
2.	इंजीनियरी सेवा परीक्षा, 2016	1692
3.	के.स.पु.ब./(सहा. कमा.), 2016	431
4.	भाआसे/भासांसे, 2016	74
5.	भू.वि.प., 2016	415
6.	स.चि.से., 2016	3288
7.	भा.व.से.(प्र.), 2016	298
	योग	**8990**

अनुशंसित उम्मीदवार

6. आयोग ने वर्ष 2016–17 के दौरान, सिविल सेवाओं/ पदों और रक्षा सेवाओं/ पदों पर नियुक्ति हेतु 4,612 उम्मीदवारों की अनुशंसा की। रक्षा सेवाओं के लिए, नियुक्ति हेतु अनुशंसाएं संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित लिखित परीक्षाओं तथा रक्षा मंत्रालय के सेवा चयन बोर्ड द्वारा आयोजित साक्षात्कारों एवं शारीरिक परीक्षणों पर आधारित थीं। उपर्युक्त में से, सिविल सेवाओं/ पदों के लिए आरक्षित सूची से भी 167 उम्मीदवारों की नियुक्ति के लिए अनुशंसा की गई। अनुशंसित उम्मीदवारों की परीक्षा–वार संख्या **तालिका–4** में दी गई है:–

तालिका –4

क्रम संख्या	परीक्षा	वर्ष 2015–16 के दौरान अनुशंसित उम्मीदवारों की संख्या
क) सिविल सेवाओं/पदों हेतु		
1.	सि.से.(प्र.), 2015	1078
2.	भा.व.से. (प्र.), 2016	110
3.	इं.से.प., 2016	604
4.	के.स.पु.ब. (सहा.कमा.) 2016	189
5.	भा.आ.से./भा.सां.से., 2016	24
6.	भू.वि.परीक्षा 2016	178
7.	स.चि.से., 2016	894
कुल		**3077**
(ख) रक्षा सेवाओं/पदों के लिए		
1.	रा.र.अ (।।), 2015	423
2.	सं.र.से.(।।), 2015	290
3.	सं.र.से.(।), 2016	209
4.	रा.र.अ. (।), 2016	446
कुल		**1368**
(ग)	**आरक्षित सूची के माध्यम से अनुशंसित उम्मीदवार**	**167**
(क), (ख) और (ग) का सकल योग		**4612**

पद आवेदक अनुपात

7. किसी एक परीक्षा के आवेदन पत्रों की संख्या को उस परीक्षा द्वारा भरे जाने वाले पदों की संख्या से भाग देने पर पद आवेदक अनुपात (ए पी आर) प्राप्त होता है। पद आवेदक अनुपात से प्रत्येक परीक्षा के माध्यम से सिविल सेवाओं/ पदों के लिए इच्छुक उम्मीदवारों का सूचकांक प्राप्त होता है। पद आवेदक अनुपात की गणना के अनुसार, सिविल सेवा परीक्षा, 2015 के माध्यम से भरे गए प्रत्येक पद के लिए 969.29 उम्मीदवारों ने आवेदन किया था। के.स.पु.ब. (सहा.कमा.), 2016 में प्रत्येक पद के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों की संख्या 1283 थी जिसका अनुपात सभी परीक्षाओं में सर्वाधिक था। विवरण **तालिका–5** में दिया गया है।

पद अनुशंसा अनुपात

8. अंतिम रूप से अनुशंसित उम्मीदवारों की संख्या को पदों की संख्या से भाग देने पर पद अनुशंसा अनुपात (आर.पी.आर.) प्राप्त होता है। विभिन्न परीक्षाओं के लिए पद अनुशंसा अनुपात **तालिका–5** में दिया गया है। सिविल पदों संबंधी विवरण **परिशिष्ट–4** और रक्षा पदों संबंधी विवरण **परिशिष्ट–5** में दिया गया है।

तालिका –5

परीक्षा का नाम	पदों की संख्या	आवेदकों की संख्या	अनुशंसित उम्मीदवारों की संख्या	पद आवेदक अनुपात	पद अनुशंसा अनुपात
सिविल सेवा (प्रधान) परीक्षा, 2015	1164	1128262*	1164	969.29	1
भारतीय वन सेवा (प्रधान) परीक्षा, 2016	110	252230**	110	2293	1
इंजीनियरी सेवा परीक्षा, 2016	676	250041	604	369.88	0.89
केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सहा. कमा.) परीक्षा, 2016	211	270727	189	1283.07	0.89
भारतीय आर्थिक सेवा / भारतीय सांख्यिकी सेवा परीक्षा, 2016	27	18839	24	697.74	0.89
भूविज्ञानी परीक्षा, 2016	182	23421	178	128.69	0.98
सम्मिलित चिकित्सा सेवा परीक्षा, 2016	1025	33986	894	33.15	0.87
कुल	**3395**	**1977506**	**3163**	**582.46**	**0.93**

* सि.से. (प्रा.) परीक्षा, 2015 में आवेदकों की संख्या

** सि.से. (प्रा.) परीक्षा, 2016 में भारतीय वन सेवा (प्रा.) परीक्षा, 2015 के आवेदकों की संख्या

सिविल सेवा परीक्षा, 2015

(i) मुख्य विशेषताएं

9. सिविल सेवा परीक्षा, 2015 की अधिसूचना 23 मई, 2015 को जारी की गई। अधिसूचना के प्रत्युत्तर में, उपर्युक्त परीक्षा के लिए कुल 9,39,763 उम्मीदवारों ने आवेदन किया, जिसमें से 4,63,418 उम्मीदवार उक्त परीक्षा में बैठे। सिविल सेवा (प्रधान) परीक्षा, 2015 की लिखित परीक्षा 18 दिसम्बर, 2015 से आयोजित की गई जिसमें 14,626 उम्मीदवार बैठे। व्यक्तित्व परीक्षण/ साक्षात्कार 8 मार्च, 2016 से 06 मई, 2016 तक आयोजित किए गए।

(ii) अनुशंसाएं

10. सिविल सेवा (प्रधान) परीक्षा, 2015 का अंतिम परिणाम 10 मई, 2016 को घोषित किया गया। आयोग ने कुल 1164 उम्मीदवारों की नियुक्ति हेतु अनुशंसा की, जिनमें अ.जा. के 176, अ.ज.जा. के 89, अ.पि.व. के 331 तथा शारीरिक रूप से निःशक्त 46 उम्मीदवार शामिल थे।

(iii) महिला उम्मीदवार

11. वर्ष 2016–17 में कुल 229 महिला उम्मीदवारों की नियुक्ति हेतु अनुशंसा की गई।

iv) शारीरिक रूप से निःशक्त उम्मीदवार

12. सिविल सेवा (प्रधान) परीक्षा, 2015 के आधार पर नियुक्ति हेतु शारीरिक रूप से निःशक्त 46 उम्मीदवारों की अनुशंसा की गई।

(v) साक्षात्कार

13. सिविल सेवा परीक्षा, 2015 के उम्मीदवारों के साक्षात्कार के लिए 08 मार्च, 2016 से 06 मई, 2016 तक व्यक्तित्व परीक्षण बोर्ड गठित किए गए थे। आठ व्यक्तित्व परीक्षण बोर्ड का गठन 3 दिन के लिए; सात व्यक्तित्व परीक्षण बोर्ड का गठन 19 दिन के लिए; 6 व्यक्तित्व परीक्षण बोर्ड का गठन 12 दिन के लिए तथा 5 व्यक्तित्व परीक्षण बोर्ड का गठन 2 दिन के लिए किया गया। उम्मीदवारों को व्यक्तित्व परीक्षण के लिए माध्यम के रूप में अंग्रेजी अथवा हिंदी अथवा आठवीं अनुसूची में शामिल भारतीय भाषाओं में से उनके द्वारा सिविल सेवा (प्रधान परीक्षा) में अनिवार्य भारतीय भाषा के पेपर के लिए चयनित भाषा का विकल्प प्रदान किया गया था। व्यक्तित्व परीक्षण के लिए अर्हक कुल 2797 उम्मीदवारों में से 2792 उम्मीदवार व्यक्तित्व परीक्षण के लिए उपस्थित हुए (05 उम्मीदवार व्यक्तित्व परीक्षण के लिए उपस्थित नहीं हुए)। 2368 उम्मीदवारों ने अंग्रेजी, जबकि 429 उम्मीदवारों ने किसी एक भारतीय भाषा को साक्षात्कार के माध्यम के रूप में चुना। इस संबंध में विवरण **तालिका–6** में दिया गया है।

तालिका –6

व्यक्तित्व परीक्षण का माध्यम

भारतीय भाषाओं के नाम	उम्मीदवारों की संख्या
बंगाली	2
गुजराती	22
हिंदी	321
कन्नड़	1
मलयालम	3
मराठी	44
पंजाबी	7
तमिल	15
तेलुगु	13
उर्दू	1
कुल	**429**

(vi) प्रधान परीक्षा में भारतीय भाषा

14. वर्ष 2015 की परीक्षा के लिए किसी भारतीय भाषा के साहित्य को एक वैकल्पिक विषय के रूप में चुनने वाले उम्मीदवारों की संख्या 1300 थी। अन्य पेपरों के उत्तर देने के लिए माध्यम के रूप में भारतीय भाषा को चुनने वाले उम्मीदवारों की संख्या का विवरण परिशिष्ट–8 में दिया गया है।

इंजीनियरी सेवा परीक्षा, 2016

15. इंजीनियरी सेवा परीक्षा, 2016 की अधिसूचना 27 फरवरी, 2016 को जारी की गई। इस अधिसूचना के प्रत्युत्तर में, कुल 2,67,557 उम्मीदवारों ने परीक्षा के लिए आवेदन किया। लिखित परीक्षा 27 मई, 2016 से 29 मई, 2016 तक आयोजित की गई जिसमें कुल 87,957 उम्मीदवार उपस्थित हुए थे। लिखित परीक्षा का परिणाम 03 अगस्त, 2016 को घोषित हुआ। लिखित परीक्षा में बैठे कुल 87,957 उम्मीदवारों की तुलना में व्यक्तित्व परीक्षण के लिए कुल 1,721 उम्मीदवारों ने अर्हता प्राप्त की, जिसमें विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत सामान्य श्रेणी के 782, अ.पि.व. के 614, अ.जा. के 221 एवं अ.ज.जा. के 104 उम्मीदवार शामिल थे। इस संख्या में शारीरिक रूप से निःशक्त 106 उम्मीदवार भी शामिल हैं। लिखित परीक्षा में अर्हक उम्मीदवारों के साक्षात्कार के लिए 05 सितंबर, 2016 से 11 नवम्बर, 2016 तक व्यक्तित्व परीक्षण बोर्ड गठित किए गए। गठित किए गए व्यक्तित्व परीक्षण बोर्ड की अधिकतम संख्या 4 तथा न्यूनतम संख्या 2 थी। अंतिम परिणाम 29 नवंबर, 2016 को घोषित किया गया। **कुल 604 उम्मीदवारों की अनुशंसा की गई जिसमें सामान्य श्रेणी के 288, अ.पि.व. के 177, अ.जा. के 93 और अ.ज.जा. के 46 उम्मीदवार शामिल थे। इस संख्या में शारीरिक रूप से निःशक्त 38 उम्मीदवार भी शामिल थे।**

इंजीनियरी सेवा परीक्षा, 2017

15.1 इंजीनियरी सेवा परीक्षा, 2017 की अधिसूचना 28 सितंबर, 2016 को जारी की गई। इस अधिसूचना के प्रत्युत्तर में, कुल 3,25,604 उम्मीदवारों ने परीक्षा के लिए आवेदन किया। इंजीनियरी सेवा (प्रारंभिक)/ चरण–I के लिए लिखित परीक्षा दिनांक 8 जनवरी 2017 को आयोजित की गई जिसमें 1,54,995 उम्मीदवार बैठे। परीक्षा के

प्रथम चरण के परिणाम की घोषणा 23 फरवरी 2017 को की गई। द्वितीय चरण/इंजीनियरी सेवा (प्रधान) परीक्षा, 2017 के लिए कुल 3,769 उम्मीदवारों ने अर्हता प्राप्त की जिसमें **सामान्य श्रेणी के 1458, अ.पि.व. के 1333, अ.जा. के 654 और अ.ज.जा. के 324 उम्मीदवार** शामिल थे।

वर्ष 2016–17 के दौरान कार्यान्वित किए गए परिवर्तन

i) इंजीनियरी सेवा परीक्षा

क. वर्ष 2017 से इंजीनियरी सेवा परीक्षा की योजना में परिवर्तन किया गया है। इस परीक्षा में पहले जहां दो चरण होते थे, इसे अब तीन चरणों में विभाजित कर दिया गया है जिसमें प्रारंभिक परीक्षा/ प्रथम चरण, प्रधान परीक्षा/ द्वितीय चरण तथा तृतीय चरण (व्यक्तित्व परीक्षण) शामिल हैं। अनुशंसा के लिए परीक्षा के सभी तीनों चरणों में उम्मीदवार के प्रदर्शन के आधार पर योग्यता सूची तैयार की जाएगी।

ख. इंजीनियरी की चारों शाखाओं अर्थात सिविल इंजीनियरी, यांत्रिक इंजीनियरी, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरी तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं दूरसंचार इंजीनियरी के पाठ्यक्रमों को भी संशोधित किया गया है और इसे वर्ष 2017 से प्रारंभ की गई नई योजना के साथ लागू किया गया है।

ii) भारतीय सांख्यिकी सेवा परीक्षाः

(ए) भारतीय सांख्यिकी सेवा परीक्षा, 2016 के लिए भारतीय सांख्यिकी सेवा परीक्षा हेतु एक नए पैटर्न को लागू किया गया जो इस प्रकार हैः

क्र. सं.	विषय	अधिकतम अंक	अनुमत समय
1.	सामान्य अंग्रेजी	100	3
2.	सामान्य अध्ययन	100	3
3.	सांख्यिकी–I (वस्तुनिष्ठ)	200	2
4.	सांख्यिकी–II (वस्तुनिष्ठ)	200	2
5.	सांख्यिकी–III (विवरणात्मक)	200	3
6.	सांख्यिकी–IV (विवरणात्मक)	200	3

- सांख्यिकी–I व II पेपर में वस्तुनिष्ठ प्रश्न (80 प्रश्न जिनके लिए प्रत्येक पेपर में अधिकतम अंक 200) हैं जिन्हें 120 मिनट में हल करना होता है।
- सांख्यिकी– III व IV पेपर विवरणात्मक शैली का होता है जिसमें संक्षिप्त उत्तर/ छोटी समस्या आधारित प्रश्न (50%) तथा विस्तृत उत्तर वाले प्रश्न एवं कांप्रीहेंशन आधारित प्रश्न (50%) होते हैं। प्रत्येक खंड से एक विस्तृत उत्तर वाले प्रश्न तथा एक संक्षिप्त उत्तर वाले प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

(ख) भारतीय सांख्यिकी सेवा परीक्षण के पाठ्यक्रम को भी वर्ष 2016 से तदनुसार संशोधित करते हुए परीक्षा के संशोधित पैटर्न के समरूप बनाया गया है।

अध्याय–4

चयन द्वारा सीधी भर्ती

1 संविधान के अनुच्छेद 320 और अनुच्छेद 321 के अन्तर्गत संघ लोक सेवा आयोग को केन्द्र सरकार, संघ शासित क्षेत्रों, सांविधिक संगठनों, स्थानीय निकायों और लोक संस्थाओं में सभी ग्रुप 'क' पदों और राजपत्रित ग्रुप 'ख' पदों के लिए चयन द्वारा सीधी भर्ती करने के उत्तरदायित्व का अधिदेश प्राप्त है ।

प्राप्त अधियाचनाओं की संख्या

2. आयोग को विभिन्न मंत्रालयों/विभागों से पिछले वर्ष के दौरान प्राप्त 2,577 पदों के लिए 314 अधियाचनाओं की तुलना में, **वर्ष 2016–17 के दौरान 1,808 पदों के लिए 264 अधियाचनाएं प्राप्त हुईं ।** आयोग ने 2015–16 के दौरान 3,952 पदों के लिए 502 अधियाचनाओं की तुलना में, वर्ष 2016–17 के दौरान 3,352 पदों के लिए कुल मिलाकर 440 अधियाचनाओं (बैकलॉग सहित) पर कार्यवाही की। इन 440 अधियाचनाओं में से, 147 पदों के लिए 24 अधियाचनाओं को संबंधित मंत्रालयों/विभागों को प्रस्तावों में विसंगतियों के कारण वापस भेज दिया गया। आयोग द्वारा संबंधित मंत्रालयों/विभागों को वापस किए गए प्रस्तावों को समाप्त हुआ माना गया। पिछले दो वर्षों के दौरान प्राप्त अधियाचनाओं और इससे सम्बद्ध पदों का चित्रण **आरेख–1** में दर्शाया गया है।

आरेख 1 : प्राप्त अधियाचनाओं की संख्या और संबंधित पद



3. आरेख 1 इंगित करता है कि पिछले वर्ष 2015–16 की तुलना में वर्ष 2016–17 के दौरान संबंधित मंत्रालयों/विभागों से आयोग को प्राप्त नई अधियाचनाओं और पदों की संख्या में कुछ कमी आई है।

प्राप्त हुए आवेदन, साक्षात्कार किए गए तथा अनुशंसित उम्मीदवारों की संख्या का सांख्यिकीय सार

4. वर्ष 2016–17 के दौरान, आयोग ने 1,661 पदों के लिए 240 अधियाचनाओं के संबंध में आवेदन आमंत्रित करने हेतु 26 विज्ञापन जारी किए। वर्ष 2016–17 के दौरान विज्ञापित पदों की मंत्रालयवार संख्या **परिशिष्ट–12** में दी गई है। न्यायालय के आदेशों, अधियाचनाओं को वापस ले लेने आदि जैसे विभिन्न कारणों से, विज्ञापन प्रकाशित होने के बाद 35 पदों के लिए 12 अधियाचनाओं संबंधी भर्ती प्रक्रिया रद्द कर दी गई जबकि 01 अधियाचना में आशोधन किया गया।

वर्ष 2016–17 के दौरान आयोग को कुल 7,42,679 ऑन लाइन आवेदन प्राप्त हुए। वर्ष के दौरान कुल 4,55,255 आवेदनों को अंतिम रूप दिया गया, जिसमें पिछले वर्ष प्राप्त आवेदन भी शामिल हैं। लघु सूची बनाने के बाद, आयोग द्वारा 6,397 उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाया गया, जिसमें से 4,918 उम्मीदवार साक्षात्कार के लिए आए । वर्ष 2016–17 के दौरान, आयोग द्वारा 1,247 पदों हेतु कुल 200 अधियाचनाओं को अंतिम रूप देते हुए विभिन्न पदों के लिए 1,123 उम्मीदवारों को भर्ती हेतु अनुशंसित किया गया । इसे **आरेख–2** में दर्शाया गया है ।

आरेख 2 : प्राप्त हुए आवेदन पत्रों, साक्षात्कार किए गए तथा अनुशंसित उम्मीदवारों की संख्या



तालिका–1: वर्ष 2016–17 के दौरान अंतिम रूप दिए गए पदों और अनुशंसित उम्मीदवारों की विस्तृत विषय–वार संख्या

विस्तृत विषय	पदों की संख्या	आवेदकों की संख्या	अनुशंसित उम्मीदवार	पद आवेदक अनुपात	पद अनुशंसा अनुपात
इंजीनियरी	189	30131	178	159	0.94
वैज्ञानिक एवं तकनीकी (इंजीनियरी को छोड़कर)	407	29530	390	73	0.96
गैर–तकनीकी	374	386194	349	1033	0.93
चिकित्सा	277	9400	206	34	0.74
कुल	**1247**	**455255**	**1123**	**365**	**0.90**

टिप्पणी : 1. पद आवेदक अनुपात = आवेदकों की संख्या को पदों की संख्या द्वारा विभाजित करके

2. पद अनुशंसा अनुपात = अनुशंसित उम्मीदवारों की संख्या को पदों की संख्या द्वारा विभाजित करके।

5. वर्ष 2016–17 के दौरान, इंजीनियरी, वैज्ञानिक तथा तकनीकी (इंजीनियरी को छोड़कर), गैर–तकनीकी तथा चिकित्सा के चार विस्तृत विषयों के अन्तर्गत उन पदों की संख्या, जिनके संबंध में भर्ती प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया गया, अनुशंसित उम्मीदवारों की संख्या, पद आवेदक अनुपात तथा पद अनुशंसा अनुपात का विवरण **तालिका–1** में दिया गया है ।

6. उपर्युक्त चार विस्तृत विषयों में विषय/ विशेषज्ञता–वार तथा समुदाय–वार जिनके संबंध में भर्ती प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया गया पदों की संख्या तथा वर्ष 2016–17 के दौरान आयोग द्वारा नियुक्ति के लिए अनुशंसित उम्मीदवारों की संख्या क्रमशः **परिशिष्ट–13, परिशिष्ट–14, परिशिष्ट–15 तथा परिशिष्ट–16** में दर्शाई गई है। पिछले वर्ष के संगत आंकड़ों की तुलना में वर्ष 2016–17 में भिन्नता की प्रतिशतता दर्शाने वाला विवरण (विषय–वार) **परिशिष्ट–2** में दिया गया है।

कम्प्यूटर आधारित भर्ती परीक्षण/ भर्ती परीक्षण (सीबीआरटी/आरटी)

7. भर्ती परीक्षण उन मामलों में आयोजित किए जाते हैं जहां बहुत अधिक संख्या में आवेदन प्राप्त होते हैं। कम्प्यूटर आधारित भर्ती परीक्षण (सीबीआरटी/आरटी) पद्धति का उद्देश्य उचित संख्या तक उम्मीदवारों की एक चयनित सूची तैयार करना है। कम्प्यूटर आधारित भर्ती परीक्षण/ भर्ती परीक्षण में उम्मीदवारों के प्रदर्शन को प्रत्येक मामले के आधार पर समुचित महत्व (वेटेज) दिया जाता है। अंतिम चयन के लिए भर्ती परीक्षण के बाद साक्षात्कार होता है।

8. **वर्ष 2016–17 के दौरान, 706 पदों के लिए भर्ती के 24 मामलों में कम्प्यूटर आधारित भर्ती परीक्षण आयोजित किए गए** (जिसमें प्रवर्तन अधिकारी/ लेखाधिकारी, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के पद के लिए एक सीबीआरटी इतर मामला तथा गृह मंत्रालय के अंतर्गत केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान में सहायक निदेशक (हिंदी टंकण एवं हिंदी आशुलिपि) के पद हेतु एक दक्षता परीक्षण का मामला शामिल है) । इन मामलों का विवरण **परिशिष्ट–17** में दिया गया है।

भर्ती प्रक्रिया के पूरा होने में लगने वाला औसत समय

9. वर्ष 2016–17 के दौरान, भर्ती के सामान्य मामलों को अंतिम रूप देने में लगने वाला औसत समय, सभी प्रकार से पूर्ण अधियाचना प्राप्ति की तारीख से लेकर अनुशंसा की तारीख तक लगभग 203 दिन था ।

पद आवेदक अनुपात (ए पी आर)

10. पद आवेदक अनुपात (ए पी आर) एक पद के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों की संख्या का औसत सूचक है। चयन द्वारा सीधी भर्ती के मामलों में, जिन्हें वर्ष 2016–17 में अंतिम रूप दिया गया, प्रति पद औसतन 365 आवेदक थे । आरेख– 3 से यह पता चलता है कि पिछले वर्ष की तुलना में वैज्ञानिक और तकनीकी विषय (इंजीनियरी को छोड़कर) को छोड़कर सभी विषयों के संबंध में प्रति पद आवेदकों की संख्या में वृद्धि हुई है ।





पद अनुशंसा अनुपात (आर.पी.आर.)

11. पद अनुशंसा अनुपात (आर.पी.आर.) का एक से कम होना उस पद के लिए योग्य उम्मीदवारों की अनुपलब्धता/कम उपलब्धता को दर्शाता है । **आरेख–4** यह दर्शाता है कि पिछले वर्ष की तुलना में 2016–17 में गैर–तकनीकी तथा चिकित्सा विषयों के पदों के संबंध में पद अनुशंसा अनुपात कम है ।

कोई योग्य नहीं पाया गया

12. वर्ष के दौरान, 124 पदों को भरने के लिए योग्य उम्मीदवार नहीं पाए जाने के कारण भर्ती प्रक्रिया विफल रही । इन पदों में से अधिकांश पदों के लिए विशेषीकृत चिकित्सा या वैज्ञानिक योग्यताएं अपेक्षित थीं ।

विपुल मात्रा में भर्ती संबंधी मामले

12. ऐसे मामले, जहां 500 से अधिक आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, को विपुल भर्ती का मामला माना जाता है । वर्ष 2016–17 के दौरान 771 पदों के लिए 43 ऐसे मामलों को अंतिम रूप दिया गया, जिनके लिए 4,38,573 आवेदन पत्र प्राप्त हुए थे। ऐसे मामलों का विवरण **परिशिष्ट–18** में दिया गया है।

सांविधिक निकायों / स्थानीय प्राधिकरणों के लिए भर्ती

14. वर्ष 2016–17 के दौरान, सांविधिक निकायों/ स्थानीय प्राधिकरणों के लिए भी आयोग द्वारा भर्ती की गई। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन में सहायक भविष्य निधि आयुक्त के पद के लिए 170 उम्मीदवारों की अनुशंसा की गई।

आयोग की दक्षता और कार्यप्रणाली में सुधार के लिए किए गए परिवर्तन

आयोग की नई वेबसाइट

15. आयोग की नई वेबसाइट में, भर्ती शाखा से संबंधित जानकारी की सामग्री को उपयोगकर्ता के लिए और अधिक अनुकूल बनाया गया।

16. आयोग की परीक्षाओं और भर्ती के व्यापक प्रचार के लिए आयोग की रिक्तियों के विज्ञापनों को श्रम और रोजगार मंत्रालय के राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल पर रखा गया।

तकनीकी प्रेरण

17. भर्ती शाखा द्वारा विज्ञापित विभिन्न भर्ती मामलों के लिए आवेदन ऑनलाइन प्राप्त करने के अतिरिक्त, समय सीमा को और भी कम करने के लिए आयोग द्वारा विभिन्न तकनीकी पहल की गई। साक्षात्कार के लिए चुने गए उम्मीदवारों को सम्मन–लेटर ई–मेल के माध्यम से भेजा गया। उच्च उम्मीदवार भर्ती मामलों के लिए साक्षात्कार हेतु उम्मीदवारों की चयन–सूची तैयार करने के लिए कम्प्यूटर आधारित भर्ती परीक्षण (सीबीआरटी) आयोजित किए गए। सीबीआरटी के लिए ई–प्रवेश पत्र उम्मीदवार द्वारा आयोग की वेबसाइट से डाउनलोड किए जा सकते हैं।

18. इंटरव्यू बोर्ड की रिपोर्ट तैयार करने के लिए सॉफ्टवेयर को विकसित किया गया है।

19. प्रवर्तन अधिकारी/ लेखा अधिकारी, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन में भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करने के लिए ऑनलाइन भर्ती आवेदन का एक छोटा संस्करण विकसित किया गया था। इस सॉफ्टवेयर के माध्यम से, कुल 5,54,018 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए।

अध्याय–5

अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़े वर्गों तथा शारीरिक रूप से निःशक्त उम्मीदवारों का प्रतिनिधित्व

1. अनु.जाति (एससी), अनु.जनजाति (एस टी) और अन्य पिछड़े वर्ग (ओ बी सी) से संबंधित उम्मीदवारों की अनुशंसा आयोग द्वारा विभिन्न परीक्षाओं के नियमों के अनुसार रियायती मानकों पर की जाती है।

2. वर्ष 2016–17 के दौरान, आयोग द्वारा आयोजित परीक्षाओं में उनके लिए आरक्षित रिक्तियों के लिए कुल 1729 उम्मीदवारों की अनुशंसा की गई। वर्ष 2016–17 के दौरान आयोजित/पूर्ण हुई परीक्षाओं के लिए इन श्रेणियों से संबंधित उम्मीदवारों का ब्यौरा **परिशिष्ट–26** में दिया गया है। वर्ष 2015–16 और वर्ष 2016–17 का तुलनात्मक विवरण **तालिका–1 और तालिका–2** में दिया गया है।

3. आयोग द्वारा आयोजित परीक्षाओं में वर्ष 2016–17 के दौरान आवेदन करने वाले/परीक्षाओं में बैठने वाले और साक्षात्कार किए गए (जिनके सेवा अभिलेखों का मूल्यांकन किया गया) तथा अनुशंसा किए गए अनु.जाति/अनु.ज.जा./अ.पि.व. के उम्मीदवारों का ब्यौरा परिशिष्ट–4 और परिशिष्ट–5 पर उपलब्ध है। उपर्युक्त के अलावा, आरक्षित सूची के लिए वर्ष 2016–17 के दौरान अनु. जाति के 01, अनु.जनजाति के 01 और अन्य पिछड़े वर्ग के 62 उम्मीदवारों की अनुशंसा की गई। विस्तृत विवरण **परिशिष्ट–6** पर दिया गया है।

तालिका–1

विवरण	2015-16				2016-17			
	आरक्षित पद	आरक्षित पदों के लिए अनुशंसित	कमी	अनारक्षित पदों के लिए अनुशंसित	आरक्षित पद	आरक्षित पदों के लिए अनुशंसित	कमी	अनारक्षित पदों के लिए अनुशंसित
परीक्षा द्वारा भर्ती	2294	1977	317	47	1741	1729*	#12	12
प्रतिशतता		86.18%				99.31%		

* इसमें आरक्षित सूची नियम वाली परीक्षाओं के संबंध में अनारक्षित पदों के लिए अनुशंसित 213 उम्मीदवार शामिल हैं। अंतिम स्थिति के बारे में इन परीक्षाओं के लिए प्रत्येक में आरक्षित सूची नियम को लागू करने पर सेवा के आबंटन के बाद जानकारी मिलेगी।

विस्तृत विवरण तालिका–2 में दिया गया है।

तालिका–2

परीक्षा	अनु. जाति	अनु. ज. जाति	अ.पि.व.
1. भा.व.से. 2016	01	-	08
2. भा.आ.से./भा.सां.से. 2016	--	03	--
कुल	**01**	**03**	**08**









चयन द्वारा सीधी भर्ती

4. अ.जा., अ.ज.जा. तथा अ.पि.व श्रेणियों के लिए आरक्षित पदों की संख्या तथा वर्ष 2016–17 के दौरान इन पदों के लिए अनुशंसित उम्मीदवारों का विवरण **तालिका–3** में दिया गया है।

5. 609 आरक्षित पदों (168 अ.जा., 89 अ.ज.जा. तथा 352 अ.पि.व.) में से वर्ष 2016–17 के दौरान आयोग द्वारा कुल 528 उम्मीदवारों (149 अ.जा., 75 अ.ज.जा. तथा 304 अ.पि.व) की अनुशंसा की गई।

6. इसके अतिरिक्त, कुल 94 उम्मीदवारों (19 अ.जा., 04 अ.ज.जा. तथा 71 अ.पि.व. उम्मीदवारों) की अनुशंसा अनारक्षित पदों के लिए की गई। विवरण परिशिष्ट–28 में दिया गया है।

7. वर्ष 2016–17 तथा 2015–16 के दौरान अ.जा., अ.ज.जा. तथा अ.पि.व श्रेणियों के लिए आरक्षित पदों और अनुशंसित उम्मीदवारों का तुलनात्मक विवरण **तालिका–4** में दिया गया है।

तालिका–3 : वर्ष 2016–17 के दौरान अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणियों के लिए आरक्षित पदों हेतु भर्ती को दिया गया अंतिम रूप

विवरण	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति	अन्य पिछड़ा वर्ग	कुल
1. आरक्षित पद	168	89	352	609
2. आरक्षित रिक्तियों के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवार	77,455	18,311	1,47,979	2,43,745
3. साक्षात्कार के लिए बुलाए गए उम्मीदवार	872	400	2,053	3,325
4. साक्षात्कार में उपस्थित हुए उम्मीदवार	642	279	1,396	2,317
5. अनुशंसित उम्मीदवार	149	75	304	528
6. कमी	19	14	48	81
उपर्युक्त मद 6 में से, (i) वे पद जिनके लिए किसी अ.जा., अ.ज.जा. और अ.पि.व. उम्मीदवार ने आवेदन नहीं किया **(परिशिष्ट–27 में विवरण)**	11	6	2	19
(ii) वे पद जिनके लिए कोई अ.जा., अ.ज.जा. और अ.पि.व. उम्मीदवार उपयुक्त नहीं पाया गया	8	8	46	62

तालिका–4 : अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणियों के लिए आरक्षित पदों तथा चयन द्वारा सीधी भर्ती के लिए अनुशंसित उम्मीदवारों की संख्या

2015-16					2016-17				
आरक्षित पद	आरक्षित पदों के लिए अनुशंसित अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व. उम्मीदवार	कमी	अनारक्षित पदों पर अनुशंसित अ.जा./ अ.ज.जा./ अ.पि.व. उम्मीदवार	अ.जा./ अ.ज.जा./ अ.पि.व. के कुल अनुशंसित उम्मीदवार	आरक्षित पद	आरक्षित पदों के लिए अनुशंसित अ.जा./ अ.ज.जा./ अ.पि.व. उम्मीदवार	कमी	अनारक्षित पदों पर अनुशंसित अ.जा./ अ.ज.जा./ अ.पि.व. उम्मीदवार	अ.जा./ अ.ज.जा./ अ.पि.व. के कुल अनुशंसित उम्मीदवार
603	530 (87.9%)	73 (12.1%)	114	644 (106.8%)	609	528 (86.7%)	81 (13.3%)	94	622 (102.1%)

अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़े वर्ग के उम्मीदवारों तथा शारीरिक रूप से निःशक्त व्यक्तियों के लिए सेवाकालीन प्रशिक्षण

8. आयोग ने मानदंडों में शिथिलता के आधार पर नियुक्ति हेतु चुने गए अनुसूचित जाति के 39, अनुसूचित जनजाति के 27, अन्य पिछड़े वर्गों के 44 उम्मीदवारों तथा शारीरिक रूप से निःशक्त 06 उम्मीदवारों (जिसमें 01 अ.जा., 02 अ.पि.व. और 03 सामान्य उम्मीदवार शामिल हैं) को सामान्य उम्मीदवारों के स्तर तक लाने के लिए उनके सेवाकालीन प्रशिक्षण की अनुशंसा की। पद पर उनकी नियुक्ति के पश्चात, अनुशंसित की गई सेवाकालीन प्रशिक्षण की अवधि तीन माह से लेकर एक वर्ष तक थी। अ.जा., अ.ज.जा., अ.पि.व. एवं शारीरिक रूप से निःशक्त उम्मीदवारों का समुदाय–वार तथा अवधि–वार वितरण, जिनके लिए आयोग ने वर्ष 2016–17 के दौरान सेवाकालीन प्रशिक्षण की अनुशंसा की, **तालिका–5** में दिया गया है।

चयन द्वारा सीधी भर्ती के माध्यम से अनुशंसित शारीरिक रूप से निःशक्त व्यक्ति

9. वर्ष 2016–17 के दौरान, शारीरिक रूप से निःशक्त उम्मीदवारों के लिए आरक्षित 47 पदों पर कुल 27 व्यक्तियों की नियुक्ति के लिए अनुशंसा की गई। शारीरिक

रूप से निःशक्त व्यक्तियों के लिए आरक्षित पदों तथा इन पदों के लिए अनुशंसित उम्मीदवारों की विषय–वार संख्या **तालिका–6** में दी गई है।

तालिका–5: सेवाकालीन प्रशिक्षण के लिए अनुशंसित अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़े वर्गों तथा शारीरिक रूप से निःशक्त उम्मीदवारों का समुदाय–वार तथा अवधि–वार वितरण

सेवाकालीन प्रशिक्षण की अवधि	समुदाय–वार उम्मीदवार				
	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति	अन्य पिछड़े वर्ग	शारीरिक रूप से निशक्त व्यक्ति	कुल
3 महीने	20	8	5	2	**35**
6 महीने	14	9	17	1	**41**
9 महीने	3	6	6	1	**16**
एक वर्ष	2	4	16	2	**24**
कुल	**39**	**27**	**44**	**6**	**116**

तालिका–6: वर्ष 2016–17 के दौरान शारीरिक रूप से निःशक्त व्यक्तियों के लिए आरक्षित पदों तथा उनके लिए अनुशंसित उम्मीदवारों की विषय–वार संख्या

क्र. सं.	विषय	शारीरिक रूप से निशक्त व्यक्तियों के लिए आरक्षित पदों की संख्या	ऐसे अनुशंसित उम्मीदवारों की संख्या
1	इंजीनियरी	12	7
2	वैज्ञानिक एवं तकनीकी	15	6
3	गैर–तकनीकी	19	14
4	चिकित्सा	1	0
कुल		**47**	**27**

अध्याय–6

भर्ती नियम, सेवा नियम तथा भर्ती की पद्धति

1. आयोग को भारत सरकार/संघ शासित क्षेत्रों और कतिपय स्वशासी संगठनों यथा एनडीएमसी, ईपीएफओ, ईएसआईसी, डीजेबी आदि के अंतर्गत आने वाले सिविल पदों के संबंध में भर्ती और सेवा नियमों को बनाने/संशोधन करने के संबंध में परामर्श देने का अधिदेश प्राप्त है। नए सृजित पदों के लिए अधिसूचित भर्ती नियमों के न होने पर, आयोग एकबारगी भर्ती की पद्धति के निर्धारण पर परामर्श देता है जिसमें इन पदों को भरने के लिए संबंधित मंत्रालयों/विभागों को एकबारगी छूट की व्यवस्था होती है। वर्ष 2016–17 के दौरान, आयोग ने भर्ती नियमों को बनाने और संशोधन करने और एकबारगी भर्ती की पद्धति के निर्धारण के लिए 615 पदों के संबंध में प्रस्ताव प्राप्त किए। पिछले वर्ष का कोई प्रस्ताव लंबित नहीं था, और इसलिए, वर्ष 2016–17 के दौरान 615 पदों से संबंधित प्रस्तावों का मूल्यांकन किया गया। आयोग ने 608 प्रस्तावों के लिए भर्ती नियमों के संबंध में परामर्श पत्र जारी किए और 07 भर्ती नियम प्रस्तावों को अगले वर्ष अर्थात् 2017–18 के लिए अग्रेनीत किया गया।

2. पदों की संख्या जिनके लिए पिछले पांच वर्षों के दौरान प्राप्त और परामर्श दिए गए प्रस्तावों का वर्ष–वार विवरण **तालिका–1** में दिया गया है।

तालिका–1: वर्ष के दौरान मूल्यांकन किए गए भर्ती नियमों के प्रस्ताव

क्रम सं.	वर्ष	अग्रानीत	प्राप्त	पद, जिन पर परामर्श दिया गया	अग्रेनीत
	(i)	(ii)	(iii)	(iv)	(v)
1	2012-13	44	696	726	14
2	2013-14	14	642	648	08
3	2014-15	08	604	601	11
4	2015-16	11	630	641	0
5	2016-17	0	615	608	7

3. पदों की संख्या, जिनके प्रस्तावों पर कार्यवाही की गई, की तुलना में परामर्श दिए गए पदों की संख्या, प्रतिशत के रूप में वर्ष 2012–13 में 98.12% से बढ़कर वर्ष 2016–17 में 98.86% हो गई।

4. उपर्युक्त अवधि अर्थात् वर्ष 2012–13 से वर्ष 2016–17 के दौरान जारी किए गए परामर्श पत्रों की संख्या का सार **तालिका–2** में दिया गया है और **आरेख–1** में चित्रित किया गया है।

तालिका–2 : जारी किए गए परामर्श पत्रों की संख्या

क्र.सं.	वर्ष	जारी परामर्श पत्रों की संख्या
1	2012-13	326
2	2013-14	322
3	2014-15	326
4	2015-16	390
5	2016-17	449

4.1 वर्ष 2012–13 की तुलना में वर्ष 2016–17 में जारी किए गए परामर्श पत्रों की संख्या में 37.73% की वृद्धि हुई है।

आरेख–1



एकल खिड़की प्रणाली

5. आयोग में एकल खिड़की प्रणाली के अन्तर्गत भर्ती नियमों में संशोधन, भर्ती नियम बनाने तथा भर्ती की एकबारगी पद्धति के निर्धारण संबंधी प्रस्ताव प्राप्त होते हैं। इस प्रणाली में एक पूर्व निर्धारित जांच–सूची की व्यवस्था है जिसके आधार पर संबंधित मंत्रालयों/विभागों से प्राप्त प्रस्तावों की प्रारंभिक संवीक्षा की जाती है। जांच–सूची की व्यवस्था के कारण संवीक्षा की प्रक्रिया तीव्र गति से होती है।

6. एकल खिड़की प्रणाली के लिए प्रयोग की जा रही जांच–सूची में पहले 57 मदें शामिल की गई थीं जिनके संबंध में मंत्रालयों/विभागों को जानकारी देनी होती थी। वर्ष के दौरान, एकल खिड़की विचार–विमर्श के दौरान मंत्रालयों/विभागों के प्रतिनिधियों से प्राप्त इनपुटों को विधिवत रूप से शामिल करके जांच–सूची को व्यापक रूप से सुप्रवाही बनाया गया है। संशोधित जांच–सूची में अब 29 मदें हैं और यह अब अधिक सूचनात्मक, व्यापक आधार वाली तथा कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के मौजूदा दिशा–निर्देशों के अनुसार भी है। यह संशोधित जांच–सूची मंत्रालयों/विभागों को परिचालित कर दी गई थी। इसके अलावा, इस प्रकार समाविष्ट विभिन्न मदों की, जटिलताओं को महत्व देते हुए, संबंधित मंत्रालयों और विभागों द्वारा नामित अधिकारियों के लिए पांच दिवसीय कार्यशाला श्रृंखलाओं का आयोजन किया गया। विभिन्न भागीदारों के तत्काल संदर्भ के लिए जांच सूची को भी आयोग की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है।

7. भर्ती नियमों को बनाने और संशोधन के प्रस्ताव संबंधित मंत्रालयों/विभागों द्वारा तैयार किए जाते हैं और आयोग का अनुमोदन प्राप्त किए जाने से पहले इसके लिए कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग की पूर्व सहमति आवश्यक है। आयोग में, पिछले पांच वर्षों में, प्रस्तावों के निपटान के लिए लिया गया औसत समय **तालिका–3** में दिया गया है।

तालिका–3 : भर्ती नियमों के प्रस्तावों के निपटान का औसत समय

क्र.सं.	वर्ष	निपटान के लिए लिया गया औसत समय (दिनों में)
1.	2011-12	31
2.	2012-13	26
3.	2013-14	24
4.	2014-15	20
5.	2015-16	18
6.	2016-17	17

8. इन प्रस्तावों के लिए निर्धारित सामान्य निपटान समय 30 दिन है। वर्ष 2011–2012 से निपटान समय उत्तरोत्तर कम होकर 31 दिन से 17 दिन तक हो गया है। इस प्रकार, सामान्य निपटान समय की तुलना में अब निपटान समय में 43% की कमी हुई है, जैसा कि **आरेख–2** में दर्शाया गया है।

आरेख 2 : निपटान के लिए लिया गया औसत समय



9. वर्ष 2016–17 के दौरान, आयोग ने सेवा नियमों के प्रस्तावों में संशोधन/बनाने का भी अनुमोदन किया, जो निम्नानुसार है :–

(i) रक्षा वैमानिक गुणवत्ता आश्वासन सेवा नियमावली–संशोधन

(ii) भारतीय आपूर्ति सेवा, समूह 'क' नियमावली 2012–संशोधन

(iii) भारतीय कौशल विकास सेवा नियमावली, समूह 'क'–बनाना

10. वर्ष के दौरान, आयोग ने नए सृजित पदों जिसमें नियमित भर्ती नियमों को बनाने की प्रक्रिया चल रही थी, से संबंधित भर्ती की एकबारगी प्रणाली के 12 प्रस्तावों को भी अनुमोदित किया।

आयोग द्वारा की गई नई पहलें

11. अंतर सेवा तुलना के लिए डाटा बेस बनाने और इसी तरह की सेवाओं के पुनः संरचनात्मक प्रस्तावों को तैयार करने के लिए संवर्ग नियंत्रण प्राधिकारियों को सुविधा प्रदान करने हेतु भारत सरकार के विभिन्न संगठित समूह क सेवाओं के लिए एक पहल 2015–2016 में की गई जिसके तहत प्रारंभिक और वर्तमान सेवा नियमों के ई–दस्तावेज़ तैयार किए गए। इस पहल के परिणामस्वरूप, 2016–2017 में एक ई–दस्तावेज का संकलन तैयार किया गया, जिसमें 47 संगठित समूह क सेवाएं शामिल थीं।

12. आयोग के निर्णय के आधार पर सार्क सदस्य देशों के बीच सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने के लिए 29 नवंबर, 2016 को भर्ती नियम शाखा द्वारा "सरकार में पदों के लिए भर्ती नियमों के संशोधन और तैयार करने" पर सार्क के लोक सेवा आयोग के प्रतिनिधियों के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

अध्याय–7

पदोन्नतियां और प्रतिनियुक्तियां

अखिल भारतीय सेवाओं में राज्य सेवा अधिकारियों को शामिल करना

1. भारत के संविधान के अनुच्छेद 309 के उपबन्धों के अन्तर्गत राज्य सेवा अधिकारियों का अखिल भारतीय सेवाओं यथा भारतीय प्रशासनिक सेवा (भा.प्र.से.)/भारतीय पुलिस सेवा (भा.पु.से.)/भारतीय वन सेवा (भा.व.से.) में समावेशन भारत सरकार द्वारा बनाए गए पदोन्नति संबंधी विनियमों द्वारा शासित होता है। आयोग के अध्यक्ष या किसी सदस्य की अध्यक्षता में चयन समिति, विभिन्न राज्यों/केन्द्र शासित क्षेत्रों के अधिकारियों को अखिल भारतीय सेवाओं में सम्मिलित करने के लिए चयन करती है। भारत सरकार (कार्मिक तथा प्रशिक्षण विभाग) ने दिनांक 25 जुलाई, 2000 की अपनी अधिसूचना के द्वारा भारतीय प्रशासनिक सेवा/भारतीय पुलिस सेवा/भारतीय वन सेवा संबंधी पदोन्नति विनियमों में संशोधन किया है ताकि वर्ष–वार चयन सूचियां तैयार की जा सकें। तदनुसार, वर्ष के दौरान विभिन्न अखिल भारतीय सेवाओं में समावेशन के लिए वर्ष 2015 की रिक्तियों के लिए चयन सूचियां तैयार की गई थीं। इसके अतिरिक्त, कुछ राज्यों के मामले में जहाँ पिछली रिक्तियां थीं, पिछले वर्षों की चयन सूचियां भी तैयार की गई थीं।

2. पिछले पांच वर्षों के दौरान, अखिल भारतीय सेवाओं में समावेशन के लिए विभिन्न राज्यों के जिन अधिकारियों पर विचार किया गया और जिनकी अनुशंसा की गई, उनके तुलनात्मक आंकड़े **आरेख– 1** में दिए गए हैं।

3. वर्ष 2016–17 के दौरान, आयोग ने विभिन्न राज्यों के 953 अधिकारियों के नामों पर विचार किया, जिनमें से 335 अधिकारियों को अखिल भारतीय सेवाओं में सम्मिलित करने के लिए अनुशंसा की गई जबकि वर्ष 2015–16 के दौरान कुल 1,429 अधिकारियों के नामों पर विचार किया गया था जिनमें से 468 अधिकारियों को अखिल भारतीय सेवाओं में सम्मिलित करने के लिए **तालिका–1** में दर्शाए अनुसार अनुशंसा की गई थी।

आरेख 1
अखिल भारतीय सेवाओं में पदोन्नित (कुल)



तालिका–1 : अनुशंसित अधिकारियों की सेवा–वार संख्या

विवरण	2015-16	2016-17
भा.प्र.से. (राज्य सिविल सेवा से)	297	135
भा.प्र.से. (गैर–राज्य सिविल सेवा से)	23	14
भा.पु.से.	103	120
भा.व.से.	45	66
कुल	**468**	**335**

4. पिछले दो वर्षों के दौरान अखिल भारतीय सेवाओं में सम्मिलित करने के लिए विभिन्न राज्यों के जिन अधिकारियों पर विचार किया गया और जिनकी अनुशंसा की गई, उनके सेवा–वार तुलनात्मक आंकड़े **आरेख– 2** में दिए गए हैं।

5. वर्ष 2016–17 के दौरान, 119 संवर्गों/उप–संवर्गों में से 49 के संबंध में वर्तमान चयन सूची अर्थात 2015 तैयार करने के लिए चयन समिति की बैठकें (एससीएम) आयोजित की गई। (एक उप–संवर्ग में, 2015 की चयन सूची तैयार करने के लिए चयन समिति की बैठक पहले ही वर्ष 2015–16 में कर ली गई थी।) एक उप–संवर्ग में, 2016 की चयन सूची तैयार करने के लिए चयन समिति की बैठक वर्ष 2016–17 में की गई। भारत सरकार द्वारा 18 संवर्गों/उप–संवर्गों में ''शून्य'' रिक्तियां निर्धारित की गई और 02 संवर्गों/उप संवर्गों में राज्य सेवा का कोई अधिकारी पात्र नहीं था। विस्तृत जानकारी **परिशिष्ट–19** में दी गई है। इस प्रकार, वर्ष 2016–17 के दौरान संवर्गों/उप संवर्गों की चयन सूची तैयार किए जाने की कुल प्रतिशतता 58% रही। आयोग ने, वर्ष 2016 के आरंभ से ही, अखिल भारतीय सेवाओं में समावेशन की प्रक्रिया के निर्धारण को गतिशील बनाने के भरसक प्रयास किए ताकि राज्य सेवा अधिकारियों की संबद्ध अखिल भारतीय सेवाओं में पदोन्नति के लिए चयन समिति की बैठकें आयोजित करने में विलंब न हो। जनवरी माह में ही सभी राज्य सरकारों/संवर्गों और केन्द्रीय सरकार के संवर्ग नियंत्रण प्राधिकारियों को पत्र लिखा गया था जिसमें मॉडल कैलेन्डर में सुझाई गई तारीखों के अनुसार रिक्तियों को निर्धारित करने और चयन समिति की बैठकें आयोजित करने के लिए प्रस्ताव भेजने का उनसे अनुरोध किया गया था। आयोग ने केन्द्र सरकार द्वारा रिक्तियों के निर्धारण और राज्य सरकारों द्वारा प्रस्तावों को प्रस्तुत करने की स्थिति की समीक्षा के लिए 26 और 27 मई को सभी राज्य सरकारों के प्रतिनिधियों और केन्द्र सरकार में संवर्ग नियन्त्रण प्राधिकारियों के साथ दो जोनल बैठकें भी आयोजित की। 11 जुलाई, 2016 को पुनः चयन समिति की बैठकें आयोजित करने की स्थिति की पुनः समीक्षा की गई और उन राज्य सरकारों को दुबारा पत्र लिखे गए जिनसे प्रस्तावों की प्रतीक्षा की जा रही थी।

6. शेष संवर्गों/उप–संवर्गों के संबंध में, चयन सूचियां विभिन्न कारणों से तैयार नहीं की जा सकीं, यथा भारत सरकार द्वारा रिक्तियों का निर्धारण नहीं किया जाना, न्यायालय के आदेश/निदेश, वरिष्ठता संबंधी विवाद, पिछले वर्षों की चयन–सूचियों को अंतिम रूप न दिया जाना और राज्य सरकारों से प्रस्तावों का प्राप्त न होना/विलम्ब से प्राप्त होना, आदि। इस संबंध में विस्तृत जानकारी **आरेख–3** में दर्शाई गई है तथा **परिशिष्ट–22** में विवरण दिया गया है।

आरेख 2
विचार किए गए और अनुशंसित अधिकारियों की सेवा–वार संख्या



आरेख 3
वर्ष 2016–17 के दौरान चयन समिति की बैठकों का ब्यौरा



7. वर्ष 2016–17 के दौरान, चयन समिति की 41 बैठकों में 41 संवर्गों/उप संवर्गों की चयन सूचियां वर्तमान वर्ष के लिए तैयार की गई और चयन समिति की 08 अन्य बैठकों में 23 चयन सूचियां तैयार की गई जिनमें वर्तमान वर्ष की 08 चयन सूचियां एवं पिछले वर्षों की 15 चयन सूचियां शामिल थीं। इसके अतिरिक्त, चयन समिति की अन्य 08 बैठकों में, केवल पिछले वर्षों के लिए 11 चयन सूचियां तैयार की गई। चयन समिति की एक बैठक में वर्ष 2016 के लिए भी चयन सूची तैयार की गई। इस प्रकार, वर्ष 2016–17 के दौरान चयन समिति की कुल 58 बैठकें आयोजित की गई, जिनमें 76 चयन सूचियां तैयार की गई। इसके अतिरिक्त, माननीय उच्चतम न्यायालय/उच्च न्यायालय/केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण के निदेशों के अनुसरण में, चयन समिति की 11 पुनरीक्षा बैठकें आयोजित की गई, जिनमें 28 चयन सूचियों की पुनरीक्षा की गई। इस प्रकार, वर्ष 2016–17 के दौरान, कुल 104 चयन सूचियां तैयार/ पुनरीक्षित की गई। इस संबंध में विवरण **तालिका–2** में दिया गया है और **परिशिष्ट–20** में दर्शाया गया है।

तालिका–2: वर्ष 2016–17 के दौरान तैयार की गई चयन सूचियां

क्रम सं	विवरण	चयन सूचियों की संख्या
1.	केवल वर्तमान वर्ष के लिए तैयार की गई चयन सूची (चयन सूची 2015)	**41**
2.	पिछले वर्षों की चयन सूचियों सहित वर्तमान वर्ष के लिए तैयार की गई चयन सूची (चयन सूची 2015)	**23**
3.	केवल पिछले वर्षों के लिए तैयार की गई चयन सूची	**11**
4.	वर्ष 2016 के लिए तैयार की गई चयन सूची	**01**
5.	केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण/न्यायालयों के निदेशों के अनुसरण में पुनरीक्षा बैठकों में पिछले वर्षों की चयन सूचियों की पुनरीक्षा की गई **(परिशिष्ट–21)**	**28**
	कुल	**104**

राज्यों में पुलिस महानिदेशक (पुलिस बल प्रमुख) के पद पर नियुक्ति हेतु भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों को पैनल में शामिल किया जाना

8. माननीय उच्चतम न्यायालय ने रिट याचिका सं. (सिविल) सं0 310/1996 (प्रकाश सिंह एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य) में दिनांक 22 सितम्बर, 2006 के अपने आदेश के तहत, अन्य बातों के साथ–साथ, यह निदेश दिया है कि राज्य के पुलिस महानिदेशक का चयन राज्य सरकार द्वारा विभाग के उन तीन वरिष्ठतम अधिकारियों में से किया जाए, जिनका नाम संघ लोक सेवा आयोग द्वारा डीजीपी के पद (प्रमुख पुलिस बल) के लिए पैनल में शामिल किया गया है। संघ लोक सेवा आयोग (परामर्श से छूट) विनियम, 1958 के अनुसार, आयोग को राज्यों में पुलिस महानिदेशक/पुलिस बल के प्रमुख के पद पर पदोन्नति के मामले में शामिल नहीं किया गया है। तथापि, माननीय उच्चतम न्यायालय के उपर्युक्त विशिष्ट आदेश के मद्देनज़र, पैनल में शामिल करने की प्रक्रिया को अन्तिम रूप देने हेतु आयोग की सहायता के लिए सभी संबंधित प्राधिकारियों को निदेश देने और इस प्रकार के पैनल में शामिल करने के तौर–तरीकों के संबंध में निदेश प्राप्त करने हेतु आयोग ने माननीय उच्चतम न्यायालय के समक्ष एक अंतर्वादीय आवेदन–पत्र (आई ए) दाखिल किया। आयोग द्वारा दायर अंतर्वादीय आवेदन–पत्र (आई ए) दिनांक 31 मार्च, 2017 की स्थिति के अनुसार माननीय उच्चतम न्यायालय के समक्ष लंबित है।

9. वर्ष 2016–17 के दौरान, पुलिस महानिदेशक (प्रमुख पुलिस बल) के पद के लिए एमपैनलमेंट समिति की बैठक आयोजित करने के लिए आयोग में कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ।

पदोन्नतियां और प्रतिनियुक्तियां

10. भारत के संविधान के अनुच्छेद 320 में सिविल सेवाओं और पदों पर नियुक्ति और एक सेवा से दूसरी सेवा में पदोन्नति और स्थानान्तरण के संबंध में अनुसरण किए जाने वाले सिद्धांतों और ऐसी नियुक्तियों, पदोन्नतियों अथवा स्थानान्तरणों के लिए उम्मीदवारों की उपयुक्तता निर्धारण के लिए आयोग से परामर्श करने की व्यवस्था है।

11. संवैधानिक प्रावधानों के अनुरूप, आयोग केन्द्र सरकार और संघ राज्य क्षेत्रों की विभिन्न सिविल सेवाओं और पदों पर पदोन्नति/ प्रतिनियुक्ति [लघु अवधि की संविदा सहित (आई एस टी सी)]/ आमेलन से संबंधित कार्य करता है। अनुच्छेद 321 के प्रावधानों के अनुरूप, आयोग स्थानीय प्राधिकरणों, निगमित निकायों अथवा लोक संस्थानों, जहां संगत अधिनियमों में इसके लिए प्रावधान है, में पदों पर पदोन्नति/ प्रतिनियुक्ति (आई एस टी सी)/ आमेलन का कार्य भी करता है।

12. आयोग ने वर्ष 2016–17 के दौरान, वर्ष 2015–16 में 8,572 अधिकारियों की तुलना में 3,958 अधिकारियों की पदोन्नति/प्रतिनियुक्ति (आई एस टी सी)/आमेलन द्वारा नियुक्ति हेतु अनुशंसा की। इस प्रक्रिया में, आयोग ने वर्ष 2015–16 के दौरान 14,070 सेवा अभिलेखों पर विचार किया जबकि वर्ष 2016–17 के दौरान 7,999 अधिकारियों के सेवा अभिलेखों पर विचार किया गया।

पदोन्नति/प्रतिनियुक्ति (आई एस टी सी)/ आमेलन प्रस्तावों के लिए एकल खिड़की प्रणाली (सिंगल विंडो सिस्टम)।

13. पदोन्नति/ प्रतिनियुक्ति (आई एस टी सी)/ आमेलन के प्रस्तावों में प्रक्रियागत तेजी लाने के लिए, आयोग में 01 अगस्त, 2010 से एकल खिड़की प्रणाली शुरू की गई।

14. वर्ष 2016–17 के दौरान 31 मार्च, 2017 तक की अवधि में एकल खिड़की प्रणाली के अंतर्गत प्राप्त/ वापस किए गए प्रस्ताव तथा स्वीकृत किए गए मामलों में कार्यवाही का चरणबद्ध विवरण **तालिका–3** में दिया गया है।

तालिका : 3 प्राप्त/ वापस किए गए प्रस्ताव तथा कार्यवाही का चरण

पदोन्नति मामले						
कुल प्राप्त मामले	उसी समय संवीक्षा के पश्चात स्वीकृत/वापस किए गए	आयोजित बैठकें/परामर्श पत्र जारी किए गए/ निपटाए गए	कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के दिनांक–30.09.2016 के कार्यालय ज्ञापन के कारण प्रास्थगन में रखना	सदस्य नामित किए गए/बैठक निर्धारित की गई	जवाब/ दस्तावेज़ की प्रतीक्षा	परीक्षण/ प्रस्तुतीकरण के अधीन
604	480 (स्वीकार किए गए) 124 (वापस किए गए)	434*	13	33	26	28

प्रतिनियुक्ति मामले					
कुल प्राप्त मामले	उसी समय संवीक्षा के पश्चात स्वीकृत/वापस किए गए	आयोजित बैठकें/ परामर्श पत्र जारी किए गए/ निपटाए गए	सदस्य नामित किए गए/बैठक निर्धारित की गई/ अनुमोदित पात्रता	जवाब/ दस्तावेज़ की प्रतीक्षा	परीक्षण/ प्रस्तुतीकरण के अधीन
302	194 (स्वीकार किए गए) 108 (वापस किए गए)	144#	13	6	31

*** गत वर्ष से अग्रेनीत मामलों के सम्बन्ध में 54 बैठकें शामिल हैं।**
 # 48 निष्फल मामले शामिल हैं, जहां कोई भी पात्र नहीं पाया गया।

केन्द्रीय सेवाओं में पदोन्नतियां

15. वर्ष 2016–17 के दौरान, एकल खिड़की प्रणाली के अंतर्गत विभागीय पदोन्नति समिति (वि.प.स.) के कुल 480 प्रस्ताव स्वीकार किए गए। विभागीय पदोन्नति समिति की बैठकें आयोजित की गई तथा 434 मामलों में संबंधित मंत्रालयों/विभागों को परामर्श पत्र जारी किए गए, जिनमें 54 मामले पिछले वर्ष के थे। वर्ष 2016–17 के दौरान प्राप्त हुए 33 मामलों में, विभागीय पदोन्नति समिति की बैठकों की तारीख निश्चित की गई तथा इन बैठकों की अध्यक्षता के लिए सदस्य नामित किए गए। 13 प्रस्ताव कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के दिनांक–30.09.2016 के कार्यालय ज्ञापन से प्रभावित होने के कारण प्रास्थगन में रखे गये। शेष 54 मामले 31 मार्च, 2017 तक कार्यवाही के विभिन्न चरणों पर थे।

16. निपटान में लगने वाले सामान्य समय (एन टी डी) 120 दिन की तुलना में वर्ष 2016–17 के दौरान विभागीय पदोन्नति समिति के मामलों के निपटान में लगने वाला औसत समय 38 दिन था। पिछले पांच वर्षों के दौरान आयोग द्वारा स्वीकार किए गए कमी वाले मामलों तथा विभागीय पदोन्नति समिति के प्रस्तावों के निपटान में लगने वाले समय का विवरण **तालिका–4** में दिया गया है।

तालिका–4: विभागीय पदोन्नति समिति प्रस्तावों में कमियों वाले प्रस्तावों का विवरण तथा निपटान समय

प्राप्त प्रस्तावों की संख्या	उसी समय संवीक्षा के पश्चात् लौटाए गए उन प्रस्तावों की संख्या जिनमें कमियां पाई गई थीं (कमी वाले प्रस्तावों का%)	स्वीकार किए गए प्रस्तावों की संख्या	निपटान में लगने वाले 120 दिन के सामान्य समय की तुलना में स्वीकृत प्रस्तावों के निपटान में लगने वाला औसत समय
वर्ष 2012-13			
589	61(10%)	528	55 दिन
वर्ष 2013-14			
541	49 (9%)	492	52 दिन
वर्ष 2014-15			
603	84(14%)	519	62 दिन
वर्ष 2015-16			
698	137(19%)	561	35 दिन
वर्ष 2016-17			
604	124(20%)	480	38 दिन

17. वर्ष 2015–16 में आयोजित विभागीय पदोन्नति समिति की 530 बैठकों में 8,396 अधिकारियों की अनुशंसा की तुलना में वर्ष 2016–17 के दौरान आयोजित विभागीय पदोन्नति समिति की 434 बैठकों में **आयोग ने 3,850 अधिकारियों की अनुशंसा** की।

18. **वर्ष 2016–17 के दौरान पदोन्नति के लिए जिन 3,850 अधिकारियों की अनुशंसा की गई थी, उनमें से 252 अधिकारी अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति से संबंधित थे** तथा उनकी अनुशंसा उनके लिए आरक्षित 510 रिक्तियों के अंतर्गत हुई थी। पात्र अधिकारियों की अनुपलब्धता के कारण शेष 258 आरक्षित रिक्तियों पर किसी अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के अधिकारी की अनुशंसा नहीं की जा सकी। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के कुल 244 अधिकारियों को अनारक्षित रिक्तियों के अंतर्गत ग्रुप 'क' में पदोन्नति के लिए अनुशंसित किया गया। ऐसे मामलों का मंत्रालय/विभाग–वार ब्यौरा **परिशिष्ट–25** पर दिया गया है।

प्रतिनियुक्ति (आईएसटीसी)/ आमेलन

19. वर्ष 2016–17 के दौरान, एकल खिड़की प्रणाली के अंतर्गत प्रतिनियुक्ति (आई एस टी सी)/आमेलन के कुल 194 प्रस्ताव स्वीकार किए गए। **चयन समिति की बैठकें/चयन समिति की बैठकें (पीटी) आयोजित की गई तथा 96 मामलों में संबंधित मंत्रालयों/विभागों को परामर्श पत्र जारी किए गए** तथा 48 मामले विभिन्न कारणों से निष्फल हो गए। इसके अलावा, वर्ष 2016–17 के दौरान प्राप्त 13 मामलों में, चयन समिति की बैठकों की तारीख निश्चित की गई अथवा सदस्य नामित किए गए। शेष 37 मामले 31 मार्च, 2017 तक कार्यवाही के विभिन्न स्तरों पर थे।

20. वर्ष 2016–17 के दौरान प्रतिनियुक्ति (आई एस टी सी)/ आमेलन के लिए स्वीकार किए गए प्रस्तावों के निस्तारण में लगने वाला औसत समय, निस्तारण के लिए निर्धारित सामान्य समय 180 दिन की तुलना में 66 दिन था। पिछले पांच वर्षों के दौरान आयोग द्वारा स्वीकार किए गए कमी वाले प्रस्तावों तथा प्रस्तावों के निस्तारण में लगने वाले समय का विवरण **तालिका–5** में दिया गया है।

तालिका –5: प्रतिनियुक्ति (आई एस टी सी)/ आमेलन मामलों में कमियों वाले प्रस्तावों का विवरण तथा निस्तारण समय

प्राप्त प्रस्तावों की संख्या	उसी समय संवीक्षा के पश्चात् लौटाए गए उन प्रस्तावों की संख्या जिनमें कमियां पाई गई थीं (कमी वाले प्रस्तावों का%)	स्वीकार किए गए प्रस्तावों की संख्या	निपटान में लगने वाले 180 दिन के सामान्य समय की तुलना में स्वीकृत प्रस्तावों के निपटान में लगने वाला औसत समय
वर्ष 2012-13			
246	59(24%)	187	69 दिन
वर्ष 2013-14			
268	54(20%)	214	68 दिन
वर्ष 2014-15			
294	116(39%)	178	79 दिन
वर्ष 2015-16			
334	109(32%)	225	60 दिन
वर्ष 2016-17			
302	108(36%)	194	66 दिन

21. वर्ष 2015–16 के दौरान प्रतिनियुक्ति (आई एस टी सी)/आमेलन के लिए आयोजित की गई 132 चयन समिति/चयन समिति (पीटी) बैठकों में 176 अनुशंसित अधिकारियों की तुलना में वर्ष 2016–17 के दौरान **आयोग ने चयन समिति/चयन समिति (पीटी) की 96 बैठकों में 108 अधिकारियों की अनुशंसा की।**

मंत्रालयों/ विभागों द्वारा प्रतिवेदित तदर्थ नियुक्तियां

22. ग्रुप 'क' और 'ख' के विभिन्न पदों पर सरकार द्वारा की गई ऐसी सभी नियुक्तियों को तदर्थ माना जाता है, जहां नियुक्तियां/ पदोन्नतियां आयोग द्वारा की जानी हों। सभी मंत्रालयों/विभागों द्वारा मासिक तथा अर्ध–वार्षिक विवरणियों में इनके बारे में आयोग को सूचना भेजना अपेक्षित है। तथापि, वर्ष 2016–17 के दौरान 52 मंत्रालयों/विभागों तथा संघ शासित क्षेत्रों से मासिक/अर्ध–वार्षिक विवरणियां प्राप्त नहीं हुईं जिनका ब्यौरा **परिशिष्ट–23** में दिया गया है।

23. वर्ष 2016–17 के दौरान, संघ शासित क्षेत्रों सहित 05 मंत्रालयों/विभागों ने ग्रुप 'क' के 01 पद पर नई तदर्थ नियुक्तियां किए जाने के बारे में सूचित किया। वर्ष 2015–16 के दौरान, 07 मंत्रालयों/विभागों/संघ शासित क्षेत्रों ने ग्रुप 'क' के 01 और ग्रुप 'ख' के 02 पदों पर तदर्थ नियुक्तियां किए जाने के बारे में सूचित किया था।

24. वर्ष 2016–17 के अंत तक, तदर्थ नियुक्तियों से संबंधित 09 मामले एक वर्ष से अधिक अवधि तक चल रहे थे। ऐसे मामलों का वर्ष–वार विवरण **तालिका–6** में दिया गया है। मंत्रालय–वार विवरण **परिशिष्ट–24** में दिया गया है।

तालिका–6: एक वर्ष से अधिक अवधि तक चल रही तदर्थ नियुक्तियां

क्रम सं.	वर्ष	ग्रुप 'क'	ग्रुप 'ख'
1.	1–2 वर्ष के बीच	0	0
2.	2–3 वर्ष के बीच	0	0
3.	3–4 वर्ष के बीच	0	0
4.	4–5 वर्ष के बीच	0	0
5.	5–10 वर्ष के बीच	7	0
6.	10 वर्ष से अधिक	2	0
	कुल	**09**	**0**

नोट : ऊपर दर्शाए गए आंकड़े मंत्रालयों/ विभागों द्वारा दिसंबर, 2015 में समाप्त होने वाली अवधि की अर्ध–वार्षिक रिपोर्ट में दिए गए आंकड़े हैं। जिन मंत्रालयों/ विभागों ने दिसंबर, 2015 की अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की है, उनके मामले में जून, 2015 की अर्ध–वार्षिक रिपोर्ट में दर्शाए गए आंकड़ों को लिया गया है।

केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण/न्यायालय के निर्णयों/आदेशों को कार्यान्वित किया जाना

25. आयोग, मंत्रालयों/विभागों/संगठनों/संघ शासित प्रदेशों से सम्बन्धित विभिन्न पदों के लिए पदोन्नति और प्रतिनियुक्ति/आमेलन से सम्बन्धित प्रस्तावों की जांच और उस पर कार्यवाही करता है, जहां भर्ती नियमों के अनुसार आयोग का परामर्श आवश्यक है।

26. तद्नुसार, ऐसे पदों के लिए विभागीय पदोन्नति समिति/चयन समिति की बैठकें/चयन समिति की (पीटी) बैठकें आयोग में आयोजित की जाती हैं। अधिकारियों/उम्मीदवारों से संबंधित आयोग की अनुशंसा को संबंधित मंत्रालयों/विभागों/संगठनों/संघ शासित प्रदेशों को भेज दिया जाता है और ऐसी अनुशंसाओं को नियुक्ति प्राधिकारियों द्वारा कार्यान्वित किया जाना होता है। आयोग परामर्शदात्री निकाय के रूप में कार्य करता है तथा पदोन्नति/ प्रतिनियुक्ति (आई एस टी सी)/ आमेलन द्वारा नियुक्तियों के लिए पैनल की अनुशंसा करता है। पदोन्नति/ प्रतिनियुक्ति के मामले में केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण/न्यायालय के किसी निदेश के कार्यान्वयन का दायित्व प्राथमिक तौर पर संबंधित मंत्रालय/विभाग/संगठन/ संघ शासित प्रदेश का होता है।

अध्याय–8

अनुशासनिक मामले

1. संविधान के अनुच्छेद 320 (3) (ग) में प्रावधान किया गया है कि संघ लोक सेवा आयोग से भारत सरकार या राज्य सरकार के अधीन एक नागरिक की हैसियत से सेवारत किसी कर्मचारी को प्रभावित करने वाले सभी अनुशासनिक मामलों तथा ऐसे मामलों से संबंधित अभ्यावेदन अथवा याचिका पर परामर्श लिया जाएगा। आयोग से परामर्श, संगत पेंशन नियम जहां राष्ट्रपति किसी सेवानिवृत्त सरकारी सेवक की पेंशन रोकने अथवा निकासी का प्रस्ताव करता है, के अंतर्गत भी अपेक्षित है। तदनुसार, अनुशासनिक मामले मंत्रालय/विभाग और राज्य सरकारों द्वारा परामर्श हेतु आयोग को प्रेषित किए जाते हैं।

2. संघ लोक सेवा आयोग में अनुशासनिक मामलों के त्वरित निपटान एवं परिहार्य विलम्ब को कम करने हेतु सितम्बर, 2010 में पांच मंत्रालयों को शामिल करते हुए एकल खिड़की प्रणाली प्रारम्भ की गई। धीरे–धीरे इस प्रणाली में सभी मंत्रालयों/विभागों को शामिल किया गया। 01 जनवरी, 2013 से सभी राज्य सरकारों को भी एकल खिड़की प्रणाली के अंतर्गत लाया जा चुका है। मंत्रालयों/विभागों/राज्य सरकारों से प्राप्त होने वाले मामलों की प्रारम्भिक तौर पर एकल खिड़की पर ही जांच सूची के अनुरूप संवीक्षा कर ली जाती है। सभी प्रकार से पूर्ण प्रस्तावों को ही आगे की जांच तथा परामर्श हेतु आयोग द्वारा स्वीकार किया जाता है।

3. वर्ष 2016–17 तथा पिछले छह वर्षों के दौरान आयोग द्वारा प्राप्त किए गए तथा कार्यवाही किए गए अनुशासनिक मामलों की संख्या को नीचे **तालिका–1** में दर्शाया गया है।

तालिका–1

वर्ष	वर्ष के प्रारंभ में अग्रेनीत मामलों की संख्या	वर्ष के दौरान प्राप्त मामलों की संख्या	वर्ष के दौरान भेजे गए परामर्श पत्रों की संख्या	वर्ष के दौरान वापस किए गए मामलों की संख्या	वर्ष के अंत में शेष बचे मामलों की संख्या
2010-11	236	762	417	409	172
2011-12	172	655	424	255	148
2012-13	148	642	453	201	136
2013-14	136	619	455	122	178
2014-15	178	538	463	104	149
2015-16	149	546	492	91	112
2016-17	112	487	431	49	119

4. वर्ष 2016–17 के दौरान, आयोग को 487 अनुशासनिक मामले परामर्श हेतु प्राप्त हुए। पिछले वर्ष अर्थात वर्ष 2015–16 से आगे लाए गए 112 मामले जो कि 01 अप्रैल, 2016 की स्थिति के अनुसार आयोग के पास लंबित थे, सहित वर्ष के दौरान आयोग के पास कुल 599 मामले थे। इन 599 मामलों में से 431 मामलों में आयोग द्वारा परामर्श दिया गया तथा प्रक्रियात्मक कमियों के चलते 49 मामले लौटा दिए गए। इस प्रकार, वर्ष के दौरान 599 मामलों में से 480 मामलों का निपटान किया गया तथा वर्ष के अंत में 119 मामले शेष बचे रहे।

5. **तालिका–1** से यह देखा जा सकता है कि वर्ष के दौरान प्राप्त मामलों की संख्या में तथा जिन मामलों पर कार्यवाही की गई है, उनकी संख्या में भी कमी आई है। इसका कारण यह है कि 2010–11 से पहले मामले डाक द्वारा प्राप्त होते थे तथा उनमें कई दस्तावेज़ीय तथा प्रक्रियात्मक कमियां होती थीं। इसके परिणामस्वरूप, आयोग बहुत से मामलों को अंतिम परामर्श दिए बिना ही सरकार को लौटा देता था। एकल खिड़की प्रणाली के लागू होने के परिणामस्वरूप प्रस्तावों को प्रस्तुत करते समय दस्तावेज़ीय तथा प्रक्रियात्मक अपेक्षाओं का संबंधित मंत्रालयों/ विभागों और राज्य सरकारों द्वारा अपेक्षाकृत अधिक अनुपालन किया जा रहा है जिससे कार्यवाही में लगने वाले आनुपातिक समय में कमी आई है, जिसके परिणामस्वरूप समयबद्ध तरीके से मामलों का निपटान होता है।

6. प्रक्रियात्मक औपचारिकताओं तथा अधूरे दस्तावेज़ों की कमी को पूरा नहीं किए जाने के कारण लौटाए जाने वाले मामलों की संख्या में उल्लेखनीय कमी आई है जो कि 2010–11 में 409 से घटकर 2016–17 में 49 रह गई। संबंधित मंत्रालयों/विभागों और राज्य सरकारों द्वारा मामले के अभिलेखों की प्रारंभिक स्तर पर सावधानीपूर्वक संवीक्षा से मामलों को अंतिम रूप देने में अनावश्यक विलम्ब में कमी आती है।

7. कदाचार, आरोपित अधिकारियों की संख्या का वर्ग–वार ब्यौरा और आयोग के परामर्श का विवरण **परिशिष्ट–29** में दर्शाया गया है। इस परिशिष्ट में उन मामलों की संख्या को भी दर्शाया गया है, जिन्हें दस्तावेजीय/प्रक्रियात्मक कमियों के कारण संबंधित मंत्रालयों/ विभागों और राज्य सरकारों को वापस भेजा गया।

8. उन 431 मामलों के संबंध में मंत्रालय/ विभाग और राज्य सरकार–वार विवरण, जिनमें आयोग ने परामर्श दिया, **परिशिष्ट–30** में दिया गया है। 306 मामलों में आरोप संदिग्ध सत्यनिष्ठा से संबंधित थे। इनमें से आयोग ने 254 मामलों में दीर्घ शास्ति अधिरोपित करने, 31 मामलों में लघु शास्ति अधिरोपित करने तथा 21 मामलों में कोई शास्ति अधिरोपित न करने का परामर्श दिया।

9. 123 मामले कदाचार की अन्य श्रेणियों जिसमें कर्तव्यनिष्ठा का अभाव शामिल है, से संबंधित थे। इन मामलों में आयोग ने 65 मामलों में दीर्घ शास्ति, 47 मामलों में लघु शास्ति और 11 मामलों में कोई शास्ति अधिरोपित न करने का परामर्श दिया।

10. शेष 02 मामलों में, आयोग का परामर्श विविध प्रकृति का था। एक मामले में, मंत्रालय ने यह सूचना दी थी कि संघ लोक सेवा आयोग द्वारा पहले सुझाई गई शास्ति की मात्रा कार्यान्वित किए जाने लायक नहीं थी। तदनुसार, आयोग में आरोपित अधिकारी पर अधिरोपित शास्ति की भाषा में बदलाव का परामर्श दिया। तत्पश्चात मंत्रालय ने आयोग के परामर्श के अनुरूप शास्ति में सुधार करके शास्ति आदेश जारी किया। एक अन्य मामले में आयोग ने पाया कि उच्च न्यायालय ने दोषसिद्धि के विरूद्ध एक अपील में आरोपित अधिकारी को दोषमुक्त कर दिया था और चूंकि यह निर्णय पहले ही आयोग के समक्ष था। आयोग ने आरोपित अधिकारी के विरूद्ध निष्कासन की शास्ति को खारिज करने का परामर्श दिया।

11. वर्ष 2016–17 के दौरान, सरकार ने कुल 398 मामलों में आयोग के परामर्श के अनुसार आदेश पारित किए। 06 मामलों में सरकार द्वारा पारित आदेश आयोग के परामर्श के अनुरूप नहीं थे। इन 06 मामलों का विवरण **अध्याय–09** में दिया गया है।

अध्याय–9

सरकार द्वारा आयोग का परामर्श स्वीकार नहीं किया जाना

उन 06 मामलों का विवरण नीचे दिया गया है जिनमें सरकार द्वारा पारित आदेश आयोग के परामर्श के अनुरूप नहीं थेः–

(I), (II) और (III)

शहरी विकास मंत्रालय के तीन अधिकारियों के विरूद्ध आरम्भ की गई दीर्घ शास्ति कार्यवाही के अंतर्गत कार्रवाई

1. केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, शहरी विकास मंत्रालय के तीन अधिकारियों यथा एक मुख्य अभियंता और दो अधीक्षक अभियंताओं के विरूद्ध केन्द्रीय सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 1965 के नियम 14 के अंतर्गत दीर्घ शास्ति हेतु कार्यवाही आरम्भ की गई थी।

2. तीनों आरोपित अधिकारियों अर्थात एक मुख्य अभियंता (आरोपित अधिकारी–।) और दो अधीक्षक अभियंताओं (आरोपित अधिकारी–।। और आरोपित अधिकारी–।।।) ने केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, पटना में अपने–अपने पदों पर तैनाती के दौरान कार्य करते हुए उनके द्वारा किए जा रहे निम्नलिखित चार निर्माण कार्यों की निविदाओं पर कार्यवाही करते समय चूक की नामतः मार्फत जीसी के लिए 494 फैमिली क्वार्टर, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, झपहां, मुजफ्फरपुर एसएचः मार्फत (i) टाइप–II/112 नं. (ii) टाइप–II/114 नं. (iii) टाइप–II/120 नं. और (iv) टाइप–II/104 नं. फैमिली क्वार्टरों का निर्माण जिनमें आंतरिक जल आपूर्ति, स्वच्छता संबंधी सुविधाएं और बिजली व्यवस्थापन सम्मिलित था। प्रत्येक आरोपित अधिकारी के संबंध में आरोप की मदें और आयोग का विश्लेषण और निष्कर्ष नीचे दिया गया है :

2.1 आरोपित अधिकारी–I (सीई) के विरूद्ध आरोप की निम्नलिखित मदों के लिए 25 सितम्बर, 2002 को एक दीर्घ शास्ति आरोप पत्र जारी किया गया था।

मद–। आरोपित अधिकारी–। निम्नलिखित बिंदुओं पर विवेचनात्मक रूप से ध्यान देने में असफल रहे

I. निविदाओं की बिक्री के लिए तारीख 19.12.2001 से बढ़ाकर 24.12.2001 करने के कारण।

II. निविदा बक्से का तथाकथित रूप से जलना।

III. निविदा प्राप्ति के निर्धारित समय अर्थात दिनांक 27.12.2001 को दोपहर 3.00 बजे से पहले और डाक द्वारा प्राप्त की गई निविदाओं को अनदेखा करना; निविदा प्राप्त करने की तारीख 27.12.2001 से बढ़ाकर 19.01.2002 करना और

IV. निविदाकारों द्वारा विभाग से उनकी निविदाओं पर विचार करने का अनुरोध किए जाने के अगले ही दिन अपनी निविदाएं वापिस लेना (जो कार्यपालक अभियंता के कार्यालय में पहले ही दिनांक 27.12.2001 को निविदाएं प्राप्त किए जाने के निर्धारित समय दोपहर 3.00 बजे से पूर्व दोपहर 1.20 बजे पर प्राप्त हो चुकी थी)।

इन सब कारकों से उक्त निर्माण कार्यों की निविदाओं को एकत्र करना सुविधाजनक हुआ। उक्त चार निर्माण कार्यों में से तीन के लिए जमा की गई निविदाएं, जो आरोपित अधिकारी–। को कार्यपालक अभियंता से सामग्री और श्रम की दरों और अन्य विवरण के साथ प्राप्त हुई थीं, उनके द्वारा स्वीकृति के लिए केन्द्रीय निर्माण बोर्ड को अग्रेषित की गई।

मद–।।.आरोपित अधिकारी–। ने उक्त चार में से तीन निर्माण कार्यों (जैसा मद–। में दिया गया है) की निविदाओं को मंजूर किए जाने की अनुशंसा करते समय सबसे कम दरों वाले निविदाकारों, जिन्होंने निविदाओं को एकत्र किया और हाल ही में उसी परिसर में स्वीकृत दो समान निर्माण कार्यों की दरों की अपेक्षा 40.61%/

42.59% और 45.58% अधिक दरें उद्धृत की, से अर्थहीन मोलभाव करके अनुमानित लागत से क्रमशः 36.39%, 36.03% और 32.95% अधिक दरों वाली उक्त निविदाओं को मंजूर किए जाने की अनुशंसा करके और संगत प्रावधानों की अनदेखी कर और केन्द्रीय निर्माण बोर्ड से तथ्यों को छुपाकर बोर्ड को भ्रमित करने की कोशिश की। अतः, कुल 9,72,03,896/–रू. की कुल लागत वाले तीन बड़े निर्माण कार्यों की निविदाओं के संबंध में, जिनका पूलन किया गया था और अनुचित रूप से अधिक दरें उद्धृत की गई थीं, आरोपित अधिकारी ने निविदाकारों से अर्थहीन मोलभाव करने के बाद केन्द्रीय निर्माण बोर्ड को अनुचित रूप से अधिक दरों वाली निविदाओं को मंजूर करने के लिए भ्रमित करने का प्रयास किया। इसमें 2,15,42,820/–रू. की वित्तीय विवक्षा सम्मिलित थी और इससे सरकार को बड़ी हानि हो सकती थी।

अतः, आरोपित अधिकारी–। पूर्ण सत्यनिष्ठा बरतने में असफल रहे और कर्त्तव्य के प्रति निष्ठा के अभाव का प्रदर्शन किया और इस प्रकार, केन्द्रीय सिविल सेवा (आचरण) नियमावली,1964 के नियम 3(1)(i) एवं (ii) के प्रावधानों का उल्लंघन किया।

2.2 चूंकि आरोपित अधिकारी–। ने आरोपों का खंडन किया, इसलिए उनके विरूद्ध नियमित जांच का आदेश दिया गया। जांच अधिकारी ने आरोप की दोनों मदों को 'सिद्ध नहीं' पाया। अनुशासनिक प्राधिकारी जांच के निष्कर्षों से असहमत हुए और अनुशासनिक प्राधिकारी के असहमति ज्ञापन के साथ जांच रिपोर्ट की एक प्रति आरोपित अधिकारी–। को अग्रेषित की गई और उनका अभ्यावेदन मांगा गया। आरोपित अधिकारी–। के अभ्यावेदन पर विचार करने के बाद अनुशासनिक प्राधिकारी ने आरोपों को आंशिक रूप से सिद्ध पाया और आरोपित अधिकारी–। की पेंशन में कटौती किए जाने के अनंतिम निर्णय के साथ मामले को परामर्श के लिए फरवरी, 2010 में आयोग को भेजा गया।

2.3 मामलों के विस्तृत विश्लेषण के बाद आरोपित अधिकारी–। के मामले में आयोग ने पाया कि असंगत पैटर्न और ठेकेदारों के बीच स्पष्ट सांठ–गांठ के बावजूद, जैसा कि उनके द्वारा उद्धृत दरों से स्पष्ट है, आरोपित अधिकारी–। ने निविदाओं को मंजूरी के लिए अनुशंसित किया। यद्यपि उनकी स्वयं की भागीदारी सिद्ध नहीं हुई, परंतु उनका कृत्य सरकार के हित में नहीं था क्योंकि वे घटनाक्रम का संज्ञान लेने में असफल रहे। भारत सरकार के एक अनुभवी और वरिष्ठ अधिकारी होने के नाते, आरोपित अधिकारी–। से यह अपेक्षित था कि वे सरकार के हितों की रक्षा करते और यदि किसी सरकारी सेवक द्वारा किया गया कोई भी कृत्य प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सरकार के हितों को नुकसान पहुंचाता है तो उसे घोर कदाचार माना जाता है। ऐसे किसी कदाचार का निवारण करने और एक विश्वसनीय निर्णय लेने के लिए आरोपित अधिकारी को चाहिए था वे निविदाओं के पूलन के प्रयास का पता लगाते। इसके अलावा, निविदा बक्सों के जलने की घटना संबंधी कारणों का पता लगाने की दिशा में उनकी अकर्मण्यता पूरे घटनाक्रम पर संदेह उत्पन्न करती है और उक्त घटना का पता लगाने में उनकी असफलता से उनका दोष और अधिक गम्भीर हो जाता है।

2.4 इसके अतिरिक्त, आयोग ने पाया कि कम दरों वाली निविदाओं से संबंधित सूचना, जो निविदाओं के पैटर्न को स्पष्ट करती है, का निर्णय लिए जाने पर काफी प्रभाव होता है, और, आरोपित अधिकारी–। द्वारा न तो अपनी अनुशंसाओं में और उन ही 'ट्रेंड ऑफ टेंडर्स' पैरा में इन बातों का वर्णन किया जो निश्चित तौर पर उनकी चूक थी क्योंकि उन्होंने महत्वूपर्ण तथ्यों को छिपाया जिससे सरकार के राजकोष को भारी वित्तीय क्षति हो सकती थी। उनके जांच परिणामों को ध्यान में रखते हुए आयोग ने अपना निष्कर्ष दिया कि आरोपित अधिकारी–। के मामले में उन पर 'उन्हें अन्यथा रूप से ग्राह्य मासिक पेंशन में से दस प्रतिशत राशि दो वर्ष की अवधि के लिए रोके जाने' की शास्ति अधिरोपित किया जाना न्यायोचित होगा। आयोग का परामर्श 31 मई, 2011 को अनुशासनिक प्राधिकारी को संसूचित कर दिया गया था। सक्षम प्राधिकारी ने आयोग की सलाह मानते हुए 16 नवम्बर, 2011 को शास्ति आदेश जारी कर दिए। तत्पश्चात, आरोपित अधिकारी–। द्वारा दायर किए गए मूल आवेदन संख्या 3794/2012 में केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण, प्रधान न्यायपीठ के दिनांक 20 दिसम्बर, 2013 के निर्णय के अनुपालन में सक्षम प्राधिकारी ने मामले पर पुनर्विचार किया और 02 जुलाई, 2015 को नवीन आदेश जारी किया जिसमें आरोपित अधिकारी–। को आरोप मुक्त किया और 25 सितम्बर, 2002 के आरोप ज्ञापन को वापिस लिया गया।

3. आरोपित अधिकारी–।। (अधीक्षक अभियंता) के विरूद्ध आरोप की निम्नलिखित मदों के लिए 2 जनवरी, 2003 को एक दीर्घ शास्ति आरोप पत्र जारी किया गया था।

मद–। : आरोपित अधिकारी–।। निम्नलिखित बिंदुओं पर विवेचनात्मक रूप से ध्यान देने में असफल रहे।

I. निविदाओं की बिक्री के लिए तारीख को 19.12.2001 से बढ़ाकर 24.12.2001 करने के कारण।

II. निविदा बक्से का तथाकथित रूप से जलना।

III. निविदाओं की प्राप्ति के लिए निर्धारित समय अर्थात दिनांक 27.12.2001 को दोपहर 3.00 बजे से पहले प्राप्त और डाक द्वारा प्राप्त की गई निविदाओं को अनदेखा करना; निविदा प्राप्त करने की तारीख को 27.12.2001 से बढ़ाकर 19.01.2002 करना और

IV. निविदाकारों द्वारा विभाग से उनकी निविदाओं पर विचार करने का अनुरोध किए जाने के अगले ही दिन अपनी निविदाएं वापिस लेना (जो कार्यपालक अभियंता के कार्यालय में पहले ही दिनांक 27.12.2001 को निविदाएं प्राप्त किए जाने के निर्धारित समय दोपहर 3.00 बजे से पूर्व दोपहर 1.20 बजे प्राप्त हो चुकी थी)।

इन सब कारणों से उक्त चार निर्माण कार्यों की निविदाओं का पूलन करना सुविधाजनक बना। कार्यपालक इंजीनियर द्वारा उक्त चार निर्माण कार्यों के लिए पूल की गई निविदाओं के संबंध में टिप्पणियों के साथ सामग्री और श्रम की दरों और अन्य विवरण की एक प्रति मुख्य अभियंता को भेजी गई जिसकी एक प्रति आरोपित अधिकारी–।। को दी गई थी और आरोपित अधिकारी–।। ने इसे मुख्य अभियंता को उक्त चारों निर्माण कार्यों के संबंध में सबसे कम दरों वाले निविदाकारों से मोलभाव करने के लिए अग्रेषित किया जिन्हें एकत्रित किया गया और अनुपयुक्त रूप से उच्च दरें उद्धृत करवाई और उनको मंजूरी के लिए केन्द्रीय निर्माण बोर्ड को अग्रेषित किए जाने की अनुशंसा की।

मद–।।: उन्होंने 3,24,91,785/–रू. की वित्तीय विवक्षाओं वाली उक्त पूल की गई निविदाओं को अस्वीकार किए जाने की अनुशंसा नहीं की और उक्त चारों निर्माण कार्यों, (जैसा मद–। में वर्णित है) के लिए मोलभाव करने के बाद निविदाओं को मंजूरी दिए जाने की अनुशंसा करके उच्चतर प्राधिकारियों को भ्रमित किया और उन्होंने ऐसा इस तथ्य की जानकारी होते हुए किया कि उन बोलियों में कोई प्रतिस्पर्धा नहीं थी (जैसा कि उन्होंने स्वीकार किया) जिनका पूलन किया गया था और जिनमें उसी परिसर में स्वीकृत दो समान निर्माण कार्यों के लिए प्राप्त की गई अनुमानित लागत से 25.84% और 18.35% अधिक दरों की तुलना में अनुमानित लागत से क्रमशः 40.61%, 42.59%, 42.66% और 45.58% अधिक दरें उद्धृत की गई थी और इस प्रकार संगत प्रावधानों के उल्लंघन में मदद की।

उपर्युक्त चार बड़े निर्माण कार्यों की निविदाओं की कुल अनुमानित राशि 12,87,17,577/–रू. थी। निविदाओं का पूलन किया गया था और उनमें अनुचित रूप से अधिक दरें उद्धृत की गई थी। आरोपित अधिकारी–।। ने बातचीत करने के बाद उच्चतर प्राधिकारियों को अनुचित रूप से अधिक दरों वाली निविदाओं को मंजूर करने के लिए भ्रमित करने का प्रयास किया, जिसमें बड़ी वित्तीय विवक्षा सम्मिलित थी और जिसके परिणामस्वरूप सरकार को बड़ी हानि हो सकती थी।

अतः, आरोपित अधिकारी–।। पूर्ण सत्यनिष्ठा बरतने में असफल रहे और उन्होंने कर्त्तव्य के प्रति निष्ठा के अभाव का प्रदर्शन किया और इस प्रकार, केन्द्रीय सिविल सेवा (आचरण) नियमावली, 1964 के नियम 3(1)(i) एवं (ii) के प्रावधानों का उल्लंघन किया।

3.1 आरोपित अधिकारी–।। ने आरोपों का खंडन किया और उनके विरूद्ध नियमित जांच का आदेश दिया गया। जांच अधिकारी ने आरोप की दोनों मदों को 'सिद्ध नहीं' पाया। अनुशासनिक प्राधिकारी जांच के निष्कर्षों से असहमत हुए और अनुशासनिक प्राधिकारी के असहमति ज्ञापन के साथ जांच रिपोर्ट की एक प्रति आरोपित अधिकारी–।। को अग्रेषित की गई और उनका अभ्यावेदन मांगा गया। आरोपित अधिकारी–।। के अभ्यावेदन पर विचार करने के बाद अनुशासनिक प्राधिकारी ने आरोपों को

आंशिक रूप से सिद्ध पाया और आरोपित अधिकारी–।। पर उपयुक्त शास्ति अधिरोपित किए जाने के अनंतिम निर्णय के साथ मामले को परामर्श के लिए फरवरी, 2010 को आयोग को भेजा गया।

3.2 आरोपित अधिकारी–।। के मामले में, आयोग ने पाया कि असंगत पैटर्न और ठेकेदारों के बीच प्रत्यक्ष सांठ–गांठ, जो उनके द्वारा उद्धृत दरों से स्पष्ट थी, के बावजूद आरोपित अधिकारी–।। ने मुख्य अभियंता को की गई अपनी अनुशंसाओं में इस तथ्य का वर्णन नहीं किया कि निविदाओं का प्रबंधन/पूलन किया गया था। इस संबंध में निविदाओं द्वारा उद्धृत किए गए आंकड़ों से प्रस्तुत की गई दरों में असंगत पैटर्न स्पष्ट होता है और यह ठेकेदारों के बीच पूलन के लिए की गई सांठ–गांठ को स्पष्ट करता है। आरोपित अधिकारी–।। जैसे अनुभवी और वरिष्ठ अधिकारी से, जो अधीक्षक अभियंता के पद पर कार्यरत हो, यह अपेक्षा की जाती है कि वह इस बात के प्रति सचेत रहे कि निविदाओं का पूलन किया गया था। इन निविदाओं को जमा किए जाने के बाद की घटनाओं, जिनमें एक अंशतः जला हुआ निविदा बक्सा भी सम्मिलित था, भी इस बात का स्पष्ट सूचक हैं कि प्रतिस्पर्धात्मक दरें आमंत्रित करने का पूरा प्रयास असफल रहा और परिणामस्वरूप निविदा संबंधी प्रक्रिया निष्पक्ष नहीं रही। इस स्थिति में, अधीक्षक अभियंता के नाते, आरोपित अधिकारी–।। द्वारा उठाया जाने वाला उपयुक्त कदम यह होना चाहिए था कि वे सभी निविदाओं को सीधे–सीधे अस्वीकार किए जाने और यह सुनिश्चित करने की अनुशंसा करने के बाद में फिर से निविदाएं आमंत्रित करने की पहले हुई घटनाएं दोबारा न हों और निविदा प्रक्रिया में भाग लेने के इच्छुक भागीदारों को निष्पक्ष वातावरण में उपयुक्त अवसर उपलब्ध हो। जिस तरह से भागीदारों ने निविदाओं का पूलन किया था, उसके मद्देनज़र मुख्य अभियंता के समक्ष यह अनुशंसा किए जाने का कोई औचित्य नहीं था कि वे निविदाकारों से बातचीत करें क्योंकि ऐसा प्रयास सार्थक नहीं होता। अतः, यह निष्कर्ष निकाला गया कि आरोपित अधिकारी–।। ने इस तरह से पूलन की गई निविदाओं की मुख्य अभियंता के समक्ष अनुशंसा करने में जानबूझकर लापरवाही बरती।

3.3 मद–।। के संबंध में आयोग ने पाया कि आरोपित अधिकारी–।। के विरूद्ध आरोप यह है कि उन्होंने 3,24,91,785/–रू. की वित्तीय विवक्षाओं वाली उक्त पूल की गई निविदाओं को अस्वीकार किए जाने की अनुशंसा नहीं की और उक्त निर्माण कार्यों के लिए मोलभाव करने के बाद निविदाओं को मंजूरी दिए जाने की अनुशंसा करके उच्चतर प्राधिकारियों को भ्रमित करने का प्रयास किया और उन्होंने ऐसा इस तथ्य की जानकारी होते हुए किया कि उन बोलियों में कोई प्रतिस्पर्धा नहीं थी (जैसा कि उन्होंने स्वीकार किया) जबकि उसी परिसर में हाल ही में हुए दो समान निर्माण की दरों की तुलना में अनुचित रूप से अधिक दरें उद्धृत की गई थी। आयोग ने पाया कि आरोपित अधिकारी–।। ने मोलभाव करने के बाद बड़ी वित्तीय विवक्षाओं वाली निविदाओं को अनुचित रूप से अधिक दरों पर स्वीकार किए जाने के लिए उच्चतर प्राधिकारियों को भ्रमित करने का प्रयास किया। अभिलेखों से यह स्पष्ट हुआ कि आरोपित अधिकारी ने पूलन की गई निविदाओं को अस्वीकार किए जाने की अनुशंसा नहीं की। तथापि, चूंकि केन्द्रीय निर्माण बोर्ड ने सभी निविदाओं को अस्वीकार कर दिया था, इसलिए सरकार को कोई वास्तविक क्षति नहीं पहुंची। अतः, इस आरोप को इस सीमा तक अंशतः सिद्ध पाया गया कि आरोपित अधिकारी ने पूलन की गई निविदाओं को अस्वीकार किए जाने की अनुशंसा नहीं की थी।

3.4 अपने निष्कर्षों के मद्देनज़र, आयोग ने मद–। को इस सीमा तक अंशतः सिद्ध पाया कि उन्होंने बातचीत करने के बाद पूलन की गई निविदाओं को मंजूरी के लिए केन्द्रीय निर्माण बोर्ड को अग्रेषित करने के लिए मुख्य अभियंता से अनुशंसा की और मद–।। को इस सीमा तक अंशतः सिद्ध पाया कि उन्होंने पूलन की गई निविदाओं को अस्वीकार किए जाने की अनुशंसा नहीं की। आयोग ने आरोपित अधिकारी–।। पर 'उनके समय वेतनमान में दो वर्ष की अवधि के लिए असंचयी प्रभाव से एक स्तर नीचे की कटौती की शास्ति, जिसका उनकी पेंशन पर प्रतिकूल असर नहीं पड़ेगा, अधिरोपित किए जाने का परामर्श दिया। आयोग का परामर्श 31 मई, 2011 को अनुशासनिक प्राधिकारी को संसूचित कर दिया गया। सक्षम प्राधिकारी ने आयोग की सलाह मानते हुए 21 दिसम्बर, 2011 को शास्ति आदेश जारी कर दिए। तत्पश्चात, आरोपित अधिकारी–।। द्वारा दायर किए गए मूल आवेदन संख्या 813/2012 में केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण, प्रधान न्यायपीठ के दिनांक 29 नवम्बर, 2012

के निर्णय के अनुपालन में सक्षम प्राधिकारी ने मामले पर पुनर्विचार किया और 01 जुलाई, 2015 को नवीन आदेश जारी किया जिसमें आरोपित अधिकारी को आरोप मुक्त किया गया और दिनांक 02.01.2003 के आरोप–ज्ञापन को वापिस लिया गया।

4. आरोपित अधिकारी–।।। (अधीक्षक अभियंता) के विरूद्ध आरोप की निम्नलिखित मदों के लिए 02 जनवरी, 2003 को एक दीर्घ शास्ति आरोप–पत्र जारी किया गया था :

मद–। :आरोपित अधिकारी–।।। निम्नलिखित बिंदुओं पर विवेचनात्मक रूप से ध्यान देने में असफल रहे

I. निविदाओं की बिक्री के लिए तारीख को 19.12.2001 से बढ़ाकर 24.12.2001 करने के कारण

II. निविदा बक्से का तथाकथित रूप से जलना।

III. निविदाओं की प्राप्ति के लिए निर्धारित समय अर्थात दिनांक 27.12.2001 को दोपहर 3.00 बजे से पहले और डाक द्वारा प्राप्त की गई निविदाओं को अनदेखा करना; निविदा प्राप्त करने की तारीख को 27.12.2001 से बढ़ाकर 19.01.2002 करना और

IV. निविदाकारों द्वारा विभाग से उनकी निविदाओं पर विचार करने का अनुरोध किए जाने के अगले ही दिन अपनी निविदा वापिस लेना (जो कार्यपालक अभियंता के कार्यालय में पहले ही दिनांक 27.12.2001 को निविदाएं प्राप्त किए जाने के निर्धारित समय दोपहर 3.00 बजे से पूर्व दोपहर 1.20 बजे प्राप्त हो चुकी थी)।

इन सब कारकों से उक्त निर्माण कार्यों की निविदाओं का पूलन करना सुविधाजनक हुआ। उक्त चार निर्माण कार्यों में से तीन के लिए पूलन की गई निविदाएं, जो आरोपित अधिकारी–।।। को कार्यपालक अभियंता से सामग्री और श्रम की दरों और अन्य विवरण के साथ प्राप्त हुई थी, उनके द्वारा मुख्य अभियंता (आरोपित अधिकारी–।) को बातचीत करने और उसके बाद मंजूरी के लिए केन्द्रीय निर्माण बोर्ड को भेजे जाने के लिए प्रस्तुत की गई थी।

मद–।। : उन्होंने 2,15,42,820/–रू. की बड़ी वित्तीय विवक्षा वाली पूलन की गई निविदाओं को अस्वीकार किए जाने की अनुशंसा नहीं की और बातचीत करने और तत्पश्चात निविदाओं को मंजूरी के लिए केन्द्रीय निर्माण बोर्ड को अग्रेषित किए जाने की अनुशंसा करके उच्च प्राधिकारियों को भ्रमित करने का प्रयास किया और उन्होंने ऐसा इस तथ्य की जानकारी होते हुए किया कि बोली में कोई प्रतिस्पर्धा नहीं थी क्योंकि निविदाओं का अनुचित रूप से अधिक दरों पर पूलन किया गया था जिनमें हाल ही में उसी परिसर में अनुमानित लागत से 25.84% और 18.35% अधिक दर पर हुए दो समान कार्यों की अपेक्षा अनुमानित लागत से क्रमशः 40.61%, 42.59% और 45.58% अधिक दरें निम्नतम दरों के रूप में उद्धृत की गई थी जैसा कि अधीक्षक अभियंता ने अपने दिनांक 12.02.2002 के पत्र में स्पष्ट किया था और आरोपित अधिकारी–।।। ने मुख्य अभियंता को संबोधित अपनी टिप्पणियों में उल्लेख किया था, और इस प्रकार संगत प्रावधानों का उल्लंघन सुकर हुआ।

उक्त तीन बड़े निर्माण कार्यों की निविदाओं की कुल अनुमानित राशि 9,72,03,896/–रू. थी। उक्त कार्यों की निविदाओं का पूलन किया गया था और अनुचित रूप से अधिक दरें उद्धृत की गई थीं। निविदाओं को अस्वीकार किए जाने की अनुशंसा न करके आरोपित अधिकारी–।।। ने मोलभाव करने के बाद उच्चतर प्राधिकारियों को अनुचित रूप से अधिक दरों वाली निविदाओं को मंजूर करने के लिए भ्रमित करने का प्रयास किया जिसमें बड़ी वित्तीय विवक्षा सम्मिलित थी और जिसके परिणामस्वरूप सरकार को बड़ी हानि हो सकती थी।

अतः आरोपित अधिकारी–।।। पूर्ण सत्यनिष्ठा बरतने में असफल रहे और कर्तव्य के प्रति निष्ठा के अभाव का प्रदर्शन किया और इस प्रकार, केन्द्रीय सिविल सेवा (आचरण) नियमावली, 1964 के नियम 3(1)(i) एवं (ii) के प्रावधानों का उल्लंघन किया।

4.1 आरोपित अधिकारी–।।। ने आरोपों का खंडन किया और उनके विरूद्ध नियमित जांच का आदेश दिया गया। जांच अधिकारी ने आरोप की दोनों मदों को 'सिद्ध नहीं' पाया। अनुशासनिक प्राधिकारी जांच के निष्कर्षों से असहमत हुए और अनुशासनिक प्राधिकारी के असहमति

ज्ञापन के साथ जांच रिपोर्ट की एक प्रति आरोपित अधिकारी–।।। को अग्रेषित की गई और उनका अभ्यावेदन मांगा गया। आरोपित अधिकारी–III के अभ्यावेदन पर विचार करने के बाद अनुशासनिक प्राधिकारी ने माना कि उनके द्वारा की गई गलतियां 'जानबूझकर की गई चूक' है क्योंकि आरोपित अधिकारी निविदाओं को अस्वीकार किए जाने की अनुशंसा करने में असफल रहे जबकि वे अच्छी तरह से जानते थे कि निविदाओं की पूलिंग हुई थी जिसमें बड़ी वित्तीय विवक्षाएं शामिल थीं। आरोपित अधिकारी–।।। पर उपयुक्त शास्ति अधिरोपित किए जाने के अनंतिम निर्णय के साथ फरवरी, 2010 में मामले को आयोग के परामर्श के लिए भेजा गया।

4.2 आरोपित अधिकारी–III के मामले में, आयोग ने पाया कि तारीखों को बढ़ाने अथवा निविदा प्रक्रिया के पुनर्निर्धारण में आरोपित अधिकारी की कोई भूमिका नहीं थी। मौजूदा परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए, उस समय केवल पुनर्निर्धारण करना ही उपयुक्त प्रतीत हो रहा था और उचित दरों की जांच के लिए मुख्य अभियंता के कार्यालय में निविदा पहुंचने के पश्चात ही आरोपित अधिकारी–III की भूमिका प्रारंभ होती है। आयोग ने यह पाया है कि मुख्य अभियंता के कार्यालय में निविदाओं की विस्तृत जांच में, आरोपित अधिकारी–III ने कहीं भी स्पष्ट रूप से सिफारिशें नहीं की थी, अपितु उन्होंने मुख्य अभियंता द्वारा अवलोकन हेतु केवल विश्लेषण प्रस्तुत किया था। उक्त ठेकेदारों द्वारा उल्लिखित विसंगतियों और अनिश्चित दरों के पैटर्न से यह स्पष्ट था कि निविदाओं को जमा किया गया था और इसमें ठेकेदारों के बीच मिलीभगत का संकेत मिलता है। आरोपित अधिकारी–III निविदाओं की पूरी तरह से अस्वीकृति का सुझाव देने में असफल रहा जो कि उनके स्वयं के कथन अनुसार सरसरी नज़र में जमा किए गए थे। इस प्रकार, आरोपित अधिकारी–III की ओर से चूक की गई थी और आयोग द्वारा आरोप का यह मद आंशिक रूप से साबित हुआ माना गया।

4.3 जहां तक मद–II का संबंध है, मामले में, आयोग ने यह पाया कि मद–II, मद–I का ही विस्तार है। आरोपित अधिकारी ने मुख्य अभियंता को निविदाओं को पूरी तरह से अस्वीकृत करने का सुझाव नहीं दिए जाने के कारण यह स्पष्ट रूप से उल्लिखित नहीं किया कि निविदाओं को जमा किया गया था। तथापि, चूंकि प्रथम बोली में प्राप्त सभी निविदाओं को केन्द्रीय निर्माण बोर्ड द्वारा अस्वीकार कर दिया गया था, इसलिए सरकार को कोई हानि नहीं हुई। इसलिए, आयोग द्वारा आरोप का यह मद इस सीमा तक आंशिक रूप से साबित हुआ माना गया कि इस तथ्य की जानकारी के बावजूद कि निविदाओं को जमा किया गया था और बोली में कोई प्रतिस्पर्धा नहीं थी, आरोपित अधिकारी–III ने मुख्य अभियंता को सौदा तय करने और निविदा को स्वीकृति हेतु केन्द्रीय निर्माण बोर्ड को अग्रेषित करने की सिफारिश की थी। उनके निष्कर्षों को ध्यान में रखते हुए, आयोग ने परामर्श दिया कि आरोपित अधिकारी–III पर 'बिना संचयी प्रभाव के अगस्त, 2011 तक वेतन समयमान में एक स्तर तक की कटौती जिससे उनकी पेंशन पर प्रतिकूल प्रभाव न हो' की शास्ति अधिरोपित की जाए। अनुशासनिक प्राधिकारी को दिनांक 31 मई, 2011 को आयोग के परामर्श के संबंध में सूचित किया गया था। आयोग के परामर्श को स्वीकार करते हुए, सक्षम प्राधिकारी ने 11 अगस्त, 2011 को शास्ति आदेश जारी कर दिए। इसके पश्चात, आरोपित अधिकारी–III द्वारा दायर मूल आवेदन सं. 540/2013 में कैट, प्रधान न्यायपीठ के दिनांक 20 दिसम्बर, 2013 के निर्णय के अनुपालन में सक्षम प्राधिकारी द्वारा मामले पर दोबारा विचार किया गया और दिनांक 02 जुलाई, 2015 को नया आदेश जारी किया जिसके जरिए आरोपित अधिकारी–III को दोषमुक्त किया गया और दिनांक 02.01.2003 का आरोप ज्ञापन वापस लिया गया।

5. सभी तीनों मामलों में, सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रारंभ में आयोग के परामर्श को स्वीकार किया गया और दिनांक 16 नवम्बर, 2011, 21 दिसम्बर, 2011 और 11 अगस्त, 2011 के संबंधित शास्ति आदेशों के जरिए इसे लागू किया गया था। इसके पश्चात, आवेदकों द्वारा दायर किए गए मूल आवेदनों में कैट के निर्णयों के अनुपालन में, प्रशासनिक प्राधिकारी द्वारा मामले पर पुनर्विचार किया गया और आरोप वापस लेने के संबंध में आदेश जारी किए गए और तीनों आरोपित अधिकारियों को दोषमुक्त किया गया। जहां तक तीनों मामलों में कैट के निर्णय का संबंध है, आयोग ने पाया कि मामले पर फैसला लेते समय कैट ने न तो मामले के गुण–दोष पर विचार किया और न ही आयोग के परामर्श पर कोई प्रतिकूल टिप्पणी दी है। कैट ने मामले को खारिज किया और केवल

प्रक्रियात्मक आदेशों, अर्थात आरोपित अधिकारियों को संघ लोक सेवा आयोग के परामर्श और केन्द्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) की रिपोर्ट की प्रति के साथ–साथ पूर्व के अंतिम आदेशों को जारी करते समय जांच रिपोर्टों के साथ अनुशासनिक प्राधिकारी का असहमति ज्ञापन प्राप्त नहीं होने, के आधार पर पूर्व के शास्ति आदेशों को अपास्त कर दिया।

6. आरोपित अधिकारियों को दोषमुक्त करने के संबंध में अनुशासनिक प्राधिकारी द्वारा दिनांक 01 जुलाई, 2015 (आरोपित अधिकारी–I) के संबंध में और दिनांक 02 जुलाई, 2015 (आरोपित अधिकारी–II एवं आरोपित अधिकारी–III) के संबंध में नए आदेश संबंधित मामलों में आयोग द्वारा दिए गए परामर्शों के विपरीत थे। आयोग ने आगे यह पाया कि मामलों पर अंतिम निर्णय लेते समय, अनुशासनिक प्राधिकारी द्वारा आयोग के परामर्श से असहमति के लिए संगत नियमों/अनुदेशों का अनुपालन नहीं किया गया था क्योंकि उन्होंने नए अंतिम आदेश जारी करते समय न तो मामले से संबंधित नए तथ्यों और परिस्थितियों के अनुसार संघ लोक सेवा आयोग को उनके पूर्व परामर्श पर पुनर्विचार करने और न ही संघ लोक सेवा आयोग के पूर्व परामर्श से असहमति को सुलझाने के लिए कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के लिए मामले को संदर्भित किया। यह मामला शहरी विकास मंत्रालय के ध्यानार्थ लाया गया जिन्होंने अपने प्रत्युत्तर में यह तर्क दिया कि माननीय कैट के निर्णयों के पश्चात अनुशासनिक प्राधिकारी के नए निष्कर्ष पर केन्द्रीय सतर्कता आयोग द्वारा पुनर्विचार किए जाने के बाद दिए गए परामर्श के आधार पर अनुशासनिक प्राधिकारी द्वारा आरोपित अधिकारियों को दोषमुक्त करने का निर्णय लिया गया। शहरी विकास मंत्रालय ने यह भी सूचित किया कि कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग ने अनुशासनिक प्राधिकारी को केन्द्रीय सतर्कता आयोग का परामर्श लेने का सुझाव दिया था परंतु संघ लोक सेवा आयोग का नहीं और चूंकि सभी तीनों मामलों में माननीय कैट के आदेशों के अनुसार मामले पर नए सिरे से विचार किया गया था, इसलिए वास्तव में इन मामलों में कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 05.12.2006 के का.ज्ञा. में निर्धारित प्रक्रिया लागू नहीं होती है।

7. कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 05.12.2006 के का.ज्ञा. के अनुसार अनुशासनिक प्राधिकारी के तर्कों की जांच की गई थी और उन्हें अस्वीकार्य पाया गया क्योंकि (यद्यपि केन्द्रीय सतर्कता आयोग द्वारा बाद में आरोपित अधिकारियों को दोषमुक्त करने का परामर्श दिया गया था) यदि अनुशासनिक प्राधिकारी का यह मत है कि संबंधित मामले में उनके द्वारा पूर्व में की गई कार्रवाई पर पुनर्विचार होना चाहिए, जो कि संघ लोक सेवा आयोग के परामर्श के अनुरूप है, तो प्रशासनिक मंत्रालय को इस मामले को पुनर्विचार हेतु संघ लोक सेवा आयोग को संदर्भित करना चाहिए था अथवा उन्हें संघ लोक सेवा आयोग के परामर्श से विशिष्ट रूप से असहमति बताते हुए कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के प्रभारी मंत्री का आदेश प्राप्त करना चाहिए था।

चूंकि सरकार द्वारा पारित अंतिम आदेश आयोग के परामर्श के अनुरूप नहीं है, इसलिए इन मामलों को आयोग के परामर्श को अस्वीकृत करने के रूप में माना गया है।

(IV)

रेल मंत्रालय के सेवानिवृत्त सीनियर सेक्शन इंजीनियर के विरूद्ध प्रारंभ की गई अनुशासनिक कार्यवाही :

आरोप की निम्नलिखित मदों के अनुसार दिनांक 20 जनवरी, 2003 को एक सेवानिवृत्त सीनियर सेक्शन इंजीनियर/सिग्नल (सी), जालंधर, उत्तर रेलवे के विरूद्ध दीर्घ शास्ति कार्यवाही प्रारंभ की गई थी:–

वर्ष 2002–2003 की अवधि के दौरान एसएसई/सिग्./कांस्ट./जेयूसी के तौर पर कार्य करने के दौरान आरोपित अधिकारी ने इस प्रकार गंभीर कदाचार किया :

मद I : एसएसई/सिग्./कांस्ट./जेयूसी के भंडार में जांच के दौरान, 12.64 लाख रु. तक की अधिक सामग्री और 9.64 लाख रु. तक की सामग्री कम पाई गई।

मद II : आरोपित अधिकारी ने खातों की अधूरी सूची प्रस्तुत करके सतर्कता दल को जानबूझकर गुमराह किया। उन्होंने तीन अघोषित खातों एल–19, एल–21 और एल–24 को तब तक अपने पास रखा जब तक कि खाता शेष और प्रत्यक्ष शेष की तुलना करने पर उन्हें स्टॉक में

बहुत बड़े अंतर की जानकारी नहीं हो गई। उन्होंने बाद में इन खातों में प्रविष्टियां की थीं।

मद III : आरोपित अधिकारी ने दिनांक 30.07.2002 को प्रत्यक्ष शेष की सही स्थिति प्रस्तुत नहीं की थी। जब स्टॉक में अंतिम अंतर उन्हें मालूम था तब उन्होंने 12 कोर केबल के 9 ड्रम कुल 4500 मीटर और 20 कोर केबल के 2 ड्रम कुल 994 मीटर दिनांक 03.12.2002 तक बेहिसाब रखे।

भूलचूक के उपर्युक्त कृत्यों द्वारा, आरोपित कर्मचारी सम्पूर्ण सत्यनिष्ठा बनाए रखने में विफल रहे, उन्होंने ड्यूटी के प्रति समर्पण में कमी दर्शाई और एक रेलवे कर्मचारी के रूप में अशोभनीय कार्य किया, इस प्रकार उन्होंने रेलवे सेवा (आचरण) नियमावली, 1966 के नियम 3 (1) (i), (ii) और (iii) का उल्लंघन किया।

2. चूंकि आरोपित अधिकारी ने आरोपों से इंकार किया, इसलिए मामले को विभागीय जांच के लिए भेजा गया था। जांच अधिकारी ने अपनी रिपोर्ट में तीनों मदों को सिद्ध हुआ माना। अनुशासनिक प्राधिकारी ने जांच निष्कर्षों को स्वीकार किया और जांच रिपोर्ट की प्रति आरोपित अधिकारी के अभ्यावेदन हेतु अग्रेषित की। जांच रिपोर्ट के प्रति आरोपित अधिकारी के अभ्यावेदन पर विचार करने के पश्चात, अनुशासनिक प्राधिकारी ने जनवरी, 2009 में आरोपित अधिकारी की पेंशन में कटौती लागू करने के अनंतिम निर्णय के साथ मामले को परामर्श हेतु आयोग को अग्रेषित किया।

3. आयोग ने, मामले पर विचार करने के पश्चात, यह पाया कि मद–I के संबंध में आरोपित अधिकारी ने तर्क दिया कि सामग्री की कमी और अधिकता के लिए भंडार क्लर्क जिम्मेदार थे। तथापि, रेलवे के सिग्नल एवं टेलीग्राफ (एस एंड टी) डिवीजन में, वरिष्ठ अधीनस्थ (आरोपित अधिकारी) भंडार, खातों और संबद्ध रिकार्ड के संरक्षक थे और उनसे अपेक्षित था कि वे इन्हें अपने संरक्षण में रखें न कि भंडार क्लर्क या किसी अन्य व्यक्ति के पास। संगत खातों में सामग्री के निर्गम और प्राप्ति को सही प्रकार से लेखबद्ध करना आरोपित अधिकारी की प्रथम जिम्मेदारी थी। खाते में प्रत्येक प्रविष्टि और खातों को सही रूप में दर्शाने हेतु उस पर प्रभारी के हस्ताक्षर होने चाहिए। इसलिए, प्रविष्टि संबंधी त्रुटियों को आरोपित अधिकारी द्वारा हस्ताक्षर करने के प्रारंभिक चरण में ही जांच लेना चाहिए था। ऐसा प्रतीत होता है कि या तो गलत प्रविष्टि संबंधी त्रुटियों को हस्ताक्षर करते समय अनदेखा किया गया था या प्रविष्टियों पर बाद में एक साथ हस्ताक्षर किए गए। आरोपित अधिकारी का यह तर्क स्वीकार्य नहीं पाया गया कि मार्च, 2002 से प्रविष्टियां अधिक समय तक लंबित होने के कारण कमियां हुई थीं क्योंकि प्रविष्टियों को दैनिक आधार पर ही पूरा किया जाना चाहिए था और यदि कमी अथवा अधिकता इस कारण थी, तो प्रभारी होने की वजह से वे इसके लिए पूर्ण रूप से उत्तरदायी थे। यह पाया गया कि उस अवधि के दौरान भंडार क्लर्क स्वीकृत अवकाश पर था। ऐसी स्थिति में, आरोपित अधिकारी का यह कर्तव्य था कि भंडार क्लर्क को ऐसी लंबी अवधि के लिए अवकाश पर जाने हेतु कार्यमुक्त करने से पूर्व उनसे खाते वापस ले लें। यह एक सामान्य परंपरा है कि जब भी कोई कर्मचारी लंबी अवधि के लिए अवकाश पर जाता है तो उसके पास रखे सभी महत्वपूर्ण दस्तावेज उससे वापस ले लिए जाते हैं और यहां तक कि अलमारी की चाबियां भी प्रभारी अधिकारी के पास रखी जाती हैं ताकि कार्यालय का काम सुचारु रूप से हो सके। इसलिए, भंडार की कमी एवं अधिकता के लिए आरोपित अधिकारी उत्तरदायी था।

3.1 मद–II के अंतर्गत यह आरोप था कि आरोपित अधिकारी ने खातों की अधूरी सूची प्रस्तुत करके और तीन अघोषित खातों को अपने पास रखकर सतर्कता दल को जानबूझकर गुमराह किया। उन्होंने इन तीन अघोषित रजिस्टरों को तब तक जमा नहीं किया जब तक कि खाता शेष और प्रत्यक्ष शेष की तुलना करने पर उन्हें स्टॉक में बहुत बड़े अंतर की जानकारी नहीं हो गई। इस संबंध में आयोग ने आरोपित अधिकारी के इन तर्कों को स्वीकार नहीं किया कि इन खातों को छिपाने का उनका कोई इरादा नहीं था, ये खाते इसलिए शामिल नहीं किए जा सके क्योंकि ये उस भंडार क्लर्क की अलमारी में बंद थे जो अवकाश पर था और इसके अतिरिक्त, एस एंड टी, वरिष्ठ अधीनस्थ (आरोपित अधिकारी) भंडार, खातों और संबद्ध रिकार्डों के संरक्षक होने के कारण खातों में कोई प्रविष्टि इसलिए नहीं की गई क्योंकि सम्पूर्ण विवरण भंडार क्लर्क के पास थे। आयोग ने यह भी पाया कि आरोपित अधिकारी प्रभारी थे और रिकार्डों को अपने व्यक्तिगत संरक्षण में रखना, न कि किसी अन्य व्यक्ति के पास रखना,

उनका कर्तव्य था। यदि तर्क के लिए यह मान भी लिया जाए कि ये खाते भंडार क्लर्क, जोकि अवकाश पर थे, द्वारा रखे गए थे, तब भी आरोपित अधिकारी को प्रभारी होने के कारण उन्हें इतने लंबे अवकाश हेतु कार्यमुक्त करने से पूर्व उनसे खाते ले लेने चाहिए थे। यह भी पाया गया कि भंडार क्लर्क द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात भी, न तो सतर्कता विभाग को तत्काल ही इन खातों के अपने पास होने के संबंध में जानकारी दी गई और न ही लेनदेन, यदि कोई हो, का उल्लेख दिनांक 13.08.2002 की विवरणी में किया गया। इन खातों की उपलब्धता केवल दिनांक 03.12.2002 की विवरणी में तब दर्शाई गई, जब उन्हें स्टॉक में अंतर के विषय में जानकारी का पता चला। इसलिए, आयोग ने यह पाया कि आरोपित अधिकारी के दुर्भावनापूर्ण इरादे और अकुशल कार्य से इंकार नहीं किया जा सकता।

3.2 मद–III के अंतर्गत आरोप था कि आरोपित अधिकारी ने कोर केबल के ड्रमों की सही स्थिति प्रस्तुत नहीं की और उन्होंने दिनांक 03.12.2002 तक कोर केबल के ड्रमों को तब तक हिसाब में नहीं लिया जब तक कि उन्हें स्टॉक में अंतिम अंतर की जानकारी नहीं हुई। आरोपित अधिकारी ने कहा कि प्रत्यक्ष शेष प्रस्तुत करते समय उन्हें इन ड्रमों का पता नहीं लगा था क्योंकि वह भंडार में अन्य सामग्रियों के ढेर में पड़े थे। आयोग ने आरोपित अधिकारी के इस तर्क को स्वीकार नहीं किया क्योंकि सिग्नलिंग स्टोर में केबल ड्रम सबसे बड़े आकार के होते हैं और इसलिए वे अन्य छोटी सामग्रियों के ढेर में दबे नहीं रह सकते हैं। आयोग ने यह पाया कि आरोपित अधिकारी द्वारा दिनांक 21.07.2002 और 13.08.2002 की विवरणी में नहीं दर्शाए जाने का तथ्य संदेह उत्पन्न करता है। आरोपित अधिकारी ने उनकी उपलब्धता दिनांक 03.12.2002 को तब घोषित की जब स्टॉक में अंतिम अंतर की उन्हें जानकारी प्राप्त हुई। चूंकि सभी प्रविष्टियां भंडार क्लर्क की लिखावट में थीं, इसलिए प्रविष्टि के समय संभावित हेरफेर से इंकार नहीं किया जा सकता। संभावना की प्रबलता के आधार पर आरोप की यह मद सिद्ध साबित हुई।

3.3 उनकी टिप्पणियों को ध्यान में रखते हुए, आयोग ने निष्कर्ष निकाला कि इस मामले में तभी न्याय हो सकेगा जब पांच वर्ष की अवधि के लिए आरोपित अधिकारी की मासिक पेंशन के 20% को रोकने और उपदान को पूर्णतः जब्त करने की शास्ति अधिरोपित की जाए। 22 जुलाई, 2009 में आयोग के परामर्श की जानकारी अनुशासनिक प्राधिकारी को दी गई। आयोग के परामर्श को स्वीकार करते हुए, सक्षम प्राधिकारी ने दिनांक 12 अक्तूबर, 2009 को शास्ति आदेश जारी कर दिए।

4. शास्ति से व्यथित होने पर, आरोपित अधिकारी ने केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण (कैट), प्रधान न्यायपीठ, नई दिल्ली में मूल आवेदन सं.1134/2010 दायर किया। अधिकरण ने दिनांक 19 दिसम्बर, 2011 के अपने निर्णय में यह पाया कि शास्ति आदेश सर्वोच्च न्यायालय द्वारा एस.के. कपूर [(2011) 4 एस सी सी 589] के मामले में निर्धारित कानून के अनुरूप नहीं था। कैट ने दिनांक 12 अक्तूबर, 2009 के शास्ति आदेश को रद्द और अपास्त कर दिया और यह आदेश दिया कि आवेदक संघ लोक सेवा आयोग के परामर्श का उत्तर दे सकते हैं और आवेदक द्वारा प्रस्तुत उत्तर पर विचार करने के पश्चात सक्षम अधिकारी उपयुक्त आदेश पारित कर सकते हैं। इसके बाद कैट के निर्णय के अनुपालन में अनुशासनिक प्राधिकारी द्वारा मामले पर पुनर्विचार किया गया और निर्धारित प्रक्रिया का पालन करने के बाद, अनुशासनिक प्राधिकारी ने दिनांक 19 जुलाई, 2016 को आरोपित अधिकारी को अन्यथा ग्राह्य मासिक पेंशन के 5% को छः माह तक रोकने की शास्ति अधिरोपित की तथा उनको ग्राह्य उपदान राशि जारी करने के नए आदेश जारी किए।

5. अनुशासनिक प्राधिकारी द्वारा जारी अंतिम शास्ति आदेश आयोग के परामर्श के विपरीत था। यह पाया गया था कि संघ लोक सेवा आयोग द्वारा सिफारिश की गई शास्ति सक्षम प्राधिकारी को असंगत रूप से कठोर प्रतीत हुई और यह पाया गया कि आरोपित अधिकारी वास्तव में अपने पर्यवेक्षीय कर्तव्यों का अनुपालन करने में विफल रहा परंतु उनकी विफलता 'गंभीर लापरवाही दर्शाती है न कि वह कदाचार की श्रेणी में' आती है। यह देखा गया कि जब कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग से परामर्श किया गया, तो वे भी अनुशासनिक प्राधिकारी के शास्ति को कम करने के मत से सहमत थे।

6. चूंकि सरकार द्वारा पारित आदेश आयोग के परामर्श के अनुकूल नहीं था, इसलिए इसे आयोग के परामर्श को स्वीकार न करने वाले मामले के रूप में माना गया है।

(V)

संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, दूरसंचार विभाग के एक अधिकारी के विरूद्ध सीसीएस (सीसीए) नियमावली, 1965 के नियम 14 के अंतर्गत कार्रवाई।

आरोप की निम्नलिखित मद पर डिवीजनल इंजीनियर, गोवा जो बाद में सहायक महाप्रबंधक महाराष्ट्र दूरसंचार सर्किल के तौर पर तैनात थे, के विरूद्ध 2 दिसम्बर, 2005 को सीसीएस (सीसीए) नियमावली, 1965 के नियम 14 के अंतर्गत दीर्घ शास्ति कार्यवाही प्रारंभ की गई।

वर्ष 1999–2001 की अवधि के दौरान, डिवीजनल इंजीनियर (योजना), गोवा के तौर पर कार्य करने के दौरान, आरोपित अधिकारी ने सर्किल के महाप्रबंधक (टी) और उप वित्तीय सलाहकार के साथ मिलीभगत द्वारा प्रतिस्पर्धात्मक बोली/खुली निविदा आमंत्रित किए बिना एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर पैकेज प्राप्त किए और कार्य को जीएमटी की वित्तीय शक्तियों के अंतर्गत लाने हेतु कार्य के ऑर्डर का विभाजन भी किया जिससे विभाग को प्रतिस्पर्धात्मक दरें प्राप्त नहीं हो सकीं।

उक्त कृत्य द्वारा, आरोपित अधिकारी सम्पूर्ण सत्यनिष्ठा बनाए रखने, ड्यूटी के प्रति समर्पण में विफल रहे और उन्होंने एक सरकारी कर्मचारी के रूप में अशोभनीय कार्य किया, इस प्रकार उन्होंने केन्द्रीय सिविल सेवा (आचरण) नियमावली, 1964 के नियम 3 (1) (i), (ii) और (iii) का उल्लंघन किया।

2. आरोपित अधिकारी ने इस आरोप से इंकार किया और मामले को विभागीय जांच के लिए भेजा गया। जांच अधिकारी ने आरोपित अधिकारी के विरूद्ध इस आरोप को आंशिक रूप से सिद्ध माना, परंतु अनुशासनिक प्राधिकारी (डीए) जांच के निष्कर्षों से असहमत थे और उन्होंने इस आरोप को पूर्णतः सिद्ध माना। जांच रिपोर्ट के साथ असहमति ज्ञापन की एक प्रति आरोपित अधिकारी को अग्रेषित की गई और उनका अभ्यावेदन मांगा गया। आरोपित अधिकारी ने अपना अभ्यावेदन प्रस्तुत किया और निर्धारित प्रक्रिया के अनुपालन के पश्चात, आरोपित अधिकारी पर उपयुक्त शास्ति लागू करने के लिए अनुशासनिक प्राधिकारी के अनंतिम निर्णय सहित मार्च, 2011 में आयोग के परामर्श हेतु मामले को संदर्भित किया गया।

3. मामले का विस्तृत विश्लेषण करने पर, आयोग ने पाया कि गोवा दूरसंचार जिले के स्वचालन के लिए एक दूरसंचार कंपनी से तीन परियोजना प्रस्ताव प्राप्त हुए थे और इन्हें आरोपित अधिकारी के अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया गया। ये तीनों प्रस्ताव निम्नलिखित के स्वचालन हेतु प्रस्तुत किए गए थे : (1) सामग्री प्रबंधन अनुभाग (2) लेखा अनुभाग और (3) योजना एवं आकलन अनुभाग। यद्यपि उक्त कंपनी द्वारा अनुमोदन हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत करते समय सिस्टम हार्डवेयर, सिस्टम सॉफ्टवेयर और एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर की दरों का विवरण दिया गया था, फिर भी आरोपित अधिकारी ने केवल एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर को खरीदने का प्रस्ताव दिया। जब मुख्य लेखा अधिकारी द्वारा यह टिप्पणी की गई कि लागत प्रतिस्पर्धी नहीं है, तो महाप्रबंधक (टी) ने केवल एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर को खरीदने (जैसा कि आरोपित अधिकारी द्वारा प्रस्तावित किया गया था) और कीमत कम करने के लिए मोल भाव समिति गठित करने का निर्देश दिया। कंपनी के प्रतिनिधि से बातचीत के बाद, तीनों अनुभागों के लिए मूल्य कम कर दिया गया और समिति ने कार्यवृत्त प्रस्तुत किया और यह उल्लेख किया कि बातचीत द्वारा तय की गई दरें उचित हैं और उनके अनुमोदन की अनुशंसा की।

3.1 आयोग ने यह भी पाया कि महाप्रबंधक ने तीनों प्रस्तावों को यह तर्क देकर अलग से अनुमोदित किया कि सामग्री प्रबंधन अनुभाग के स्वचालन हेतु प्रायोगिक परियोजना से सामग्री के सृजन, खरीद और जारी करने पर नियंत्रण के कारण उचित माल–सूची नियंत्रण के साथ अधिक बचत होगी; लेखा अनुभाग के स्वचालन से व्यय पर उचित नियंत्रण और व्यय की निरंतर मानीटरिंग होगी; और यह कि लेखा अनुभाग का कंप्यूटरीकरण बजट पर नियंत्रण करने और सामग्री की सूची तैयार करने, व्यय पर विशेष ध्यान देने आदि के लिए अत्यंत आवश्यक है। यह भी देखा गया कि जब निविदा आमंत्रित करने से संबंधित प्रश्न उठाया गया, तो आरोपित अधिकारी ने लिखा कि – महाप्रबंधक ने प्रायोगिक परियोजना के तौर पर अनुमोदित कर दिया है। तदनुसार, आरोपित अधिकारी ने दिनांक 13.03.2000 को कार्य के लिए आदेश जारी

किया। आरोपित अधिकारी का यह तर्क कि वे जीएमटी के आदेशों का पालन करने के लिए बाध्य थे, आयोग द्वारा तर्कसंगत नहीं पाया गया क्योंकि चयन निष्पक्ष प्रक्रिया द्वारा और खुली प्रतिस्पर्धात्मक बोली आमंत्रित किए बिना नहीं किया गया था, जिससे विभाग प्रतिस्पर्धात्मक बोली से वंचित हुआ। इसलिए, निर्धारित विभागीय मानदंडों और प्रक्रियाओं के अनुसार प्रतिस्पर्धात्मक बोली प्राप्त करने के लिए निविदा आमंत्रित नहीं करने की चूक को आयोग द्वारा सिद्ध माना गया।

3.2 आरोपित अधिकारी का यह तर्क कि एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर एक स्वामित्व युक्त मद है (क्योंकि किसी अन्य कंपनी ने ऐसा प्रस्ताव नहीं दिया था), आयोग द्वारा उचित नहीं पाया गया क्योंकि उक्त कंपनी का चयन निष्पक्ष प्रक्रिया द्वारा नहीं किया गया था।

3.3 जहां तक इस आरोप का संबंध है कि आरोपित अधिकारी ने कार्य को जीएमटी की वित्तीय शक्तियों के अंतर्गत लाने हेतु कार्य के ऑर्डर का विभाजन किया जिससे विभाग को प्रतिस्पर्धात्मक दरें प्राप्त नहीं हो सकीं, आयोग ने यह पाया कि तीनों स्वतंत्र मॉड्यूलों को अलग–अलग विकसित करने अथवा सभी आवश्यकताओं के लिए एक मॉड्यूल का विकास मूलतः सॉफ्टवेयर डिजाइन और उसकी तकनीकी–आर्थिक व्यवहार्यता द्वारा संचालित था। चूंकि सामग्री प्रबंधन, लेखा और योजना एवं आकलन अनुभागों के लिए उक्त कंपनी द्वारा तीन अलग–अलग परियोजनाएं प्रस्तुत की गई थीं, और उनके लिए अलग–अलग अनुमोदन लिए गए थे, इसलिए यह निष्कर्ष निकालना कठिन था कि तीनों मॉड्यूलों का इस प्रकार विभाजन किसी व्यक्तिगत लाभ अथवा समूह के हित में किया गया था। इसके अतिरिक्त, यह प्रमाणित हो चुका है कि कार्य का विभाजन एक बेहतर विकल्प नहीं था। इसलिए, आरोप का यह भाग आरोपित अधिकारी के विरूद्ध सिद्ध नहीं माना गया।

3.4 उनके विश्लेषण के आधार पर आयोग का निष्कर्ष था कि आरोप का अनुच्छेद आरोपित अधिकारी के विरूद्ध अंशतः सिद्ध हुआ। आयोग ने आरोपित अधिकारी की 'अधिवार्षिता पर सेवानिवृत्ति तक उनके वेतन के समयमान में कमी करके एक स्तर की कटौती की शास्ति' अधिरोपित करने का परामर्श दिया था। आयोग का परामर्श 29 अप्रैल, 2011 को अनुशासनिक प्राधिकारी को भेजा गया। तदनुसार अनुशासनिक प्राधिकारी ने 16 मई, 2011 को शास्ति आदेश जारी किया।

4. आरोपित अधिकारी ने शास्ति आदेश से व्यथित होकर माननीय केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण, मुम्बई पीठ के समक्ष मूल आवेदन नं. 630/2011 दायर किया। अधिकरण ने अपने दिनांक 31 अगस्त, 2015 के निर्णय में शास्ति आदेश को खारिज करने तथा अनुशासनिक प्राधिकारी को मामला वापस भेजने का आदेश दिया ताकि अनुशासनिक प्राधिकारी रिकॉर्ड तथा माननीय केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण द्वारा अपने निर्णय में निकाले गए निष्कर्षों के आधार मामले की दोबारा समीक्षा कर सके। इसके बाद अनुशासनिक प्राधिकारी ने मामले की दोबारा समीक्षा की तथा 5 अप्रैल, 2016 को आरोपित अधिकारी के विरूद्ध लघु शास्ति का नया आदेश जारी किया तथा आरोपित अधिकारी को बिना संचयी प्रभाव के तथा उनकी पेंशन को प्रतिकूल रूप से प्रभावित किए बिना 30.05.2011 तक उनके वेतन के समयमान में कमी करके एक स्तर की कटौती का आदेश दिया; 31.05.2011 को आरोपित अधिकारी का वेतन फिर बहाल हो जाएगा। यह आयोग के परामर्श के विपरीत था।

5. इस मामले में अनुशासनिक प्राधिकारी ने शुरू में ही यह निष्कर्ष निकाल लिया कि आरोपित अधिकारी के विरूद्ध आरोप पूरी तरह से सिद्ध हैं तथा उन्हें दीर्घ शास्ति से दण्डित करना उचित होगा। इसी निष्कर्ष के साथ यह मामला आयोग को प्रेषित किया गया। परंतु आयोग ने मामले के न्यायिक विश्लेषण में यह पाया कि आरोपित अधिकारी के विरूद्ध आरोप इसी हद तक सिद्ध है कि उन्होंने निर्धारित विभागीय मानदंडों तथा प्रक्रियाओं के अनुरूप प्रतिस्पर्धात्मक बोलियां हासिल करने के लिए निविदाएं आमंत्रित करने की सिफारिश न करने की भूल की। अनुशासनिक प्राधिकारी ने आयोग द्वारा सुझाई गई शास्ति को स्वीकार किया था तथा वही शास्ति अपने 16 मई, 2011 के आदेश द्वारा जारी की थी। हालांकि माननीय केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण के निर्णय के बाद आया अनुशासनिक प्राधिकारी का 5 अप्रैल, 2016 का नया शास्ति आदेश आयोग के परामर्श से इस मामले में अलग था कि आयोग द्वारा सुझाई गई शास्ति का प्रभाव पेंशन पर पड़ता जबकि नए शास्ति आदेश का पेंशन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। अनुशासनिक प्राधिकारी

का कहना था कि उन्होंने माननीय केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण के निष्कर्ष को ध्यान में रखते हुए शास्ति की अवधि को कम करके पहले की शास्ति में थोड़ा बदलाव किया है। अधिकरण का मानना था कि 16 मई, 2011 के आदेश द्वारा आरोपित अधिकारी को दी गई शास्ति संगत नहीं थी क्योंकि इससे उनकी पेंशन पर प्रभाव पड़ता जिससे उनके साथ गंभीर पक्षपात होता। अनुशासनिक प्राधिकारी ने दोबारा शास्ति देते हुए ऐसा कुछ भी ठोस तथ्य सामने नहीं रखा जो मामले की गुणवत्ता पर प्रभाव डाले तथा लघु शास्ति को न्यायसंगत ठहरा सके। दूसरी तरफ, आयोग ने परामर्श देते समय सिद्ध हुए आरोप की गम्भीरता, आरोपित अधिकारी की सेवानिवृत्ति की तारीख तथा उनके सेवानिवृत्ति के बाद मिलने वाले पेंशन हित लाभ पर शास्ति के प्रभाव आदि को ध्यान में रखा था।

6. यह मामला अनुशासनिक प्राधिकारी द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का अनुपालन न किए जाने का है जबकि प्रशासनिक मंत्रालय ने भी आयोग के परामर्श से असहमत होते हुए नया शास्ति आदेश जारी करने से पहले कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग से विचार–विमर्श नहीं किया और यह कहा कि लघु शास्ति का आरोपित अधिकारी की पेंशन पर कोई प्रभाव नहीं है। अस्वीकार्यता वाले मामलों में का. एवं. प्र. वि. संबंधित प्राधिकरण होने के कारण यह मामला कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के समक्ष लाया गया।

7. चूंकि सरकार द्वारा जारी आदेश आयोग के परामर्श के अनुकूल नहीं था, अतः इस मामले को आयोग के परामर्श की अस्वीकार्यता वाला मामला समझा गया है।

(VI)

गृह मंत्रालय के सशस्त्र सीमा बल के एक मुख्य चिकित्सा अधिकारी (बाद में कमाण्डेंट (चिकित्सा) के रूप में सेवानिवृत्त) के विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही

नीचे वर्णित आरोपों की मदों के आधार पर सशस्त्र सीमा बल के एक मुख्य चिकित्सा अधिकारी (बाद में कमाण्डेंट (चिकित्सा) के रूप में सेवानिवृत्त) के विरूद्ध दीर्घ शास्ति की कार्यवाही 10 मार्च, 2008 को शुरू की गई :

(I) आरोपित अधिकारी ने प्रभागीय मुख्यालय, ईटानगर में वर्ष 1999–2000 के दौरान सीमा क्षेत्र विकास कार्यक्रम के तहत दवाईयों की खरीद/सर्वेक्षण के लिए गठित लाइन समिति के पीठाधीन अधिकारी के रूप में, आपूर्ति की गई दवाईयों पर छपे अधिकतम खुदरा मूल्य को बिल में दिए गए मूल्यों के साथ मेल करके नहीं देखा और उन्होंने लाइन समिति की रिपोर्ट में इस बात पर भी ध्यान नहीं दिया कि कुछ दवाईयों की आपूर्ति केन्द्र सरकार द्वारा की गई थी जो 'बिक्री के लिए नहीं' थीं। इस तरह उन्होंने अपने कर्त्तव्य के प्रति उपेक्षा तथा निष्ठा की कमी का प्रदर्शन किया तथा कदाचार करते हुए ऐसा कार्य किया जो एक सरकारी सेवक के पद तथा प्रतिष्ठा के लिए अशोभनीय था। इस तरह उन्होंने केन्द्रीय सिविल सेवा (आचरण) नियमावली, 1964 के नियम 3(1)(ii) और (iii) का उल्लंघन किया।

(II) आरोपित अधिकारी ने वर्ष 1999–2000 में दवाईयों की खरीद/सर्वेक्षण के लिए गठित लाईन समिति के पीठासीन अधिकारी के रूप में आपूर्ति की गई दवाईयों को पूरी तरह वास्तविक रूप से प्राप्त किए बिना 17.01.2000 को लाईन समिति की स्वीकारात्मक रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस तरह उन्होंने गैर–जिम्मेदाराना तरीके से काम किया जो उनकी कर्त्तव्य के प्रति उपेक्षा तथा निष्ठा में कमी को दिखाता है। इस प्रकार उन्होंने कदाचार किया तथा एक ऐसा कार्य किया जो एक सरकारी सेवक के पद तथा प्रतिष्ठा के लिए अशोभनीय था। अतः, उन्होंने केन्द्रीय सिविल सेवा (आचरण) नियमावली, 1964 के नियम 3(1) (ii) और (iii) के उपबंधों का उल्लंघन किया।

2. आरोपित अधिकारी द्वारा आरोपों को अस्वीकार किए जाने के बाद मौखिक जांच का आदेश दिया गया। जांच अधिकारी ने मद–I को सिद्ध पाया तथा मद–II को सिद्ध नहीं पाया। अनुशासनिक प्राधिकारी जांच के निष्कर्षों से सहमत थे तथा आरोपित अधिकारी को अभ्यावेदन भेजने हेतु जांच रिपोर्ट की एक प्रति भेजी गई। अनुशासनिक प्राधिकारी ने आरोपित अधिकारी के अभ्यावेदन पर विचार किया तथा निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए मई, 2011 को यह मामला आयोग के परामर्श हेतु भेजा गया।

3. आयोग ने आरोप की मद–। का परीक्षण करने पर पाया कि आरोपित अधिकारी की अध्यक्षता में गठित लाईन समिति ने सुस्पष्ट कमियों के होते हुए भी खरीद का समर्थन किया तथा एक स्वीकारात्मक रिपोर्ट दी। यह पाया गया कि आपूर्ति की गई दवाईयों पर वर्णित अधिकतम खुदरा मूल्य बिल में दिए गए मूल्यों से मेल नहीं खाता तथा यह काफी हद तक दवाईयों पर छपे अधिकतम खुदरा मूल्य से अधिक था। मुख्य व्यय अनुमानतः 1.60 रू. लाख था जिसमें से आपूर्तिकर्ता ने 88,797/–रू. वापस कर दिए। यह अपने आप में पर्याप्त सबूत है कि पहले ज्यादा रकम का दावा किया गया था तथा लाइन समिति को दवाईयों की उचित संवीक्षा कर इस असंगति का पता लगाना चाहिए था। मद–। के अंतर्गत यह भी आरोप है कि सशस्त्र सीमा बल को आपूर्ति की गई दवाईयां वह थीं जिन पर ''केन्द्र सरकार के लिए आपूर्ति, बिक्री के लिए नहीं'' लिखा हुआ था। यह भी रिकॉर्ड करने लायक बात है कि आरोपित अधिकारी तथा लाइन समिति के दूसरे सदस्यों को दवाईयों का निरीक्षण करते समय इस बात पर ध्यान देना चाहिए था।

3.1 आयोग ने यह भी पाया है कि यह मामला पुराना है तथा यह वर्ष 1999–2000 में हुई खरीद से जुड़ा है तथा इससे संगठन को जो क्षति पहुंची, यदि कोई हो, वो काफी कम थी। आरोपित अधिकारी के स्तर पर बेईमानी जैसा कुछ नहीं था परंतु इस बात में कोई शक नहीं कि लाइन समिति को अपने परीक्षण के दौरान ज्यादा सतर्क होना चाहिए था तथा मुद्रित अधिकतम खुदरा मूल्य तथा आपूर्तिकर्ता से प्राप्त बिल में वर्णित मूल्य असंगति की तरफ ध्यान देना चाहिए था। आयोग ने इस आरोप की मद को सिद्ध माना है क्योंकि यह लाइन समिति के पीठासीन अधिकारी के रूप में आरोपित अधिकारी की तरफ से लापरवाही का मामला था।

3.2 जहां तक मद–।। का प्रश्न है, आयोग ने पाया कि जांच अधिकारी ने इसे सिद्ध नहीं माना है तथा अनुशासनिक प्राधिकारी ने भी इसी को स्वीकार किया है। इसलिए आयोग ने इस आरोप पर विचार–विमर्श नहीं किया।

3.3 उनके विश्लेषण को ध्यान में रखते हुए, आयोग ने पाया कि यदि आरोपित अधिकारी पर 'बिना संचयी प्रभाव के तथा उनकी पेंशन को प्रतिकूल रूप से प्रभावित किए बिना छह माह की अवधि के लिए उनके वेतन के समयमान में कमी करके एक स्तर की कटौती' की शास्ति अधिरोपित की जाए तो यह न्याय के हित में होगा। आयोग का परामर्श 12 अक्तूबर, 2012 को अनुशासनिक प्राधिकारी को भेज दिया गया।

4. अनुशासनिक प्राधिकारी ने 27 मार्च, 2014 को यह मामला दोबारा विचार करने हेतु यह कहते हुए आयोग को भेज दिया कि जब तक मंत्रालय में सक्षम प्राधिकारी आयोग द्वारा सुझाई गई शास्ति का अनुमोदन करता तब तक आरोपित अधिकारी 30 जून, 2013 को अधिवर्षिता पर सेवानिवृत्त हो गए तथा उनके विरूद्ध कार्यवाही केन्द्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियमावली, 1972 के तहत जारी रखना जरूरी था। इस तरह आयोग द्वारा सुझाई गई शास्ति कार्यान्वित नहीं की जा सकी। इसलिए अनुशासनिक अधिकारी द्वारा केन्द्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियमावली, 1972 के नियम 9 के अंतर्गत आरोपित अधिकारी पर शास्ति अधिरोपित करने हेतु शास्ति की मात्रा निर्धारित करने के लिए आयोग से नया परामर्श मांगा गया।

4.1 आयोग ने मामले पर विचार करने के बाद यह पाया कि केन्द्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियमावली, 1972 के नियम 9 के अंतर्गत राष्ट्रपति द्वारा पेंशन रोकने की सजा उसी मामले में दी जा सकती है जहां सेवानिवृत्त अधिकारी गम्भीर कदाचार और लापरवाही का दोषी पाया जाए। आयोग ने यह भी पाया कि यद्यपि प्रस्तुत मामले में अनुशासनिक प्राधिकारी ने केन्द्रीय सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 1965 के नियम 14 के अंतर्गत दीर्घ शास्ति का आरोप पत्र जारी किया था तथापि मामले का गहन परीक्षण करने पर आयोग ने पाया कि आरोपित अधिकारी के विरूद्ध साबित आरोप इतना गम्भीर नहीं है कि उन पर दीर्घ शास्ति अधिरोपित की जाए। इसके बाद आयोग द्वारा सुझाई गई लघु शास्ति की मात्रा का निर्णय इस बात को ध्यान में रखकर लिया गया कि आरोपित अधिकारी 30 जून, 2013 को अधिवार्षिता की आयु प्राप्त करने पर सेवानिवृत्त होने जा रहा था।

4.2 आयोग ने यह भी पाया कि अनुशासनिक प्राधिकारी आरोपित अधिकारी की दिनांक 30.06.2013 को होने वाली सेवानिवृत्ति से पहले आयोग द्वारा सुझाई गई शास्ति का कार्यान्वयन नहीं कर सके जबकि आयोग के परामर्श के

अनुकूल शास्ति आदेश जारी करने के लिए साढ़े आठ माह से भी अधिक का पर्याप्त समय था। संबंधित अधिकारियों की तरफ से हुई प्रशासनसिक चूक के चलते अनुशासनिक प्राधिकारी आयोग द्वारा सुझाई गई शास्ति का कार्यान्वयन नहीं कर सके जो अंततः निष्फल हो गई। आयोग ने पाया कि इस मामले में 12 अक्तूबर, 2012 के पहले परामर्श पर दोबारा विचार करके नया परामर्श देने जैसा कुछ नहीं था तथा अनुशासनिक प्राधिकारी से अनुरोध किया गया है कि वे प्रस्तुत मामले की कार्यवाही में हुई देरी के कारणों की जांच करे तथा आयोग के परामर्श की अस्वीकार्यता की जिम्मेदारी भी तय करें। आयोग का जवाब 24 अप्रैल, 2014 को अनुशासनिक प्राधिकारी को भेजा गया।

5. इसके पश्चात 17 सितम्बर, 2014 को अनुशासनिक प्राधिकारी ने यह कहते हुए यह मामला दोबारा आयोग को भेज दिया कि सं.लो.से.आ. के निर्देशों के अनुपालन में, आयोग के परामर्श के कार्यान्वयन के मामले में कार्यवाही में हुई देरी के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के विरूद्ध उचित कार्रवाई की गई थी। चूंकि सं.लो.से.आ. के निर्देशों का अनुपालन कर लिया गया था, अतः अनुशासनिक प्राधिकारी ने केन्द्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियमावली के अंतर्गत सजा अधिरोपित करने के लिए मामले पर दोबारा विचार करने हेतु आयोग से अनुरोध किया। तथापि आयोग ने 09 दिसम्बर, 2014 को अपनी पहले वाली बात को दोहराया कि इस मामले में पहले वाले परामर्श पर दोबारा विचार करने जैसा कुछ नहीं है क्योंकि अनुशासनिक प्राधिकारी द्वारा गलती करने वाले अधिकारियों के विरूद्ध की गई कार्रवाई पूरी तरह से प्रशासनिक थी जिससे मामले के गुणावगुण नहीं बदले।

6. यह मामला 29 अप्रैल, 2015 को दोबारा परामर्श हेतु आयोग को भेजा गया। यह बताया गया कि आरोपित अधिकारी के विरूद्ध शुरू की गई विभागीय कार्यवाही को एक उचित सजा अधिरोपित करने के साथ खत्म करना है। आयोग द्वारा सुझाई गई लघु शास्ति का कार्यान्वयन नहीं किया जा सका और यदि केन्द्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियमावली, 1972 के तहत दीर्घ शास्ति अधिरोपित की जाती है तो यह आयोग के परामर्श के प्रतिकूल होगा। इसलिए मामले को सुलझाने के उद्देश्य से यह मामला कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग को परामर्श हेतु भेजा गया। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग का मत था कि अनुशासनिक प्राधिकारी को आरोपित अधिकारी की पेंशन में कटौती की शास्ति अधिरोपित करने के संबंध में अंतिम निर्णय लेने से पूर्व, मामले की सभी जानकारियां लेकर सं.लो.से.आ. से परामर्श करना चाहिए। तदनुसार, आरोपित अधिकारी को दी जाने वाली शास्ति की मात्रा पर नया परामर्श प्राप्त करने हेतु मामला आयोग को दोबारा भेजा गया। तथापि आयोग ने 26 मई, 2015 को यह कहते हुए मामला वापस भेज दिया कि कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के समक्ष अनुशासनिक प्राधिकारी को सलाह देते हुए जो तथ्य थे वे अब भी समान है तथा इस मामले में पेंशन में कटौती की शास्ति अधिरोपित नहीं की जा सकती थी क्योंकि आरोपित अधिकारी के विरूद्ध सिद्ध पाया गया आरोप इतना गम्भीर नहीं था कि उन पर दीर्घ शास्ति लगाई जा सके। वास्तव में शुरूआत में अपना परामर्श देते हुए 10 अक्तूबर, 2012 को आयोग ने यह पाया था कि यह मामला पुराना है तथा 1999–2000 में हुई खरीद से जुड़ा है तथा यदि इससे संगठन को कोई हानि भी हुई तो वो बहुत कम थी और इसमें आरोपित अधिकारी के स्तर पर बेईमानी जैसा कुछ प्रतीत नहीं हो रहा था। यह आरोपित अधिकारी के स्तर पर लापरवाही का मामला था जो इतना गम्भीर नहीं था कि उन पर दीर्घ शास्ति अधिरोपित की जाए। अपना परामर्श देते समय आयोग आरोपित अधिकारी की सेवानिवृत्ति की तारीख से भली–भांति परिचित था। मामले पर दोबारा विचार करते समय भी आयोग ने इस बात की ओर ध्यान दिलाया था कि इस मामले में पेंशन नियमावली के अंतर्गत नया परामर्श देने जैसा कुछ नहीं था क्योंकि परामर्श पत्र में यह विशेष रूप से लिखा गया था कि आरोपित अधिकारी पर अधिरोपित की जाने वाली वेतन कटौती की शास्ति 'बिना संचयी प्रभाव के होगी तथा यह उनकी पेंशन को प्रतिकूल रूप से प्रभावित नहीं करेगी।

7. अनुशासनिक प्राधिकारी ने 07 मार्च, 2017 को आरोपित अधिकारी की 'पेंशन में छह माह की अवधि के लिए 5% की कटौती' की शास्ति का अंतिम आदेश जारी किया जो आयोग के परामर्श के प्रतिकूल था।

8. चूंकि यह मामला आयोग के परामर्श के अनुरूप नहीं था अतः इस मामले को आयोग के परामर्श की अस्वीकार्यता वाले मामले के रूप में देखा गया।

अध्याय–10

आयोग के परामर्श लागू करने में विलम्ब

भर्ती नियमों की अधिसूचना में विलम्ब

कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के वर्तमान दिशानिर्देशों के अनुसार आयोग द्वारा अनुमोदित भर्ती नियमों को आयोग का परामर्श पत्र प्राप्त होने की तारीख से 10 सप्ताह के भीतर संबंधित मंत्रालयों द्वारा अधिसूचित किया जाना चाहिए। वर्ष 2016–17 के आरम्भ में, कुल 209 मामले दिशा–निर्देशों के तहत निर्धारित समयावधि बीत जाने के बाद भी अधिसूचना के लिए लंबित थे। इसके साथ ही, वर्ष 2016–17 के दौरान, 608 पदों के संबंध में आयोग द्वारा परामर्श पत्र जारी किए गए जिसके परिणामस्वरूप 817 मामले अनुमोदित हो गए जोकि संबंधित मंत्रालयों द्वारा अधिसूचित नहीं हुए। इस संबंध में मंत्रालयों/विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठकों की श्रृंखला और नियमित अनुवर्ती कार्रवाई के परिणामस्वरूप 31 मार्च, 2017 की स्थिति के अनुसार 561 मामलों अथवा कुल मामलों के 68.67% को अधिसूचित किया गया। वर्ष–वार लंबित मामलों का विवरण **तालिका–1** और **आरेख–1 (परिशिष्ट–31)** में दिया गया है :–

तालिका–1: अधिसूचना के लिए लम्बित भर्ती नियम मामले–विश्लेषण

क्रम सं.	लम्बित रहने की अवधि	दिनांक 01.04.2016 को अधिसूचना के लिए लम्बित भर्ती नियम मामले	वर्ष 2016–17 के दौरान जारी परामर्श पत्रों की संख्या	2016–17 के दौरान अधिसूचना हेतु देय परामर्श पत्रों की कुल संख्या	दिनांक 31.3.2017 को अधिसूचना के लिए लम्बित भर्ती नियम मामलों की संख्या	वर्ष 2016–17 के दौरान निपटाए गए भर्ती नियम मामले	वर्ष के दौरान प्राप्त क्लीयरेंस (%में)
(i)	(ii)	(iii)	(iv)	(v)	(vi)	(vii)	(viii)
1	2 से 3 वर्ष	12	0	12	10	2	16.67%
2	1 से 2 वर्ष	22	0	22	20	2	09.09%
3	10 सप्ताह से एक वर्ष	175	608	783	226	557	71.14%
	कुल	**209**	**608**	**817**	**256**	**561**	**68.67%**



विभिन्न परीक्षाओं के परिणामों के आधार पर आयोग द्वारा अनुशंसित उम्मीदवारों को नियुक्ति प्रस्ताव भेजने में विलम्ब

2. 31 मार्च, 2017 की स्थिति के अनुसार, कुल 20 मामले ऐसे थे, जिनमें विभिन्न परीक्षाओं के परिणाम के आधार पर आयोग द्वारा अनुशंसित उम्मीदवारों को नियुक्ति प्रस्ताव भेजने में मंत्रालयों/विभागों द्वारा एक वर्ष से अधिक की देरी की गई। इनमें से 18 मामले (पिछले वर्ष के 156 मामलों की तुलना में) ऐसे थे जिनमें अनुशंसा के बाद एक वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी ऐसे नियुक्ति प्रस्ताव अभी दिए जाने थे। शेष मामलों में से 2 मामले ऐसे हैं जिनमें प्रस्ताव भेजने में एक वर्ष से अधिक परंतु दो वर्ष से कम का विलम्ब है। पिछले वर्ष की तुलना में विलम्ब हुए 20 मामलों का ब्यौरा **तालिका–2** में दर्शाया गया है।

तालिका–2 : परीक्षा द्वारा सीधी भर्ती के अंतर्गत नियुक्ति प्रस्ताव जारी करने में होने वाला विलम्ब

क्रम सं.	विलम्ब की अवधि	ऐसे मामलों की संख्या, जिनमें नियुक्ति प्रस्ताव विलम्ब से जारी किया गया		ऐसे मामलों की संख्या जिनमें नियुक्ति प्रस्ताव अभी जारी नहीं किया गया है	
		31 मार्च, 2016 को स्थिति	31 मार्च, 2017 को स्थिति	31 मार्च, 2016 को स्थिति	31 मार्च, 2017 को स्थिति
1.	4 वर्ष और उससे अधिक	01	--	04	09
2.	3 से 4 वर्ष	01	--	01	02
3.	2 से 3 वर्ष	--	--	01	04
4.	1 से 2 वर्ष	02	02	08	03
	कुल	**04**	**02**	**14**	**18**

चयन द्वारा सीधी भर्ती के माध्यम से आयोग द्वारा अनुशंसित उम्मीदवारों को नियुक्ति प्रस्ताव भेजने में विलंब

3. वर्ष के दौरान कुल 49 मामले ऐसे थे, जिनमें चयन द्वारा सीधी भर्ती के माध्यम से आयोग द्वारा अनुशंसित उम्मीदवारों को नियुक्ति प्रस्ताव भेजने में संबंधित मंत्रालयों/विभागों द्वारा एक वर्ष से अधिक की देरी की गई।

तालिका–3 : चयन द्वारा सीधी भर्ती के तहत नियुक्ति प्रस्ताव जारी करने में विलम्ब

क्रम सं.	विलम्ब की अवधि	ऐसे मामलों की संख्या, जिनमें नियुक्ति प्रस्ताव विलम्ब से जारी किया गया		ऐसे मामलों की संख्या जिनमें नियुक्ति प्रस्ताव अभी जारी नहीं किया गया है	
		31 मार्च, 2016 को स्थिति	31 मार्च, 2017 को स्थिति	31 मार्च, 2016 को स्थिति	31 मार्च, 2017 को स्थिति
1.	4 वर्ष और उससे अधिक	0	0	10	11
2.	3 से 4 वर्ष	0	0	4	5
3.	2 से 3 वर्ष	1	1	7	2
4.	1 से 2 वर्ष	13	7	22	23
	कुल	**14**	**8**	**43**	**41**

आयोग का मत

4. **आयोग का यह दृढ़ मत है कि उनके द्वारा अनुशंसित उम्मीदवारों को, संबंधित मंत्रालयों / विभागों द्वारा नियुक्ति प्रस्ताव भेजने में अत्यधिक प्रतीक्षा नहीं कराई जानी चाहिए।** कई मामलों में, आयोग द्वारा चयनित उम्मीदवार इस बीच किसी अन्य स्थान पर नियुक्ति प्राप्त कर लेते हैं तथा सरकार के अधीन नियुक्ति के लिए उपलब्ध नहीं होते, इस प्रकार, इन उम्मीदवारों को चुनने की प्रक्रिया पूरी तरह निष्फल हो जाती है। आयोग संबंधित मंत्रालयों/विभागों द्वारा अनुशंसित उम्मीदवारों को नियुक्ति प्रस्ताव यथाशीघ्र जारी किए जाने को सुनिश्चित करने के लिए उपयुक्त उपायों को अपनाने की आवश्यकता को दोहराता है।

अध्याय–11

प्रशासन, प्रशिक्षण एवं वित्त

प्रशासन

1. **अध्यक्ष, संघ लोक सेवा आयोग को आयोग की सभी प्रशासनिक एवं वित्तीय शक्तियां प्राप्त हैं और वे विभागाध्यक्ष भी हैं।** आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों की सेवा शर्तें संघ लोक सेवा आयोग (सदस्यगण) विनियमावली, 1969 (समय–समय पर यथासंशोधित) द्वारा विनियमित होती हैं।

2. सचिव, आयोग सचिवालय के प्रमुख हैं जो भारत सरकार के अपर सचिव रैंक के अधिकारी होते हैं। 31 मार्च, 2017 को आयोग के सचिवालय में कर्मचारियों की स्वीकृत संख्या 1899 थी। सचिवालय के अधिकारियों व कर्मचारियों का संवर्ग–वार विवरण **परिशिष्ट–33** में दर्शाया गया है। कर्मचारियों की सेवा शर्तें संघ लोक सेवा आयोग (कर्मचारी वृन्द) विनियमावली, 1958 (समय–समय पर यथा संशोधित) द्वारा विनियमित होती हैं। आयोग का संगठनात्मक चार्ट **परिशिष्ट–34** पर दिया गया है। आयोग सचिवालय में अनुसूचित जाति (अनु.जा.), अनुसूचित जन जाति (अनु.ज.जा.) तथा अन्य पिछड़ा वर्ग (अ.पि.व.) तथा शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों (शा. वि.) का प्रतिनिधित्व **परिशिष्ट–35** पर दिया गया है।

प्रशिक्षण

3. आयोग के अधिकारियों/ कर्मचारियों के लिए वर्ष 2016–17 के दौरान कार्यालय में आयोजित किए गए आंतरिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों का विवरण **तालिका–।** में दिया गया है।

वित्त

4. सचिवालय में एक अपर सचिव, जो भारत सरकार में संयुक्त सचिव स्तर के अधिकारी होते हैं, को आयोग के वित्तीय सलाहकार के रूप में नामित किया गया है। वित्त सलाहकार आयोग का बजट तैयार करने, प्रचालित करने और नियंत्रित करने तथा व्यय, नियंत्रण, निगरानी से संबंधित अन्य मामलों और आयोग को वित्तीय परामर्श देने के लिए उत्तरदायी हैं। आयोग के वित्तीय सलाहकार की सहायता वित्त एवं बजट अधिकारी (एफ एंड बी ओ) द्वारा की जाती है जो लेखा और वित्तीय पृष्ठभूमि वाले अवर सचिव स्तर के अधिकारी होते हैं।

तालिका–1

क्रम सं.	पाठ्यक्रम का नाम	भाग लेने वालों का स्तर	भाग लेने वालों की संख्या
1.	टिप्पण, प्रारूपण	अनुभाग अधिकारी/ सहायक अनुभाग अधिकारी/ वरिष्ठ सचिवालय सहायक	26
2.	अवकाश नियम	अनुभाग अधिकारी/ सहायक अनुभाग अधिकारी/ वरिष्ठ सचिवालय सहायक	24
3.	यात्रा भत्ता/ छुट्टी यात्रा रियायत/ गृह निर्माण भत्ता/ सामान्य भविष्य निधि नियम	अनुभाग अधिकारी/ सहायक अनुभाग अधिकारी/ वरिष्ठ सचिवालय सहायक	23
4.	चिकित्सा परिचर्या नियम	अनुभाग अधिकारी/ सहायक अनुभाग अधिकारी/ वरिष्ठ सचिवालय सहायक	23
5.	वेतन निर्धारण और पेंशन नियम	अनुभाग अधिकारी/ सहायक अनुभाग अधिकारी/ वरिष्ठ सचिवालय सहायक	21
6.	कम्प्यूटर प्रशिक्षण (एमएस वर्ड, पावर पॉइंट, एम एस एक्सेल)	अनुभाग अधिकारी/ सहायक अनुभाग अधिकारी/ वरिष्ठ सचिवालय सहायक	23

क्रम सं.	पाठ्यक्रम का नाम	भाग लेने वालों का स्तर	भाग लेने वालों की संख्या
7.	आर टी आई एम आई एस (ऑन लाइन) पोर्टल पर आर टी आई आवेदन / अपील पर कार्रवाई से संबंधित प्रशिक्षण	अपीलीय प्राधिकारी / केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी	35

वर्ष 2016–17 के दौरान बजटीय स्थिति

संघ लोक सेवा आयोग एक संवैधानिक निकाय है जिसे संविधान के अनुच्छेद–320 और 321 के अंतर्गत महत्वूपर्ण कार्य सौंपे गए हैं, जिनमें अन्य कार्यों के साथ–साथ सरकार के अधीन वरिष्ठ स्तरीय पदों पर नियुक्ति के लिए विभिन्न प्रतिष्ठित परीक्षाओं का संचालन करवाना भी सम्मिलित है। संविधान के अनुच्छेद 322 और 113 के अनुसार, संघ लोक सेवा आयोग का बजट भारत की समेकित निधि से प्रभारित है। वित्त वर्ष 2016–17 के लिए 217.00 करोड़ रूपये (बजट अनुमान) का प्रावधान किया गया था जिसे संशोधित अनुमान के स्तर पर बढ़ाकर 241.92 करोड़ रूपये कर दिया गया था। यह प्रावधान स्थापना/प्रशासनिक व्यय तथा आयोग द्वारा संचालित की जाने वाली विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए था। परीक्षाओं का संचालन पूर्व.निर्धारित समय–सारणी के अनुसार किया जाना होता है और इसलिए, ऐसा व्यय एक प्रतिबद्ध दायित्व प्रकृति का है जिसे आस्थगित नहीं किया जा सकता। परीक्षा एवं चयन पर होने वाला व्यय प्रत्यक्ष रूप से आयोग द्वारा आयोजित की जा रही विभिन्न परीक्षाओं एवं भर्ती परीक्षणों में शामिल होने वाले उम्मीदवारों की संख्या पर निर्भर करता है। पिछले पांच वर्षों के दौरान किए गए बजट प्रावधानों तथा निधि के उपयोग के संबंध में स्थिति **तालिका–2** में दी गई है।

तालिका–2

(रु. लाख में)

वर्ष	बजट अनुमान	संशोधित अनुमान	अभ्यर्थित निधियां	निवल विनियोजन (अंतिम अनुदान)	वास्तविक व्यय	अप्रयुक्त निधि	(कॉलम 5 की तुलना में कॉलम 6) निधियों का प्रतिशत उपयोग
1	**2**	**3**	**4**	**5**	**6**	**7**	**8**
2012-13	15057.00	14653.00	404.00	14653.00	14651.87	1.13	99.99%
2013-14	15792.00	16664.00	-	16664.00	16662.55	1.45	99.99%
2014-15	17081.00	18881.00	-	18881.00	18872.75	8.25	99.96%
2015-16	20000.00	21300.00	-	21300.00	21294.59	5.41	99.97%
2016-17	21700.00	24192.00	6.69	24185.31	24178.99*	6.32	99.97%

***** वर्ष 2016–17 के लिए विस्तृत विषय शीर्ष–वार व्यय और प्राप्तियां **परिशिष्ट–36** पर दी गई है।

अध्याय–12

विविध

संघ लोक सेवा आयोग (सदस्य) विनियमावली, 1969 में किए गए संशोधन

दिनांक 10.2.2017 की राजपत्र अधिसूचना सं. 39019/5/96–स्था.(बी) (खंड-IV) द्वारा सरकार ने सं.लो.से.आ. (सदस्य) विनियमावली, 1969 का संशोधन किया।

संघ लोक सेवा आयोग संशोधन विनियमावली, 2017 के अनुसार सं.लो.से.आ. के अध्यक्ष का वेतन 2,50,000/–रू. प्रतिमाह तथा सं.लो.से.आ. के सदस्यों का वेतन 2,25,000/–रू. प्रतिमाह किया गया है। अध्यक्ष/सदस्यों की सेवा की अन्य शर्ते केन्द्र सरकार के वर्तमान में समान वेतन पाने वालो के बराबर होंगी।

सूचना का अधिकार अधिनियम – 2005

आयोग, सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 2 (ज) के अन्तर्गत "लोक प्राधिकरण" है। तदनुसार, आयोग ने 31 मार्च, 2017 की स्थिति के अनुसार अधिनियम के अन्तर्गत 35 केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारियों और 12 अपीलीय प्राधिकारियों को पदनामित किया।

2. अधिनियम के अंतर्गत सूचना की पहुंच को सुगम बनाने के लिए, प्रभावशाली उपायों के रूप में निम्नलिखित सूचना भी आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है :–

(क) आयोग।

(ख) आयोग सचिवालय का संगठनात्मक चार्ट।

(ग) विषय–सूची।

(घ) सं.लो.से.आ. में संयुक्त सचिव (निदेशक) स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों तथा उससे ऊपर के स्तर के अधिकारियों की सूची।

(ड.) संयुक्त सचिव और उससे ऊपर के स्तर से मामलों की प्रस्तुति के माध्यम।

(च) परामर्श के उद्देश्य से गठित दो या अधिक व्यक्तियों की समितियों का विवरण।

(छ) कार्य–स्थल पर महिलाओं के उत्पीड़न के निवारण हेतु बनी शिकायत समिति का विवरण।

(ज) अ.जा./ अ.ज.जा./ विकलांग व्यक्ति/ भूतपूर्व सैनिक/ अ.पि.व. के लिए सम्पर्क अधिकारी।

(झ) सं.लो.से.आ. के अपीलीय प्राधिकारी तथा के.लो.सू.अ. की सूची।

(ञ) के.लो.सू.अ. हेतु दिशा–निर्देश।

(ट) सूचना का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की मासिक प्राप्ति तथा निस्तारण का विवरण।

(ठ) आर टी आई तिमाही विवरणियां।

(ड) संघ लोक सेवा आयोग की अभिलेख प्रतिधारण अनुसूची, 2015

(ढ) विनियोजन का विवरण– संघ लोक सेवा आयोग (प्रभारित)।

(ण) सं.लो.से.आ. के अधिकारियों के अंतर्देशीय तथा विदेशी दौरों संबंधी सूचना।

(त) आयोग के ग्रुप 'क' अधिकारियों की वेतन संरचना।

(थ) आर टी आई आवेदन पत्र– प्रथम अपील तथा उनके उत्तर।

(द) पिछली अधिसूचनाएं– के.लो.सू.अ. के आदेश– अपीलीय प्राधिकारी (जुलाई, 2011 से)।

3. सूचना का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों और अपीलों की संख्या तथा उनके निपटान का विवरण **तालिका–1** में दिया गया है :–

तालिका–1

क्र.सं.	विवरण	संख्या
1	वर्ष 2016–17 के दौरान प्राप्त आर टी आई आवेदनों की कुल संख्या	5147
2	वर्ष 2016–17 के दौरान प्राप्त आर टी आई अपीलों की कुल संख्या	638

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अंतर्गत आर टी आई आवेदनों और अपीलों का निर्धारित समय सीमा के भीतर निपटान कर दिया गया।

आयोग का स्थापना दिवस

4. **आयोग का 90वां स्थापना दिवस 30 सितम्बर, 2016 को मनाया गया।** आयोग के माननीय अध्यक्ष/सदस्यों/पूर्व माननीय अध्यक्ष/सदस्यों और आयोग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने इस समारोह की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर आयोग के स्टाफ तथा सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के गीत एवं नाटक प्रभाग ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

सार्क सदस्य देशों के प्रतिनिधियों के लिए 'सरकारी पदों पर भर्ती संबंधी नियमों को बनाना तथा संशोधन' विषय पर कार्यशाला का आयोजन

5. भूटान के थिम्फू में आयोजित सार्क सदस्य देशों के लोक सेवा आयोगों के अध्यक्षों की 5वीं बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसरण में आयोग ने 28–29 नवम्बर, 2016 को सार्क सदस्य देशों के लोक सिविल सेवा आयोगों के प्रतिनिधियों के लिए **''सरकारी पदों पर भर्ती संबंधी नियमों को बनाने तथा संशोधन''** विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया। अफगानिस्तान तथा पाकिस्तान को छोड़कर सभी सार्क सदस्य देशों तथा काठमांडू स्थित सार्क सचिवालय के प्रतिनिधियों ने कार्यशाला में भाग लिया।

साक्षात्कार तकनीक पर कार्यशाला

6. सं.लो.से.आ. में 9 और 10 सितम्बर, 2016 को राज्य लोक सेवा आयोग के माननीय अध्यक्षों और माननीय सदस्यों के लिए साक्षात्कार तकनीक विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। राज्य लोक सेवा आयोग के माननीय अध्यक्षों तथा सदस्यों ने इस दो दिवसीय कार्यशाला में भाग लिया।

लोक सेवा आयोगों के अध्यक्षों का राष्ट्रीय सम्मेलन

7. राज्य लोक सेवा आयोग के अध्यक्षों के 19वें राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन 18 और 19 फरवरी, 2017 को गुजरात में कच्छ के धोरडो में किया गया।

विदेशी प्रतिनिधिमंडल का दौरा

8. डॉ. सिदेनदांबा, सदस्य, सिविल सेवा परिषद, मंगोलिया की अध्यक्षता में एक प्रतिनिधिमंडल ने 21 मार्च, 2017 को आयोग का दौरा किया तथा सं.लो.से.आ. के अध्यक्ष के साथ परस्पर विचार–विमर्श किया।

राज्य लोक सेवा आयोग के प्रतिनिधियों का दौरा

9. गुजरात में कच्छ के धोरडो में आयोजित 19वें राष्ट्रीय सम्मेलन के संबंध में 20 जनवरी, 2017 को गुजरात लोक सेवा आयोग के सचिव तथा संयुक्त सचिव ने सं.लो.से.आ. का दौरा किया। कम्प्यूटर आधारित भर्ती परीक्षा की कार्यप्रणाली पर चर्चा करने के लिए महाराष्ट्र लोक सेवा आयोग के सचिव ने 3 मार्च, 2017 को सं.लो.से.आ. का दौरा किया।

सं.लो.से.आ.(परामर्श से छूट) विनियमावली, 1958

10. वर्ष 2016–17 के दौरान, आयोग ने परामर्श के अपने दायरे से मुक्त किए जाने के संबंध में सरकार से प्राप्त 04 प्रस्तावों पर विचार किया तथा इनकी जांच करके आयोग की टिप्पणियां संबंधित मंत्रालय/विभाग को भेज दी गई। संघ लोक सेवा आयोग (परामर्श से छूट) विनियमावली, 1958 जारी होने के बाद से, 31 मार्च, 2017 की स्थिति के अनुसार आयोग के कार्य–क्षेत्र से मुक्त किए गए पदों/सेवाओं की सूची **परिशिष्ट–32** में दी गई है।

वरिष्ठता तथा सेवा संबंधी मामले

11. आयोग ने पारस्परिक वरिष्ठता संबंधी 02 मामलों में तथा विविध सेवा संबंधी 04 मामलों में अपनी सलाह दी। वर्ष 2015–16 और 2016–17 के दौरान वरिष्ठता तथा सेवा से जुड़े उन मामलों की संख्या का तुलनात्मक विवरण, जिन पर आयोग ने अपनी सलाह दी, **परिशिष्ट–3** में दिया गया है।

राज्य लोक सेवा आयोगों के अर्द्ध–वार्षिक सूचना–पत्र का प्रकाशन

12. प्रत्येक वर्ष राज्य लोक सेवा आयोगों और आयोग की विभिन्न शाखाओं से आवश्यक जानकारी/आंकड़े प्राप्त कर लोक सेवा आयोगों के दो अर्द्ध–वार्षिक सूचना–पत्र (जनवरी से जून तथा जुलाई से दिसम्बर तक की अवधि के लिए) प्रकाशित किए जाते हैं। सूचना–पत्र में आयोग तथा सभी राज्य लोक सेवा आयोगों की गतिविधियों की सूचना होती है। इस वर्ष के दौरान सूचना–पत्र का 70वां और 71वां अंक प्रकाशित हुआ।

सरकारी कार्य में हिंदी का प्रगामी प्रयोग

13. संघ लोक सेवा आयोग ने शासकीय प्रयोजनों के लिए हिंदी के प्रगामी प्रयोग के संबंध में राजभाषा अधिनियम/नियमों के प्रावधान तथा राजभाषा विभाग द्वारा समय–समय पर जारी किए गए विभिन्न आदेशों/अनुदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए पूर्ण निष्ठा के साथ ठोस प्रयास जारी रखे।

सरकार की भाषा नीति तथा कार्यक्रम का कार्यान्वयन

14. संघ लोक सेवा आयोग में एक राजभाषा शाखा है जिसके प्रभारी निदेशक (राजभाषा) हैं जिनकी सहायता के लिए दो उप निदेशक (राजभाषा), चार सहायक निदेशक (राजभाषा) एवं अन्य सहायक स्टाफ है, जो सरकार की राजभाषा नीति और संबद्ध कार्यक्रमों के अनुवीक्षण और कार्यान्वयन का कार्य देखने के साथ–साथ उन सभी दस्तावेजों के अनुवाद का कार्य भी करते हैं जिन्हें हिंदी अथवा दोनों भाषाओं अर्थात हिंदी और अंग्रेजी में जारी किया जाना अपेक्षित है।

राजभाषा कार्यान्वयन समिति

15. वर्ष 2016–17 के दौरान, सं.लो.से.आ. के सचिव/अपर सचिव की अध्यक्षता में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की चार बैठकें आयोजित की गई और समिति के निर्णयों को कार्यान्वित किए जाने के लिए आवश्यक अनुवर्ती कार्रवाई की गई।

हिंदी में पत्राचार

16. वर्ष 2016–17 के दौरान राजभाषा अधिनियम, 1963 की धारा 3(3) के अनुसरण में सामान्य आदेश, संकल्प, अधिसूचना, प्रेस विज्ञप्ति, प्रशासनिक रिपोर्ट, नियम, विनियम, निविदा सूचनाएं, निविदा प्रपत्र आदि द्विभाषी रूप से जारी किए गए। 'क' और 'ख' क्षेत्र में स्थित कार्यालयों से सामान्यतः हिन्दी में पत्राचार किया गया।

हिंदी में प्रशिक्षण

17. वर्ष 2016–17 के दौरान, हिंदी शिक्षण योजना के अंतर्गत 38 कर्मचारियों को हिन्दी टंकण का प्रशिक्षण प्रदान किया गया तथा 03 आशुलिपिकों ने हिंदी आशुलिपि का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

हिंदी कार्यशाला

18. आयोग के अधिकारियों/ कर्मचारियों को अपना सरकारी काम–काज हिंदी में करने के लिए प्रोत्साहित करने तथा हिंदी में कार्य करने की उनकी झिझक को दूर करने के लिए वर्ष 2016–17 के दौरान 04 कार्यशालाएं आयोजित की गई।

नकद पुरस्कार और प्रोत्साहन योजनाएं

19. वर्तमान में, आयोग में नकद पुरस्कारों के साथ 03 प्रोत्साहन योजनाएं लागू हैं। राजभाषा विभाग की प्रथम प्रोत्साहन योजना के अनुसरण में अधिकारियों/कर्मचारियों को अपना सरकारी कार्य मूलतः हिंदी में करने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए 02 प्रथम पुरस्कार 2000/–रूपये प्रत्येक, 03 द्वितीय पुरस्कार 1200/–रूपये प्रत्येक तथा 05 तृतीय पुरस्कार 600/–रूपये प्रत्येक तथा 17 प्रोत्साहन पुरस्कार 400/–रूपये प्रत्येक अधिकारियों/कर्मचारियों को दिए गए। इसी प्रकार, दूसरी प्रोत्साहन योजना के तहत हिंदी में डिक्टेशन देने वाले दो अधिकारियों को 2000/–रूपये प्रत्येक नकद पुरस्कार दिया गया। राजभाषा नीति के तहत प्रदान किए जाने वाले प्रोत्साहनों के अलावा, आयोग भी हिंदी में अधिकाधिक सरकारी कार्य करने वाले अनुभागों को पुरस्कृत करने के लिए प्रोत्साहन योजना चला रहा है।

हिंदी दिवस तथा पखवाड़ा

20. 1 सितम्बर, 2016 से 14 सितम्बर, 2016 तक हिन्दी पखवाड़े का आयोजन किया गया। संघ लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष द्वारा आयोग के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से सरकारी कामकाज में हिन्दी का अधिकाधिक

प्रयोग करने की अपील के साथ पखवाड़ा आरम्भ हुआ। इस अवधि के दौरान, हिंदी टिप्पण और प्रारूप लेखन, निबंध लेखन, कविता–पाठ, श्रुतलेखन, टंकण, मौके पर भाषण, आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। हिंदी पखवाड़े की समाप्ति पर 14 सितम्बर, 2016 को, आयोग की माननीय अध्यक्ष, श्रीमती अलका सिरोही की अध्यक्षता में मुख्य समारोह आयोजित किया गया, जिसमें नकद पुरस्कार और प्रमाण–पत्र प्रदान किए गए।

निरीक्षण

21. अनुभागों से प्राप्त तिमाही प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा तथा शाखा प्रमुखों द्वारा आयोजित की गई संगठन एवं पद्धति बैठकों तथा राजभाषा शाखा के सहायक निदेशकों द्वारा किए गए निरीक्षणों द्वारा हिंदी के प्रयोग की गहन मॉनीटरिंग की जाती है। वर्ष 2016–17 के दौरान, राजभाषा नीति और कार्यक्रम के अनुपालन के लिए आयोग के 30 अनुभागों का निरीक्षण किया गया।

प्रौद्योगिकी का उपयोग

22. गत कुछ वर्षों के दौरान, आयोग ने परीक्षा प्रणाली में सूचना और संचार प्रौद्योगिकियों का उपयोग किया है। इस प्रौद्योगिकीय प्रयोग का प्रमुख उद्देश्य सभी भागीदारों को जोड़ना है तथा प्रक्रियाओं एवं गतिविधियों को प्रोत्साहित करना है ताकि आयोग की कार्यप्रणाली उम्मीदवार के लिए अनुकूल वातावरण के भीतर ही अधिक सक्षम, प्रभावी और पारदर्शी बन सके।

23. आई सी टी का प्रयोग आवेदन पत्रों की प्राप्ति, प्रवेश पत्रों के वितरण और परिणामों की घोषणा के लिए किया जाता है। वर्ष 2011 से कम्प्यूटर आधारित परीक्षण/ परीक्षा आरम्भ किए जाने के बाद से सम्मिलित चिकित्सा सेवा परीक्षा और चयन द्वारा सीधी भर्ती के 45 मामलों में भर्ती परीक्षाएं कम्प्यूटर आधारित मोड द्वारा आयोजित की गई। उम्मीदवारों के लिए सूचना अधिक कारगर ढंग से प्रसारित करने के लिए आयोग ने भारत सरकार के वेबसाइट संबंधी दिशानिर्देशों के अनुसार विकसित नई वेबसाइट 02 सितम्बर, 2016 को शुरू की है। नई हाई एंड ओ एम आर मशीनों के प्रयोग से उत्तर पत्रकों के मूल्यांकन में तीव्रता आई है। इन प्रयासों के कारण आवेदन प्राप्ति से लेकर परिणामों की घोषणा तक की परीक्षा प्रक्रिया में लगने वाले समय में कटौती हुई है। आई सी टी के प्रयोग से आयोग के कार्यालय में समयबद्ध ता सुनिश्चित करने के लिए बायोमैट्रिक उपस्थिति प्रणाली का सफलतापूर्वक आरम्भ किया गया है।

परीक्षा सुधार

24. आयोग की परीक्षा सुधार शाखा प्रश्न–पत्रों की गुणवत्ता पर निगरानी रखने के लिए नियमित रूप से विभिन्न परीक्षाओं का विस्तृत सांख्यिकीय विश्लेषण करती है। यह विश्लेषण आयोजित परीक्षणों की प्रभावकारिता सुनिश्चित करने तथा परीक्षण संबंधी योजना में अपेक्षित परिवर्तन और सुधार लाने के लिए आवश्यक है।

25. सिविल सेवा (प्रधान) परीक्षा, इंजीनियरी सेवा परीक्षा और भारतीय वन सेवा (प्रधान) परीक्षा के उम्मीदवारों का समुदाय, आयु, लिंग, योग्यता और विश्वविद्यालय–वार विस्तृत विश्लेषण किया जाता है।

उम्मीदवारों पर मिथ्यानिरूपण एवं अन्य अनाचारों के लिए अधिरोपित शास्तियां

(i) परीक्षा

26. वर्ष 2016–17 के दौरान, उम्मीदवारों द्वारा किए गए अनाचारों के 11 मामले आयोग के समक्ष आए। अनाचार के इन मामलों में अन्य बातों के साथ–साथ उम्मीदवारों द्वारा जानकारी छिपाना, झूठी जानकारी प्रस्तुत करना, दूसरे उम्मीदवारों के ई–प्रवेश पत्रों में हेरफेर करके जाली दस्तावेज़ प्रस्तुत करना, परीक्षा हॉल में मोबाइल पास में रखना तथा उत्तर पुस्तिका वापस किए बिना निर्धारित समय से पूर्व परीक्षा हॉल छोड़ना आदि शामिल था। आयोग ने ऐसे मामलों को गम्भीरता से लिया और उचित प्रक्रिया अपनाकर दोषी उम्मीदवारों की उम्मीदवारी रद्द करने से लेकर आयोग की भविष्य में होने वाली परीक्षाओं/चयनों से पांच वर्ष से लेकर स्थायी रूप से विवर्जन करने तक की शास्तियां अधिरोपित कीं।

(ii) चयन द्वारा सीधी भर्ती

27. वर्ष 2016–17 के दौरान, चयन द्वारा सीधी भर्ती के मामलों में उम्मीदवारों को विवर्जित करने/अयोग्य ठहराने का कोई मामला नहीं है।

आयोग का संग्रहालय

क. संग्रहालय का निर्माण

28. आयोग के पास मूल्यवान पुरालेखीय सामग्री है जिस तक आम जनता की पहुंच आसान नहीं है, जैसे मूल पैम्फ्लेट, दस्तावेज़, रिपोर्ट तथा अन्य अभिलेख आदि। तदनुसार, संघ लोक सेवा आयोग ने एक संग्रहालय बनाने का निश्चय किया जहां पर इस प्रकार की सामग्री को विचारशील दर्शकों के लिए सुरूचिपूर्ण ढंग से प्रदर्शित किया जा सके।

ख. संग्रहालय की रूपरेखा

29. संग्रहालय निर्माण के तीन मुख्य घटक हैं। प्रत्येक घटक के अनुरूप संग्रहालय में अलग–अलग खंड बनाए गए हैं। पहला खंड सं.लो.से.आ. के इतिहास पर रोशनी डालते हुए सूचना प्रदान करता है तथा ऐसी सामग्री का प्रदर्शन करता है जिसमें मुख्य रूप से प्राचीन भारत के प्रशासनिक ढांचे तथा मध्यकाल के दौरान देश के प्रशासनिक प्रबंधन एवं भारत सरकार अधिनियम जैसे महत्वपूर्ण समय की झलक देखने को मिलती है। यह खंड दूसरे देशों की सिविल सेवाओं के संबंध में भी जानकारी देता है।

30. दूसरे खंड में संघ लोक सेवा आयोग से ही संबंधित कुछ प्रतिदर्श सामग्री, विशेषतः परीक्षाओं संबंधी पत्रक (पैम्फ्लेट) प्रदर्शित हैं।

31. तीसरे खंड में संघ लोक सेवा आयोग और उसके माध्यम से भारत में सिविल सेवाओं की गुणवत्ता को बढ़ाने हेतु सुझाव देने के लिए समय–समय पर नियुक्त विभिन्न समितियों की रिपोर्टें प्रदर्शित की गई हैं।

संघ लोक सेवा आयोग संग्रहालय की अवधारणा संघ लोक सेवा आयोग के विकास तथा विभिन्न पदों पर भर्ती प्रक्रिया की जानकारी देने के लिए की गई है और इसके माध्यम से देश की प्रशासनिक प्रणाली की झलक, उसकी विशेषता और गुणवत्ता प्रदर्शित होती है।

ग. संग्रहालय भवन

32. संग्रहालय का उद्घाटन माननीया अध्यक्ष श्रीमती अल्का सिरोही के द्वारा 11 नवम्बर, 2016 को किया गया। संग्राहलय भवन संघ लोक सेवा आयोग के परिसर, धौलपुर हाउस, शाहजहां रोड, नई दिल्ली में स्थित है। संग्रहालय में प्रवेश निःशुल्क है और संग्रहालय जनता के लिए सोमवार से शनिवार– प्रातः 10.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक खुला रहता है और रविवार तथा अन्य राजपत्रित अवकाशों के दिन बंद रहता है।

कृतज्ञता ज्ञापन

आयोग भारत सरकार के मंत्रालयों और विभागों, राज्य सरकारों, संघशासित क्षेत्रों के प्रशासनों, राज्य लोक सेवा आयोगों, विश्वविद्यालयों तथा अन्य संस्थानों द्वारा दिए गए बहुमूल्य सहयोग एवं मदद के लिए उनके प्रति आभार प्रकट करता है। उनके इस सहयोग के बिना आयोग के लिए अपने संवैधानिक कार्यों को सम्पन्न करना सम्भव नहीं हो पाता।

आयोग अपने अधिकारियों और स्टाफ के अन्य सदस्यों की भी हार्दिक सराहना करता है, जिन्होंने कठोर परिश्रम और दक्षता से अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया है।

1.	श्री दीपक गुप्ता	अध्यक्ष	20.09.2016 (अप.) को पद त्याग दिया
2.	श्रीमती अलका सिरोही	सदस्य	03.01.2017(अप.) को पद त्याग दिया।
3.	प्रो. डेविड आर.सिम्लिह	सदस्य	
4.	श्री मनबीर सिंह	सदस्य	12.9.2016 (अप.) को पद त्याग दिया।
5.	वाइस एडमिरल (सेवानिवृत्त) डी.के.दीवान	सदस्य	19.8.2016 (अप.) को पद त्याग दिया।
6.	श्री विनय मित्तल	सदस्य	
7.	श्री छतर सिंह	सदस्य	22.09.2017 को पद से त्याग पत्र दिया
8.	प्रो. हेम चंद्र गुप्ता	सदस्य	17.2.2017 (अप.) को पद त्याग दिया।
9.	श्री अरविंद सक्सेना	सदस्य	
10.	प्रो.(डा.)) प्रदीप कुमार जोशी	सदस्य	
11.	श्री भीम सैन बस्सी	सदस्य	
12	एयर मार्शल अजीत एस. भौंसले (सेवानिवृत्त)		
13.	सुश्री सुजाता मेहता	सदस्य	*

*अवकाश पर

(टी. जेकब)
सचिव
संघ लोक सेवा आयोग

दिनांक :

परिशिष्ट–1

आयोग के माननीय अध्यक्ष तथा सदस्यों के जीवनवृत्त

श्री दीपक गुप्ता

श्री दीपक गुप्ता भारतीय प्रशासनिक सेवा, झारखंड संवर्ग के 1974 बैच के अधिकारी हैं।

इन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से स्नातक परीक्षा प्रथम स्थान के साथ प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की। इन्हें कुलपति कांस्य पदक एवं अंग्रेजी साहित्य हेतु प्रतिष्ठित डॅन्न पदक भी प्रदान किया गया तथा सर्वश्रेष्ठ स्नातक पूर्व छात्र भी घोषित किया गया। इन्होंने टेनिस तथा स्क्वाश में अपने विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया। इतिहास विषय में सेंट स्टीफेंस कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय से इन्होंने स्नातकोत्तर परीक्षा पास की तथा द्वितीय स्थान पर रहे। श्री दीपक गुप्ता ने स्कूल ऑफ इन्टरनेशनल स्टडीज, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय से अंतर्राष्ट्रीय संबंधों पर एम. फिल. की उपाधि प्राप्त की तथा मेसन फेलो के रूप में केनेडी स्कूल ऑफ गवर्नमेंट, हारवर्ड विश्वविद्यालय से 1992 में लोक प्रशासन में स्नातकोत्तर उपाधि भी प्राप्त की। वर्ष 1974–76 के व्यावसायिक पाठ्यक्रम में इन्हें सर्वश्रेष्ठ भा.प्र.से. प्रोबेशनर घोषित किया गया।

बिहार में कई जिला स्तरीय पदों पर कार्य करने के उपरांत इन्होंने राज्य सरकार तथा भारत सरकार के विभिन्न विभागों में लगभग सभी क्षेत्रों में कई वर्ष कार्य किया। जिला मजिस्ट्रेट, रोहतास के रूप में इन्हें विभिन्न ग्रामीण विकास कार्यक्रमों के लिए राज्य में सर्वश्रेष्ठ कार्य निष्पादन के लिए शील्ड प्रदान की गई। राज्य सरकार में इन्होंने स्वास्थ्य, उद्योग, पेयजल, ग्रामीण विकास तथा जल संसाधन विभागों में कार्य किया। भारत सरकार के अधीन इन्होंने उद्योग विकास, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभागों में कार्य किया। इन्हें सौंपे गए कार्यों में वर्ष 1983–85 के दौरान इंडिया ट्रेड सेंटर, ब्रुसेल्स में (जूट एवं कॉयर) सलाहकार तथा वर्ष 2003–04 के दौरान दिल्ली में विश्व स्वास्थ्य संगठन में एक वर्ष तक सलाहकार का कार्यकाल भी शामिल है। जुलाई, 2008 से सितम्बर, 2011 तक वे नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार में सचिव के पद पर रहे। इन्होंने भारत के महत्वाकांक्षी राष्ट्रीय सौर मिशन का शुभारंभ किया। सेवानिवृत्ति के उपरांत इन्होंने नवीकरणीय ऊर्जा तथा ऊर्जा उपागमन क्षेत्रों में अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों द्वारा विशेषज्ञ के रूप में आमंत्रित किए जाने पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में भाग लिया।

इनके दो डाक्यूमेंट्री अध्ययन भी प्रकाशित हुए हैं :– प्रथमः इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइसेंज, दिल्ली द्वारा प्रकाशित 'ए डाक्यूमेंट्री स्टडी ऑफ पार्टीसिपेटरी इमेजीनेशन मैनेजमेंट। द्वितीयः स्वास्थ्य मंत्रालय के केन्द्रीय टी.बी. प्रभाग द्वारा प्रकाशित 'कवरिंग ए बिलियन विद डॉट्स' है। एस.ए.जी.ई. ने इनके द्वारा संयुक्त रूप से लिखित पुस्तक ''अचीविंग यूनीवर्सल एनर्जी एक्सेस इन इंडिया : चेलेंजिज एंड वे फॉरवर्ड'' भी प्रकाशित की है।

श्री दीपक गुप्ता, दिनांक 22 नवम्बर, 2014 को संघ लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष नियुक्त हुए तथा 20.09.2016 (अप.) को उन्होंने पद त्याग दिया।

श्रीमती अलका सिरोही

श्रीमती अलका सिरोही ने जुलाई, 1974 में भारतीय प्रशासनिक सेवा में कार्यभार ग्रहण किया है। इन्होंने, मध्यप्रदेश में विभिन्न पदों पर कार्य किया है जैसे–कार्यपालक निदेशक, पर्यावरण योजना एवं समन्वय संगठन तथा महानिदेशक, आपदा प्रबंधन संस्थान के साथ–साथ उप–प्रभागीय मजिस्ट्रेट, समाहर्ता और जिला मजिस्ट्रेट, अपर सचिव, कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं प्रशिक्षण; अपर सचिव, आवास एवं पर्यावरण। इन्होंने उच्चतर शिक्षा आयुक्त के रूप में भी कार्य किया है और राज्य सरकार के कृषि, सहकारिता और कमान क्षेत्र विकास, महिला और बाल विकास (जहां इन्होंने राज्य की पहली महिला सशक्तीकरण नीति का प्रारूप तैयार किया), खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास, व्यावसायिक कर जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में नीति निर्धारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए वर्ष 1991 से 2005 तक की 15 वर्ष की अवधि के दौरान राज्य सरकार में सचिव/प्रधान सचिव रही हैं। इन्होंने विकास आयुक्त

और पदेन प्रधान सचिव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास के रूप में भी कार्य किया, जहां ग्रामीण सड़कों की उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए कई पद्धतियां तैयार की गई, जिन्हें बाद में अन्य राज्यों में भी अपनाया गया।

राज्य सरकार में अपने कार्यकाल के दौरान, इन्होंने स्वास्थ्य के क्षेत्र में कई नए कार्यक्रमों को अपनाया, जिनमें वर्ष 1981 में इनके जिले में अत्यंत सफल रहा व्यापक प्रतिरक्षण कार्यक्रम भी शामिल है, जिसका उद्देश्य 5 वर्ष से कम आयु के सभी बच्चों को पोलियो सहित पांच ऐसी बीमारियों से बचाना था, जिनका बचाव टीकों से संभव है। इसमें अपनाई गई पद्धति बाद में वर्तमान राष्ट्रीय पल्स पोलियो कार्यक्रम में भी अपनाई गई।

भारत सरकार में इन्होंने रक्षा उत्पादन विभाग और बाद में उपभोक्ता मामले विभाग में अपर सचिव के रूप में कार्य किया, जहां ये "जागो ग्राहक जागो" नामक उपभोक्ता जागरूकता के एक मल्टी–मीडिया अभियान को डिजाइन करने के कार्य से निकटता से जुड़ी हुई थीं। सितम्बर, 2008 से अक्तूबर, 2010 तक, आप भारत सरकार में खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग में सचिव रहीं और नवम्बर, 2010 से सचिव, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग रहीं, और यह प्रभार इन्होंने जनवरी, 2012 तक संभाला। इस अवधि के दौरान, ये कई भ्रष्टाचार–निरोधी कानूनों का प्रारूप तैयार करने के कार्य से निकट से जुड़ी रहीं।

इन्होंने लोरेटो डिग्री कॉलेज, लखनऊ और लखनऊ विश्वविद्यालय में अध्ययन किया जहां से इन्होंने अपना स्नातकोत्तर पूरा किया। इन्हें समग्र अकादमिक उत्कृष्टता के लिए विश्वविद्यालय द्वारा छः स्वर्ण पदक और संसदीय पुरस्कार दिया गया।

इन्हें कार्मिक प्रबंधन का दीर्घकालीन अनुभव है।

श्रीमती अलका सिरोही ने दिनांक 04.01.2012 को संघ लोक सेवा आयोग के सदस्य के रूप में कार्यभार संभाला तथा इन्हें संविधान के अनुच्छेद 316–(1ए) के अंतर्गत 21.09.2016 को सं.लो.से.आ. के अध्यक्ष का कर्तव्य निर्वहन करने के लिए नियुक्त किया गया। 03.01.2017 (अप.) को उन्होंने पद त्याग दिया।

प्रोफेसर डेविड आर. सिम्लिह

प्रो. डेविड आर.सिम्लिह ने सेंट एडमंड कॉलेज, शिलांग में अध्ययन किया जहां से इन्होंने इतिहास में ऑनर्स के साथ स्नातक किया (1974)। तत्पश्चात इन्होंने नॉर्थ ईस्टर्न हिल यूनिवर्सिटी से इतिहास में मास्टर पाठ्यक्रम किया (1974–76)। 1979 में नॉर्थ ईस्टर्न हिल यूनिवर्सिटी (एन ई एच यू) के इतिहास विभाग में कार्यभार ग्रहण करने से पहले ये 1977 में अपने कॉलेज में परा–स्नातक अध्यापन के लिए वापस चले गए। ये इतिहास के प्रोफेसर के पद तक पहुंचे। उक्त पद के साथ–साथ ये अलग–अलग समय में डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर, प्रोक्टर डायरेक्टर, कॉलेज डिवलपमेंट काउंसिल और विभागाध्यक्ष, इतिहास विभाग, एन ई एच यू के पदों पर भी रहे। ये परीक्षा नियंत्रक, एन ई एच यू (2008 से 2010) भी रहे। इन्होंने नॉर्थ इस्टर्न हिल यूनिवर्सिटी के स्थानापन्न रजिस्ट्रार के रूप में भी कार्य किया (2010)। प्रोफेसर सिम्लिह नॉर्थ ईस्टर्न हिल यूनिवर्सिटी के सम–कुलपति (2010–2011) रहे।

भारत के राष्ट्रपति ने राजीव गांधी विश्वविद्यालय, इटानगर में आगमन के दौरान सितम्बर, 2011 में प्रोफेसर डेविड सिम्लिह को कुलपति नियुक्त किया। इन्होंने 5 अक्तूबर, 2011 को पदभार संभाला। राजीव गांधी विश्वविद्यालय में अपने कार्यकाल के दौरान प्रोफेसर सिम्लिह ने विश्वविद्यालय की व्यवस्थाओं को दुरूस्त किया। तीन वर्ष की अवधि के बाद दीक्षांत समारोह आयोजित कराया; विश्वविद्यालय द्वारा अपेक्षित वैधानिक बैठकों को व्यवस्थित किया और XIवीं योजना को कार्यान्वित करने और XIIवीं योजना के दस्तावेज़ को अंतिम रूप देने के लिए प्रशासन को तैयार किया। शैक्षिक और परीक्षा संबंधी सुधार आरम्भ करने के लिए भी कदम उठाए। राजीव गांधी विश्वविद्यालय में कई सम्मेलनों और संगोष्ठियों का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय ने अपने परिसर में भारत में संयुक्त राज्य के राजदूत और भारत में यूरोपीय राजदूतों के एक प्रतिनिधिमंडल समेत कई गण्यमान्य व्यक्तियों की मेज़बानी की। राजीव गांधी विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, कर्मचारियों और शिक्षकों ने प्रोफेसर सिम्लिह को एक भावप्रवण विदाई दी।

वर्ष 1980 में एम.फिल की उपाधि प्रदान किए जाने के बाद इन्होंने शोध कार्य जारी रखा और वर्ष 1985 में

इन्हें पीएच.डी की उपाधि प्रदान की गई। प्रोफेसर डेविड सिम्लिह ने पूंजीवाद और साम्राज्यवाद, आधुनिक भारतीय इतिहास और उत्तर पूर्वी भारत में ईसाई धर्म के इतिहास के पाठ्यक्रमों का अध्यापन कार्य किया। इन्होंने एम.फिल के 14 विद्यार्थियों और पीएच.डी डिग्रियों के लिए 8 विद्यार्थियों का सफलतापूर्वक मार्गदर्शन किया और कई अन्य विद्यार्थियों के ज्ञानगुरू भी रहे। इन्होंने नोट्र डैम यूनिवर्सिटी, यू.एस.ए. के लिए वरिष्ठ फुलब्राइट फैलोशिप; यूनाइटेड किंगडम में शोध के लिए चार्ल्स वैलेस ग्रांट और पेरिस में शोध के लिए एक इंडो–फ्रांस सांस्कृतिक आदान–प्रदान ग्रांट सहित कई प्रतिष्ठित शैक्षिक फैलोशिप प्राप्त की हैं। ऐतिहासिक अनुसंधान कार्य में गहन रूचि लेते हुए इन्होंने उस क्षेत्र के इतिहास पर अनेक पुस्तकें तथा शोध पत्रों का प्रकाशन किया है। इनका हालिया प्रकाशन है 'ऑन द एज ऑफ एम्पायरः फोर ब्रिटिश प्लान्स फॉर नार्थ ईस्ट इंडिया, (सेज प्रकाशन, 2014) और लेयर्स ऑफ हिस्ट्रीः ऐस्सेज आन द खासी– जयंतिआ (रिजेंसी प्रकाशन, 2015)। अपने शोध के चलते इन्होंने भारत सहित विदेशों में भी अत्यधिक भ्रमण किया है। फुलब्राइट फैलोशिप के दौरान इन्होंने यू.एस. के विभिन्न विश्वविद्यालयों में व्याख्यान दिए। वे दक्षिण एशियाई अध्ययन केन्द्र, कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी ; एडिनबर्ग यूनिवर्सिटी; स्वानसी यूनिवर्सिटी; इंदिरा गांधी नेशनल सेंटर फोर द् आर्ट्स, नई दिल्ली ; जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय तथा पूर्वोत्तर भारत के विश्वविद्यालयों तथा अनुसंधान संस्थानों में व्याख्यान दे चुके हैं।

प्रोफेसर डेविड आर सिम्लिह पूर्वोत्तर भारत के इतिहास पर विशेषज्ञता प्राप्त नॉर्थ–ईस्ट इंडिया हिस्ट्री एसोसिएशन, 2010–2011 के अध्यक्ष थे, जिसका गठन संगठन के अन्य दीर्घकालिक सदस्यों के साथ मिलकर किया गया था। इन्होंने आई सी एस एस आर–एन.ई.आर.सी., शिलांग के पूर्व अवैतनिक निदेशक के रूप में कार्य किया, ये दो बार भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के परिषद सदस्य रहे। ये भारतीय समाज विज्ञान अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के भी परिषद सदस्य रहे। प्रोफेसर सिम्लिह आधुनिक भारत खण्ड, भारतीय इतिहास कांग्रेस के अध्यक्ष निर्वाचित हुए तथा दिसम्बर, 2012 में इन्होंने मुम्बई विश्वविद्यालय के 73वें सत्र को संबोधित किया। इन्होंने बाकू, अज़रवेजान में 11–12 सितम्बर, 2014 को 'सिविल सेवकों की क्षमता के विकास द्वारा सिविल सेवकों की कार्य कुशलता बढ़ाना' (एन्हैंसिंग द एफीशियेंसी ऑफ सिविल सर्वेंटस थ्रू कैपेसिटी डेवलपमेंट ऑफ सिविल सर्वेंटस) विषय पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया और प्रस्तुतीकरण दिया।

प्रोफेसर डेविड आर. सिम्लिह ने 25 जून, 2012 को संघ लोक सेवा आयोग के सदस्य के रूप में कार्यभार संभाला तथा 4 जनवरी, 2017 को वह सं.लो.से.आ. के अध्यक्ष के पद पर नियुक्त हुए।

श्री मनबीर सिंह

श्री मनबीर सिंह का जन्म 13 सितम्बर, 1951 को हुआ। इन्होंने पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ (संघ राज्य क्षेत्र) के अर्थशास्त्र विभाग से अर्थशास्त्र में एम.ए.किया। 1976 में भारतीय विदेश सेवा में आए।

1978 में ईरान में तृतीय सचिव के रूप में तैनात हुए तथा 1979 में द्वितीय सचिव के पद पर पदोन्नत हुए। 1982 से 1985 तक टोरंटो, कनाडा में उपमहा वाणिज्य दूत के रूप में सेवाएं दीं। 1985–1989 तक मुख्यालय में उप सचिव प्रभारी प्रेस–संबंध के रूप में कार्य किया। भारत में राजनैतिक गतिविधियों, भारत के विदेश संबंधों तथा आर्थिक विकास पर विदेशी पत्रकारों को संबोधित किया। 1989–1992 तक पूर्व यू.एस.एस.आर. तथा बाद में रूसी गणराज्य में परामर्शकार (वाणिज्य एवं अर्थशास्त्र) के रूप में सेवाएं दीं। 1992–1995 तक संयुक्त अरब अमीरात स्थित भारतीय दूतावास में राजदूत के रूप में सेवाएं प्रदान कीं। 1999 से 2002 तक नई दिल्ली मुख्यालय में प्रोटोकॉल प्रमुख के रूप में सेवाएं प्रदान कीं। इस अवधि के दौरान राष्ट्रपतियों, प्रधानमंत्रियों तथा विदेश मंत्रियों के सभी आवागमन दौरों का आयोजन किया तथा साथ ही भारत में राजनयिक निकाय के प्रत्यायन, विशेषाधिकारों तथा सरलीकरण का कार्य भी संभाला। 2002 से 2005 तक बोस्निया व हर्जेगोविना एवं स्लोवेनिया के समवर्ती प्रत्यायन के साथ हंगरी में भारतीय राजदूत के रूप में सेवाएं प्रदान कीं। 2005 से 2008 तक ईरान में भारतीय राजदूत के रूप में सेवाएं प्रदान कीं। 2008 से 2010 तक नीदरलैंड में राजदूत के रूप में कार्य किया। 'रासायनिक हथियार रोकथाम सम्मेलन' तथा 'अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय' में भारत के प्रतिनिधि भी रहे। जुलाई, 2010 से सितम्बर, 2011 तक विदेश मंत्रालय के मुख्यालय में सचिव (आर्थिक

संबंध) के रूप में कार्य किया। ब्रिक्स, हिंद महासागर रिम देशों, जी–15, ओ.ई.सी.डी. तथा अन्य द्विपक्षीय एवं बहु–पक्षीय आर्थिक मुद्दों संबंधी मामलों को देखा।

दिनांक 03.09.2012 को संघ लोक सेवा आयोग के सदस्य के रूप में नियुक्त किए गए तथा 12.09.2016 (अप.) में उन्होंने पद त्याग दिया।

वाइस एडमिरल (सेवानिवृत्त) डी.के.दीवान

वाइस एडमिरल डी.के.दीवान, पी वी एस एम, ए वी एस एम अपनी 38 वर्ष की गौरवपूर्ण सेवा के बाद 31 अगस्त, 2011 को नेवल स्टाफ (वी सी एन एस) के वाइस चीफ के रूप में सेवानिवृत्त हुए।

वाइस एडमिरल डी.के.दीवान, राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, पुणे के छात्र रहे हैं। दिनांक 1 जुलाई, 1973 को भारतीय नौसेना में इनकी नियुक्ति हुई। अपने कार्यकाल के दौरान ये कई महत्वपूर्ण पदों पर रहे जिनमें जुलाई, 2007 से जुलाई 2009 के बीच चीफ ऑफ परसोनेल तथा 31 अगस्त, 2009 से 31 अगस्त, 2011 के बीच वाइस चीफ ऑफ नेवल स्टाफ के पद शामिल हैं।

नौसेना स्टाफ के वाइस चीफ के रूप में इनके कार्यकाल की कुछ विशेष उपलब्धियाँ हैं, जैसे इन्होंने पिछले दो वित्तीय वर्षों में पूंजीगत व्यय में 80 प्रतिशत की वृद्धि करके नौसेना के बजट का 100 प्रतिशत प्रयोग सुनिश्चित किया। इन्होंने 15 वर्षीय मैरीटाइम कैपेबिलिटी परस्पैक्टिव प्लान 2012–2027 का प्रचार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इन्होंने 1978 में गनरी अधिकारी के रूप में अर्हता प्राप्त की। भारत तथा विदेशों में कई पाठ्यक्रमों में इन्होंने उत्कृष्टता प्राप्त की। रूस में एडवान्सड मिसाइल कोर्स और पेरिस में ज्वाइंट स्टाफ कोर्स तथा लंदन के द रॉयल कॉलेज ऑफ डिफेंस स्टडिज में नेवल हायर कमांड कोर्स में स्नातक किया।

वाइस एडमिरल (से.नि.) डी.के.दीवान ने दिनांक 01.07.2013 को संघ लोक सेवा आयोग के सदस्य के रूप में कार्यभार ग्रहण किया तथा 19.08.2016 (अप.) को पद त्याग दिया।

श्री विनय मित्तल

श्री विनय मित्तल का जन्म 20 जून, 1953 को सहारनपुर (उत्तर प्रदेश) में हुआ। ये दून स्कूल, देहरादून तथा सेंट स्टीफन्स कॉलेज, दिल्ली के छात्र रहे, जहां से इन्होंने अंग्रेजी साहित्य में बी.ए.(आनर्स) किया और बाद में इन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से कानून की शिक्षा भी प्राप्त की।

भारतीय रेलवे यातायात सेवा (IRTS) के 1975 के बैच के अधिकारी श्री विनय मित्तल 30 जून, 2013 तक रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष तथा भारत सरकार के पदेन प्रधान सचिव रहे। अपने 38 वर्ष के दीर्घकालीन कार्यकाल के दौरान श्री मित्तल भारतीय रेलवे में विभिन्न प्रमुख पदों पर रहे। रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में वे भारतीय रेलवे के उच्च स्तरीय निर्णय लेने वाले निकाय के प्रमुख रहे और उनकी जिम्मेदारियों में रेलवे के 17 अंचलों, 7 उत्पादन इकाईयों, 1 अनुसंधान संगठन तथा ग्रुप 'क' अधिकारियों के प्रशिक्षण के लिए प्रमुख शैक्षणिक संस्थान के कार्यों और उनके कार्य–निष्पादन का निरीक्षण आवश्यक रूप से शामिल रहा। रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में श्री मित्तल ने भारतीय रेलवे को व्यावसायिक तौर पर चलाने, नीति निर्माण करने तथा रेलवे की कार्यप्रणाली के सभी पहलुओं को शामिल करते हुए योजना निर्माण, प्रौद्योगिकी के प्रवेश और समावेश, रेलवे के करीब 1.4 मिलियन के कार्यबल के विशाल संसाधन का विकास, प्रमुख वरिष्ठ स्तरीय पदाधिकारियों तथा उनकी टीमों की तैनाती करने में कुशलतापूर्वक नेतृत्व प्रदान करते हुए सामूहिक उद्देश्यों तथा लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित की। इन्होंने रेलवे के एच ए जी स्तर के अधिकारियों के लिए पदाधिकारियों के एमपैनलमेंट हेतु गठित विभागीय पदोन्नति समिति की अध्यक्षता भी की। रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में श्री मित्तल ने भारत सरकार की शीर्ष नौकरशाही के साथ संवादक की भूमिका निभाई, जिनमें प्रधानमंत्री कार्यालय, मंत्रिमंडल सचिवालय तथा योजना आयोग भी शामिल हैं। इन्होंने विभिन्न अन्तर–मंत्रालयी समूहों, सचिवों की समितियों तथा इसी प्रकार के अन्य उच्च स्तरीय मंचों पर रेलवे मंत्रालय का प्रतिनिधित्व किया। श्री मित्तल ने विभिन्न मंत्रालयों/विभागों की क्षेत्रगत आवश्यकताओं की प्रभावी पूर्ति के लिए महत्वपूर्ण योगदान भी दिया।

रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष रहते हुए श्री मित्तल डेडीकेटिड फ्रेट कॉरिडोर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के पदेन अध्यक्ष भी रहे जिसका गठन देश के पूर्वी तथा पश्चिमी क्षेत्र में 3000 कि.मी. से लम्बे दो आइकॉनिक हाई टैक्नालॉजी फ्रेट कॉरिडोर के निर्माण हेतु किया गया है। भारत में पहली बार इतने बड़े पैमाने पर निर्माण किया जा रहा है। श्री मित्तल के कार्यकाल में इस परियोजना में महत्वपूर्ण प्रगति हुई, जिसमें 90 प्रतिशत से ज्यादा भूमि का अधिग्रहण, सभी आवश्यक पर्यावरणीय और वन संबंधी अनापत्तियाँ जारी करना तथा साथ ही विश्व बैंक से सहायता प्राप्त खुर्जा से कानपुर तक 343 कि.मी. लम्बे पूर्वी कॉरिडोर के लिए प्रमुख सिविल निर्माण संविदा तथा जे आई सी ए से सहायता प्राप्त 641 कि.मी. लम्बे रेवाड़ी–इकबालगढ़ पश्चिमी कॉरिडोर के लिए संविदा कार्य शामिल है।

मुख्यतया श्री मित्तल के प्रयासों के कारण ही, डी एफ सी सी आई एल और आइ आर एफ सी को छोड़कर रेलवे के अन्तर्गत आने वाले सभी लोक क्षेत्र उपक्रमों के कार्यालयों के प्रमुखों के पदनामों को पुनः पद नामित करके अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक बनाकर उन्हें पूर्णतया कार्य स्वायत्तता दी गई जिससे इन संगठनों को वास्तविक स्वायत्तता प्राप्त हुई। अखिल भारतीय स्तर पर उत्कृष्ट कार्य के लिए श्री मित्तल को 1981 में रेल मंत्री का प्रतिष्ठित पुरस्कार (एम आर अवार्ड) मिला। 1992 में इन्हें यूनीवर्सिटी ऑफ वेल्स, कॉलेज ऑफ कारडीफ, यूके ने ट्रांसपोर्ट मैनेजमेंट एंड कंटेनरायजेशन में प्रमाण पत्र प्रदान किया और समुद्रीय अध्ययन तथा अन्तर्राष्ट्रीय परिवहन विभाग ने इन्हें बेस्ट प्रोजेक्ट अवार्ड भी प्रदान किया। जब ये 2009–2011 के दौरान उत्तर–पश्चिमी रेलवे के महाप्रबंधक थे उस समय क्षेत्रीय रेलवे के सभी परिचालन तथा संरचनागत मापदंडों में महत्वपूर्ण सुधार करने में समर्थ रहे जिसके लिए इन्हें अखिल भारतीय क्षेत्रीय रेलवे आधार पर 56वें रेलवे सप्ताह के दौरान उत्कृष्ट सेवा–2011 के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार के रूप में 5 अंतर–रेलवे शील्ड प्रदान की गई।

श्री मित्तल रेलवे प्रौद्योगिकी तथा इसकी कार्यशैली के विभिन्न पक्षों के अनेक उच्च स्तरीय अध्ययन के लिए प्रतिनियुक्त भारतीय प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा बनकर कई अवसरों पर यूएसए, चीन तथा अन्य देशों में गए। इन्होंने यूएसए, यूके तथा फ्रांस में विभिन्न प्रकार का प्रशिक्षण भी प्राप्त किया।

इन्हें 8 अगस्त, 2013 को सं.लो.से.आ. का सदस्य नियुक्त किया गया।

श्री छत्तर सिंह

इनका जन्म 5 मार्च, 1953 को हुआ।

इन्होंने पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ के अंग्रेजी विभाग से अंग्रेजी में स्नातकोत्तर किया। इसके पश्चात् इन्होंने मानचेस्टर विश्वविद्यालय (यूनाइटिड किंगडम) से अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर (विकास प्रशासन एवं प्रबंधन) किया।

इन्होंने 1977 में भारतीय लेखा परीक्षा तथा लेखा सेवा में कार्यभार सम्भाला और वहाँ पर लगभग तीन साल सेवा करने के बाद, 1980 में भारतीय प्रशासनिक सेवा में कार्यभार सम्भाला। इन्हें हरियाणा संवर्ग आबंटित किया गया तथा राज्य सरकार तथा भारत सरकार में इन्होंने विभिन्न पदों पर कार्य किया। तीन विभिन्न स्थानों पर उप प्रभागीय मजिस्ट्रेट की सेवाएँ देने के बाद इन्होंने दो साल जीन्द (हरियाणा) के अपर उपायुक्त तथा जीन्द के जिला ग्रामीण अभिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी के रूप में कार्य किया। इसके बाद इन्होंने रजिस्ट्रार तथा परीक्षा नियंत्रक के रूप में महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय में कार्य किया। अगस्त, 1987 से अप्रैल, 1989 तक ये महेन्द्रगढ़ जिले के नारनौल में उपायुक्त/ जिला दंडाधिकारी नियुक्त हुए। सितम्बर, 1991 तक इन्होंने हरियाणा सरकार के संयुक्त सचिव (राजनीतिक एवं सेवाएँ) के रूप में कार्य किया।

वर्ष 1991 से 1995 तक ये चंडीगढ़ (संघ राज्य क्षेत्र) में उपायुक्त–सह–सम्पदा अधिकारी रहे। इसके पश्चात् जनवरी, 1997 में इन्होंने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री कार्यालय में प्रारम्भ में निदेशक के रूप में अपना कार्यभार सम्भाला तथा नवम्बर, 1999 से जनवरी, 2005 तक संयुक्त सचिव रहे। इसके बाद ये वापिस हरियाणा सरकार में आ गए तथा मार्च, 2005 से नवम्बर, 2009 तक मुख्य मंत्री के अपर प्रधान सचिव के रूप में कार्य किया। नवम्बर, 2009 से अगस्त, 2013 तक ये मुख्य मंत्री के प्रधान सचिव तथा नई दिल्ली में हरियाणा सरकार के निवेश संवर्धन केन्द्र के मुख्य समन्वयकर्ता रहे।

2 सितम्बर, 2013 को ये संघ लोक सेवा आयोग के सदस्य नियुक्त हुए।

प्रो. एच.सी. गुप्ता

प्रोफेसर एच.सी. गुप्ता का जन्म 18 फरवरी, 1952 को हुआ। 15.05.2014 को ये संघ लोक सेवा आयोग के सदस्य नियुक्त हुए। अपनी वर्तमान नियुक्ति से पूर्व इन्होंने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली में प्रोफेसर के रूप में कार्य किया। इन्होंने 1972 में 'लैटिस डायनेमिक्स ऑफ मेटल्सः स्यूडोपोटेंशियल अप्रोच' पर अध्ययन के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली से पीएच.डी. प्राप्त की। इन्होंने फुलब्राइट फैलोशिप और साउथ–साउथ–फैलोशिप (टी. डब्ल्यू.ए.एस.), ट्रीएस्ट, इटली प्राप्त की। इन्होंने 219 से अधिक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय शोध पत्रों का लेखन किया। इन्होंने एक पुस्तक और एक समीक्षा लेख का लेखन किया, हिन्दी में एक पुस्तक का सम्पादन किया और पीएच.डी. डिग्री के लिए चौबीस से अधिक विद्यार्थियों का पर्यवेक्षण किया। ये ग्यारह शोध परियोजनाओं के सह–अन्वेषक प्रभारी भी रहे। ठोस और द्रव पदार्थों के थर्मल और इलेक्ट्रिकल गुण, कम आयामिक ठोस की आणविक गतिशीलता, माइक्रोवेव एकीकृत सर्किट इनके शोध के विषय थे। प्रोफेसर गुप्ता एक प्रख्यात अध्यापक और शैक्षिक प्रशासक रहे हैं। इन्होंने वर्ष 1971 में के.एम. कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय से एक व्याख्याता के रूप में अपना कैरियर आरम्भ किया। वर्ष 1981 से 2014 तक भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली में कार्य करते हुए इन्हें वृहद प्रशासनिक अनुभव प्राप्त हुआ। प्रोफेसर गुप्ता अपने 33 वर्षों के दीर्घकालीन कार्यकाल में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली में कई महत्वपूर्ण पदों पर रहे। वे भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली के जे ई ई (एडवांस) 2013 के आयोजक अध्यक्ष थे। इनके मार्गदर्शन में पहली बार सभी भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों में पूर्वस्नातक कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए परीक्षा का एक नया पैटर्न परिकल्पित किया गया और पूरा आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। इसके अतिरिक्त भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली के समग्र विकास के लिए नीति बनाने में इनका योगदान रहा। इन्हें विद्यार्थियों के मामलों के प्रबंधन में 14 वर्ष का लम्बा अनुभव प्राप्त है जो एक वार्डन से आरम्भ होकर डीन ऑफ स्टूडेंट्स पर समाप्त होता है। इन्होंने जुलाई, 2011 से सितम्बर, 2011 के मध्य चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ के कुलपति के रूप में भी कार्य किया। ये ग्रेजुएट एपटीट्यूड टेस्ट एग्जामिनेशन (गेट) प्रवेश परीक्षा और विभिन्न राज्य प्रवेश परीक्षाओं से संबंधित गोपनीय कार्यों से भी जुड़े रहे।

इन्हें दिनांक 15.05.2014 को संघ लोक सेवा आयोग का सदस्य नियुक्त किया गया तथा 17.02.2017 को इन्होंने पद त्याग दिया।

श्री अरविन्द सक्सेना

श्री अरविन्द सक्सेना ने दिल्ली कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग से सिविल इंजीनियरिंग का अध्ययन किया और 1978 में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, नई दिल्ली से प्रणाली एवं प्रबंधन में एम.टेक. किया। अध्ययन कार्यक्रमों के दौरान इन्होंने हिंदुस्तान फोटो फिल्म्स, ऊटाकामंड, तमिलनाडु, आपरेशंस रिसर्च ग्रुप, साराभाई ग्रुप कम्पनी बड़ौदा, गुजरात और इंजीनियरिंग प्रोजेक्टस (इण्डिया) लि. नई दिल्ली में कार्य किया जिसमें बड़ी और जटिल परियोजनाओं के प्रबंधन और नियंत्रण में अनुभव प्राप्त किया। सिविल सेवाओं के लिए अपना चयन होने पर, इन्होंने 1978 में भारतीय डाक सेवा में कार्यभार ग्रहण किया। इन्होंने डाक सेवाओं के डिवीजनल प्रमुख के रूप में भरतपुर और कोटा में कार्य किया जिसमें राजस्थान के भरतपुर, धौलपुर, कोटा, झालावाड़ और बारां जिला शामिल थे। 1982 में इन्हें विशेष कार्याधिकारी के रूप में 9वें एशियाई खेलों तथा 7वें गुटनिरपेक्ष शिखर सम्मेलन के लिए डाक सेवाओं के प्रबंधन हेतु प्रभारी बनाकर दिल्ली लाया गया। इन कार्यों को निपटाने के बाद इन्होंने डाक टिकट संग्रह अधिकारी, डाक निदेशालय नई दिल्ली के पद का कार्यभार संभाला और इसके पश्चात टिकट और मोहर आधुनिकीकरण फैक्टरी, अलीगढ़ में विशेष कार्य अधिकारी के पद पर कार्य किया। प्रतिष्ठित, डाक एवं तार प्रशिक्षण केन्द्र, सहारनपुर,उ.प्र. के प्रिंसिपल के पद पर चयनित होने से पहले इन्हें महाराष्ट्र, गुजरात और मध्यप्रदेश राज्यों में डाक प्रबंधन का कार्य देखने के लिए निदेशक, डाक प्लानिंग आपरेशंस, बम्बई के पद पर तैनात किया गया। अपने इस कार्य के दौरान उन्होंने डाक सेवाओं में उत्कृष्टता के लिए विशेषज्ञ समिति के साथ कार्य किया। इन्होंने इस समिति के लिए प्रारूप पत्र तैयार किया जिसमें डाक सेवाओं के लिए उपभोक्ता और

कर्मचारी सर्वेक्षण पर अभी तक की सबसे बड़ी रिपोर्ट और भारत में डाक कार्यों में प्रौद्योगिकी और आधुनिक प्रबंधन संव्यवहारों के आरंभ पर विशेषज्ञों के इनपुट शामिल हैं। इन्होंने मानचेस्टर यूनिवर्सिटी, यू.के. में प्रशिक्षकों के लिए एक प्रोग्राम में भी भाग लिया।

इन्होंने 1988 में कैबिनेट सचिवालय की रिसर्च एंड एनालिसिस विंग, में कार्यभार संभाला और पड़ोसी देशों में सामरिक विकास के अध्ययन में विशेषज्ञता हासिल की। इन्होंने पांच देशों और जम्मू और कश्मीर में सेवा प्रदान की। इन्होंने चीन, पाकिस्तान और अन्य क्षेत्रीय देशों के साथ–साथ, राजनीतिक, आर्थिक, सैनिक, अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के मुद्दों के विकास में डोमेन विशेषज्ञता प्राप्त करने के लिए व्यापक रूप से दौरा किया। इन्होंने 2014 में प्रभारी विशेष सचिव विमानन अनुसंधान केन्द्र के पद का कार्यभार संभाला जहां मई, 2015 में पद त्याग करने तक कार्य किया।

श्री अरविन्द सक्सेना ने 08 मई, 2015 को सदस्य, संघ लोक सेवा आयोग का कार्यभार संभाला।

प्रो. (डॉ.) प्रदीप कुमार जोशी

प्रोफेसर (डॉ.) प्रदीप कुमार जोशी इस समय संघ लोक सेवा आयोग के सदस्य हैं। इससे पहले इन्होंने अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग और अध्यक्ष, मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग के पद पर भी कार्य किया। इन्होंने निदेशक, राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान (एन आई ई पी ए), [मानव संसाधन मंत्रालय, भारत सरकार] के पद पर भी कार्य किया। अब निदेशक का पद परिवर्तित करके वाइस चांसलर एवं राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान को परिवर्तित करके राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन विश्वविद्यालय कर दिया गया है। प्रोफेसर जोशी ने 1977 में वाणिज्य में अपनी स्नातकोत्तर डिग्री प्राप्त की और 1981 में कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर से वाणिज्य में पीएच.डी की। प्रोफेसर जोशी 28 वर्षों से अधिक शिक्षा के क्षेत्र में रहे। इन्होंने मई, 2000 से 12 जून, 2006 तक रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर (म.प्र.) में प्रोफेसर, अध्यक्ष एवं डीन, प्रबंधन अध्ययन संकाय के पद पर कार्य किया। इन्होंने उक्त अवधि के दौरान (जून, 2006 तक) व्यवसाय प्रशासन, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर (म.प्र.) में अध्यक्ष, अध्ययन बोर्ड और अध्यक्ष, आर.डी.सी. के पद पर भी कार्य किया। इससे पहले, इन्होंने व्यवसाय प्रशासन विभाग, रूहेलखंड विश्वविद्यालय, बरेली (उ.प्र.) और बरेली कॉलेज, बरेली में रीडर के पद पर सेवाएं दीं।

प्रोफेसर जोशी ने शिक्षक के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान बहुत से प्रशासनिक पदों पर कार्य किया। ये भारत सरकार के अंतर्गत विभिन्न राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय समितियों के सदस्य रहे। ये संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार में भारत गणराज्य के 50वें वार्षिकोत्सव के लिए राज्य स्तरीय समिति के सदस्य; मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत शिक्षा सुधार संचालन समिति आयोग के पूर्व सदस्य; मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत दूरस्थ शिक्षा के लिए संचालन समिति–सह–वितरण केन्द्र के पूर्व सदस्य; मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत सर्व शिक्षा अभियान (एस एस ए) के लिए राष्ट्रीय साधन समूह के पूर्व सदस्य; ये केन्द्रीय शिक्षा परामर्शदात्री बोर्ड (सीएबीई) के पूर्व सदस्य रहे। यह शिक्षा के क्षेत्र में केन्द्र और राज्य सरकारों को परामर्श देने के लिए उच्चतम परामर्शदात्री बोर्ड है, प्रोफेसर जोशी प्रख्यात अनुसंधानकर्ता और शिक्षाविद हैं जिनके पास 28 वर्षों से अधिक अध्यापन का अनुभव है। इन्हें वित्तीय प्रबंधन, वित्तीय नियंत्रण, लेखांकन प्रबंधन, कराधान, ग्रामीण विकास प्रबंधन, पंचायती राज संस्थान एवं खादी ग्रामोद्योग प्रबंधन आदि क्षेत्रों में विशेषज्ञता हासिल है। इन्होंने बहुत से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों और सेमिनारों में अनुसंधान पेपरों को प्रस्तुत और प्रकाशित किया। सक्रिय शिक्षाविद होने के कारण, इन्होंने विभिन्न देशों जैसे बेल्जियम, हॉलैंड, इंग्लैंड, नेपाल और जापान में व्याख्यान दिए और शैक्षणिक विचार–विमर्श किया। इन्होंने 19 स्कॉलरों का उनके पीएच.डी के लिए पर्यवेक्षण किया और इनके दिशा–निर्देश में लगभग 24 शोध–प्रबंध प्रस्तुत किए गए।

प्रो. जोशी ने 12 मई, 2015 को सदस्य, संघ लोक सेवा आयोग का कार्यभार संभाला।

श्री भीम सैन बस्सी

श्री भीम सैन बस्सी का जन्म 20 फरवरी, 1956 को हुआ। ये दिल्ली के श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स से वाणिज्य स्नातक हैं और इसके बाद इन्होंने विधि में डिग्री

प्राप्त की। श्री बस्सी ए.जी.यू.एम.टी. (अरुणाचल प्रदेश, गोवा, मिजोरम एवं संघ शासित क्षेत्र) संवर्ग के 1977 बैच के आई.पी.एस. (भारतीय पुलिस सेवा) अधिकारी हैं। राष्ट्रीय पुलिस अकादमी, हैदराबाद में प्रशिक्षण के उपरांत इनकी प्रथम नियुक्ति 1980 में पुदुच्चेरी में सहायक पुलिस अधीक्षक के रूप में हुई। उसके पश्चात ये 3 वर्ष से अधिक समय तक अरुणाचल प्रदेश के तीन जिलों सहित विभिन्न स्थानों पर पुलिस अधीक्षक के रूप में सेवारत रहे। अक्तूबर, 1984 में इन्हें दिल्ली में तैनात किया गया, जहाँ ये 1993 तक सेवारत रहे। इनकी तैनातियों में पुलिस उपायुक्त/उत्तरी जिला, पुलिस उपायुक्त/उत्तर–पूर्वी जिला तथा पुलिस उपायुक्त/सुरक्षा शामिल हैं।

वर्ष 1993 से 1998 तक श्री बस्सी आसूचना ब्यूरो में प्रतिनियुक्ति पर रहे। संवर्ग में वापस आने पर ये वर्ष 2000 से 2002 तक चंडीगढ़ में पुलिस महानिरीक्षक के रूप में सेवारत रहे। इस कार्यावधि के पश्चात इन्हें संयुक्त पुलिस आयुक्त, दक्षिणी रेंज के रूप में पुनः दिल्ली स्थानांतरित कर दिया गया। तदुपरांत विशेष आयुक्त के रैंक पर पदोन्नति के बाद इन्होंने दिल्ली पुलिस की सतर्कता तथा आसूचना इकाइयों का नेतृत्व किया।

वर्ष 2009 में, श्री बस्सी को गोवा के पुलिस महानिदेशक के रूप में नियुक्त किया गया, जहाँ ये 2011 तक सेवारत रहे। इस अवधि के दौरान इन्होंने पुलिस की कार्य पद्धति सुधारने के लिए बहुत से कदम उठाए। इसमें गोवा में अपराधों के सही–सही पंजीकरण तथा एक आधुनिक पुलिस नियंत्रण कक्ष स्थापित करना और कमांडो इकाई का पुनर्गठन करना शामिल है। गोवा से दिल्ली वापसी पर विशेष आयुक्त प्रशासन के रूप में नियुक्त होने से पूर्व ये विशेष पुलिस आयुक्त, यातायात के रूप में सेवारत रहे। 31 जुलाई, 2013 को श्री बस्सी को पुलिस कमिश्नर, दिल्ली नियुक्त किया गया। ये फरवरी, 2016 तक, 85000 के विशाल बल को स्थायित्व प्रदान करते हुए ढाई साल से अधिक समय तक दिल्ली पुलिस के प्रमुख रहे। श्री बस्सी को इस बल की बागडोर ऐसे समय में मिली थी जब दिल्ली पुलिस, दिल्ली के नागरिकों विशेषतः महिलाओं को सुरक्षा उपलब्ध कराने के मुद्दे पर गंभीर आलोचना झेल रही थी। उनके समक्ष महिलाओं और बच्चों पर यौन हिंसा के मामलों को कम करने, आतंक से लड़ने और बढ़ते हुए अपराधों पर नियंत्रण पाने जैसी प्रमुख चुनौतियां थीं। श्री बस्सी को एक नई सोच वाले, पुलिस अधिकारी के रूप में जाना जाता था जिन्होंने पुलिस विभाग में डिजिटल तकनीक का प्रयोग बढ़ाने के लिए अनेक कदम उठाए। इस संबंध में वाहन और अन्य प्रकार की चोरी होने पर ई–एफ.आई.आर. की शुरूआत विशेषतः उल्लेखनीय है। इन्होंने दर्ज अपराधों की संख्या में कमी लाने तथा अ–पंजीकरण को समाप्त करने की दिशा में प्रभावी कदम उठाए।

श्री बस्सी को उल्लेखनीय सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक (1996) तथा विशिष्ट सेवा पदक (2002) से सम्मानित किया जा चुका है।

श्री बी.एस. बस्सी ने 31.05.2016 को सदस्य, संघ लोक सेवा आयोग का कार्यभार संभाला।

एयर मार्शल अजीत शंकरराव भौंसले (सेवानिवृत्त)

एयर मार्शल अजीत शंकरराव भौंसले ने 08 जून, 1978 को भारतीय वायु सेना में कमीशन प्राप्त किया तथा 39 वर्ष की अपनी असाधारण सेवा के बाद इन्होंने 21 फरवरी, 2017 को संघ लोक सेवा आयोग में सदस्य के रूप में कार्यभार सम्भाला।

इन्होंने भौंसला मिलिट्री स्कूल, नेशनल डिफेंस अकादमी (एनडीए), डिफेंस सर्विसेज स्टॉफ कॉलेज (डीएसएससी), कॉलेज ऑफ डिफेंस मेनेजमेंट (सीडीएम) तथा नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिफेंस स्टडीज (एनआईडीएस), जापान से शिक्षा प्राप्त की है।

संघ लोक सेवा आयोग में नियुक्ति से पूर्व इन्होंने इंटीग्रेटिड डिफेंस स्टॉफ (आईडीएस) के मुख्यालय के प्रमुख का कार्यभार सम्भाला तथा वे ज्वाईंट ऑपरेशंस, डॉक्ट्रिन, आर्गेनाइजेशन तथा ट्रेनिंग इन तीनों सेवाओं के उप–प्रमुख भी रहे। इस अवधि के दौरान एयर मॉर्शल अजीत शंकरराव भौंसले ने रक्षा क्षेत्र में 'मेक इन इंडिया' के प्रोत्साहन के लिए रक्षा प्रबंध प्रक्रियाओं के निरूपण द्वारा सशस्त्र बलों में क्षमता निर्माण, एनडीए, सीडीएम और डी एस एस सी में प्रशिक्षण क्षमताओं तथा आधारभूत संरचनाओं के निर्माण, एनडीए में बी.टेक. पाठ्यक्रम की शुरूआत तथा आई डी एस के मुख्यालय के अंतर्गत मिलिट्री इंस्टीट्यूट ऑफ टेकनोलॉजी के समावेशन, साईबर, अंतरिक्ष अभिकरणों तथा विशेष सेना प्रभाग के प्रारम्भ, सशस्त्र सेनाओं के

लिए संयुक्त सिद्धांत निरूपण तथा असम, आंध्र प्रदेश तथा गुजरात की राज्य सरकारों के साथ मिलकर पूरे भारत में आपदा राहत के अभ्यास संचालन का विस्तार किया। प्रचालनिक तथा घरेलू अवसंरचना के लिए परिवर्धित निधि आबंटन के साथ–साथ असैन्य रक्षा कर्मचारियों के रूप में द्वीपवासियों की भर्ती में वृद्धि करके तथा हवाई सम्पर्कता व पर्यावरण संरक्षण बढ़ाकर अंडमान और निकोबार द्वीप समूह को विशेष प्रोत्साहन दिया। इन्होंने भारतीय राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय की स्थापना तथा विश्वव्यापी स्पर्धा द्वारा राष्ट्रीय युद्ध स्मारक एवं राष्ट्रीय युद्ध संग्रहालय के लिए स्थान तथा रूपरेखा के चयन की परियोजना का नेतृत्व किया।

एयर मार्शल अजीत एस. भौंसले ने माले ऑपरेशन, श्रीलंका आई पी के एफ ऑपरेशन, सियाचीन एवं कारगिल ऑपरेशन में भाग लिया है तथा उन्हें 5200 घंटे का उड़ान अनुभव है।

एयर मार्शल अजीत एस. भौंसले ने विभिन्न उच्च स्तरीय समितियों में सदस्य के रूप में अपनी सेवाएं दीं जैसे रक्षा अधिग्रहण परिषद, स्टॉफ समिति के प्रमुख, संयुक्त प्रशिक्षण समिति, उप प्रमुख समिति तथा प्रधान कार्मिक अधिकारी समिति आदि। इन्होंने विशेषज्ञ दलों की अध्यक्षता भी की जैसे संयुक्त सेवा संस्थान, भारत तथा संयुक्त–कल्याण अध्ययन केन्द्र तथा उच्च प्रौद्योगिकी रक्षा संस्थान की कार्यकारी परिषद (मानित विश्वविद्यालय) एवं जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय की अकादमी परिषद (एन डी ए) के सदस्य रहे।

एयर मार्शल अजीत एस. भौंसले ने यू.के., श्रीलंका और दक्षिणी अफ्रीका में मिलिट्री सिद्धांत मामलों, रणनीतिक रक्षा सहयोग एवं रक्षा उत्पादन के मामले में उच्च स्तरीय भारतीय रक्षा प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व भी किया है। भारत के माननीय राष्ट्रपति ने इन्हें असाधारण रूप से अपनी शानदार सेवा के लिए 2005 में विशिष्ट सेवा पदक तथा 2010 में अति विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया।

सुश्री सुजाता मेहता

इन्होंने राजनीति विज्ञान में एम. फिल की डिग्री लेने के बाद 1980 में भारतीय विदेश सेवा में कार्यभार ग्रहण किया।

इस दौरान इन्होंने विदेश मंत्रालय में अवर सचिव तथा संयुक्त सचिव के पद पर अपनी सेवाएं दीं तथा प्रधानमंत्री कार्यालय में उप सचिव/निदेशक और बाद में संयुक्त सचिव के रूप में कार्य किया।

इन्होंने मोस्को, ढाका और संयुक्त राष्ट्र, न्यूयार्क में भारतीय शिष्ट मंडल में अपनी सेवाएं दीं।

इन्होंने संयुक्त राष्ट्र में प्रतिनियुक्ति पर गाजा तथा न्यूयार्क में भी अपनी सेवाएं दीं।

जुलाई, 2013 में विदेश मंत्रालय लौटकर अपर सचिव तथा बाद में विशेष सचिव बनने से पूर्व वे स्पेन में भारत की राजदूत रहीं तथा जेनेवा में निःशस्त्रीकरण सम्मेलन में भारत की स्थायी प्रतिनिधि तथा राजदूत रहीं।

वे फरवरी, 2014 में विदेश मंत्रालय में सचिव (पूर्वी क्षेत्र) तथा 11 जनवरी, 2016 को सचिव (पश्चिम) नियुक्त हुईं।

इन्होंने 21 फरवरी, 2017 को संघ लोक सेवा आयोग में सदस्य के रूप में कार्यभार संभाला।

परिशिष्ट–2

(अध्याय 3, 4 तथा 7 देखिए)

आयोग द्वारा की गई अनुशंसाएं– उम्मीदवारों/अधिकारियों की उपयुक्तता से संबंधित

क्र.सं.	विवरण	पदों की संख्या जिन्हें वर्ष के दौरान अंतिम रूप दिया गया		प्रतिशत अन्तर
		2016-17	2015-16	
1.	**चयन द्वारा सीधी भर्ती**	**1247**	**1357**	**-8.11 %**
क)	इंजीनियरी पद	189	348	-45.69 %
ख)	चिकित्सा पद	277	432	-35.88 %
ग)	वैज्ञानिक तथा तकनीकी पद	407	145	+180.69 %
घ)	गैर–तकनीकी पद	374	432	-13.43 %
2.	परीक्षा द्वारा भर्ती	**4612***	**5659***	**-18.50%**
(क)	सिविल पद/सेवाएं	3244*	4356*	-25.53%
(ख)	रक्षा सेवाएं	1368	1303	+4.98%

* आरक्षित सूची में शामिल अनुशंसित उम्मीदवारों सहित

परिशिष्ट–3

(अध्याय 12 देखिए)

आयोग द्वारा की गई अनुशंसाएं– छूट संबंधी मामले, सेवा मामले, वरिष्ठता इत्यादि

क्र.सं.	विवरण	मामलों की संख्या		
		2016-17	2015-16	प्रतिशत अन्तर
1.	छूट संबंधी मामले	4	8	-50%
2.	सेवा मामले	4	2	+100%
3.	वरिष्ठता का निर्धारण (मामलों की संख्या)	2	6	-66.66%

परिशिष्ट–4

(देखिए अध्याय–3)

संघ लोक सेवा आयोग द्वारा वर्ष 2016–17 के दौरान आयोजित की गई परीक्षाएं

क्र. सं.	परीक्षा का नाम	पदों की संख्या	आवेदकों की संख्या				वास्तव में परीक्षा में उपस्थित उम्मीदवारों की संख्या				उन उम्मीदवारों की संख्या जिनके साक्षात्कार किए गए/सेवा अभिलेखों का मूल्यांकन किया गया				नियुक्ति के लिए अनुशंसित उम्मीदवारों की संख्या				
			कुल	अ.जा.	अ.ज.जा.	अ.पि.व.	कुल	अ.जा.	अ.ज. जा.	अ.पि.व.	कुल	अ.जा.	अ.ज. जा.	अ.पि.व.	कुल	अ.जा.	अ.ज. जा.	अ.पि.व.	आर. पी. आर
1.	सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा, 2016		1128262	300821	102872	275079	459659	108728	39301	125033	ला.न.	ला.न.	ला.न.	ला.न.	ला.न.	ला.न.	ला.न.	ला.न.	
2.	सिविल सेवा (प्रधान) परीक्षा, 2016		15382	2186	1126	4519	15149	2149	1101	4448	-	-	-	-	-	-	-	-	
3.	भारतीय वन सेवा (प्रधान) परीक्षा, 2016	110	932	141	64	251	651	90	35	180	298	40	22	102	110	16	08	29	1
4.	इंजीनियरी सेवा परीक्षा, 2016	676	267557	54311	18380	69734	87957	13173	5645	26820	1692	213	101	606	604	93	46	177	0.89
5.	इंजीनियरी सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा, 2017		325604	63734	23106	91638	154995	23855	9716	48878	--	--	--	--	--	--	--	--	--
6.	भारतीय आर्थिक सेवा/भारतीय सांख्यिकी सेवा परीक्षा, 2016	27	18839	5604	1508	3456	2856	491	170	669	74	12	06	16	24	04	03	04	0.89
7.	सम्मिलित भूविज्ञानी तथा भूवैज्ञानिक परीक्षा, 2016	182	23421	3658	1239	6187	6725	894	343	1997	415	38	12	159	178	18	05	66	0.98
8.	राष्ट्रीय रक्षा अकादमी तथा नौसेना अकादमी परीक्षाए (I), 2016	375	503062	67894	16869	187623	305146	33538	9263	114609	4231	91	18	957	446	15	02	56	1.19
9.	राष्ट्रीय रक्षा अकादमी तथा नौसेना अकादमी परीक्षाए (II), 2016		423064	54301	12804	145877	286511	30582	7529	99930	6807	196	52	1533	-	-	-	-	
10.	सम्मिलित रक्षा सेवा परीक्षा (II),2016		276210	43003	12626	74427	127013	12616	4287	35148	-	-	-	-	-	-	-	-	
11.	सम्मिलित रक्षा सेवा परीक्षा (I),2017		183844	30504	8673	48875	93508	9873	3202	25815	-	-	-	-	-	-	-	-	
12.	केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सहायक कमांडेंट) परीक्षा, 2016	211	270727	78961	28212	65569	96473	19754	8439	28229	431	70	28	163	189	34	14	52	0.90
13.	केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सहायक कमांडेंट) (कार्यपालक) सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा, 2017		803	113	41	ला.न.	553	73	32	ला.न.	-	-	-	-	-	-	-	-	-
14.	सम्मिलित चिकित्सा सेवा परीक्षा, 2016	1025	33986	5605	1982	8740	16864	2608	957	4615	3288	334	114	1413	894	98	42	328	0.87
कुल		**2606**	**3471693**	**710836**	**229502**	**981975**	**1654060**	**258424**	**90020**	**516371**	**17236**	**994**	**353**	**4949**	**2445**	**278**	**120**	**712**	

-- वर्तमान में जानकारी उपलब्ध नहीं हैं
ला.न. लागू नहीं

परिशिष्ट–5

(देखिए अध्याय–3)

संघ लोक सेवा आयोग द्वारा वर्ष 2015–2016 के दौरान आयोजित की गई, लेकिन वर्ष 2016–2017 के दौरान पूरी की गई / अंतिम रूप दी गई परीक्षाएं

क्र. सं.	परीक्षा का नाम	पदों की संख्या	आवेदकों की संख्या				वास्तव में परीक्षा में उपस्थित उम्मीदवारों की संख्या				उन उम्मीदवारों की संख्या जिनके साक्षात्कार किए गए / सेवा अभिलेखों का मूल्यांकन किया गया				नियुक्ति के लिए अनुशंसित उम्मीदवारों की संख्या				आर पी आर
			कुल	अ.जा.	अ.ज.जा.	अ.पि.व.	कुल	अ.जा.	अ.ज. जा.	अ.पि.व.	कुल	अ.जा.	अ.ज. जा.	अ.पि.व.	कुल	अ.जा.	अ.ज. जा.	अ.पि.व.	
1.	सिविल सेवा (प्रधान) परीक्षा, 2015	1164	14927*	2229*	1147*	4048*	14626*#	2169*	1118*	3965*	2792	407	193	910	1078@	176	89	314	1
2.	इंजीनियरी सेवा परीक्षा, 2015	481*	250041*	49061*	16952*	60802*	92817*	14036*	5914*	26272*	1116*	183*	90*	315*	434*$	73*	36*	121*	0.90
3.	केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सहायक कमांडेंट) परीक्षा, 2015	259*	238972*	62592*	24085*	54945*	98162*	18027*	8607*	27193*	518*	86*	34*	178*	224*^	38*	18*	67*	1
4.	राष्ट्रीय रक्षा अकादमी तथा नौसेना अकादमी परीक्षा (II) 2015	375	413867*	51862*	11183*	140733*	283001*	29695*	6343*	97251*	4077	96	19	783	423	9	3	47	1.13
5.	सम्मिलित रक्षा सेवा परीक्षा (II) 2015	463	243496*	37561*	10658*	64042*	113768*	11033*	3648*	30530*	5174	135	39	1023	290	4	2	35	0.63
6.	सम्मिलित रक्षा सेवा परीक्षा (I) 2016	457	236307*	38349*	11610*	64575*	120281*	12967*	4444*	34392*	4523	152	38	965	209	2	1	33	0.46
7.	अनुभाग अधिकारी/आशुलिपिक (ग्रेड. ख/ ग्रेड–I) सीमित विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा 2015	---	2314*	302*	103*	ला.न.	1781*	223*	72*	ला.न.	-	-	-	ला.न.	-	-	-	ला.न.	
कुल		**2459**	**1399924***	**241956***	**75738***	**389145***	**724436***	**88150***	**30146***	**219603***	**16566**	**790**	**289**	**3681**	**2000**	**191**	**95**	**429**	**0.90**

* पिछली रिपोर्ट में पहले ही दे दिए गए आंकड़ों को कुल जोड़ में शामिल नहीं किया गया है

\# 16 निरस्त उम्मीदवारियों के अतिरिक्त

@ समेकित आरक्षित सूची से अनुशंसित 86 उम्मीदवारों के अतिरिक्त

$ समेकित आरक्षित सूची से अनुशंसित 46 उम्मीदवारों के अतिरिक्त

^ समेकित आरक्षित सूची से अनुशंसित 35 उम्मीदवारों के अतिरिक्त

परिशिष्ट–6

जिन परीक्षाओं के संबंध में आरक्षित सूची नियम लागू है, उनमें आरक्षित सूची के माध्यम से वर्ष 2016–17 के दौरान अनुशंसित उम्मीदवारों की संख्या

क्र. सं	परीक्षा का नाम	आरक्षित सूची के माध्यम से अनुशंसित उम्मीदवारों की संख्या					अभ्युक्तियां
		अ.ज	अ.ज. जा.	अ.पि.व.	सामान्य	कुल	
1.	सिविल सेवा (प्रधान) परीक्षा, 2015	--	--	17	69	86	
2.	केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सहायक कमांडेट) परीक्षा, 2015*	01	--	21	13	35	
3.	इंजीनियरी सेवा परीक्षा, 2015	0	01	24	21	46	
	कुल	**01**	**01**	**62**	**103**	**167**	

*03/06/2016 को प्रचालित आरक्षित सूची

परिशिष्ट–7

(देखिए अध्याय–3)

वर्ष 2016–17 के दौरान आयोजित परीक्षाओं के अंतर्गत आने वाली सेवाएं

1. सिविल सेवा परीक्षा, 2016

निम्नलिखित सेवाओं/पदों पर भर्ती हेतु :

i) भारतीय प्रशासनिक सेवा।

ii) भारतीय विदेश सेवा।

iii) भारतीय पुलिस सेवा।

iv) भारतीय डाक और तार लेखा एवं वित्त सेवा, ग्रुप 'क'।

v) भारतीय लेखापरीक्षा एवं लेखा सेवा, ग्रुप 'क'।

vi) भारतीय राजस्व सेवा (सीमा शुल्क एवं केंद्रीय उत्पाद शुल्क), ग्रुप 'क'।

vii) भारतीय रक्षा लेखा सेवा, ग्रुप 'क'।

viii) भारतीय राजस्व सेवा (आयकर), ग्रुप 'क'।

ix) भारतीय आयुध निर्माणी सेवा ग्रुप 'क' (सहायक कार्य प्रबंधक, प्रशासन)।

x) भारतीय डाक सेवा, ग्रुप 'क'।

xi) भारतीय सिविल लेखा सेवा, ग्रुप 'क'।

xii) भारतीय रेल यातायात सेवा, ग्रुप 'क'।

xiii) भारतीय रेल लेखा सेवा, ग्रुप 'क'।

xiv) भारतीय रेल कार्मिक सेवा, ग्रुप 'क'।

xv) रेलवे सुरक्षा बल में सहायक सुरक्षा आयुक्त का पद, ग्रुप 'क'।

xvi) भारतीय रक्षा संपदा सेवा, ग्रुप 'क'।

xvii) भारतीय सूचना सेवा (कनिष्ठ ग्रेड), ग्रुप 'क'।

xviii) भारतीय व्यापार सेवा, ग्रुप 'क'। (ग्रेड-III)।

xix) भारतीय कॉरपोरेट विधि सेवा, ग्रुप 'क'।

xx) सशस्त्र सेना मुख्यालय सिविल सेवा, ग्रुप 'ख' (अनुभाग अधिकारी ग्रेड)।

xxi) दिल्ली, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, लक्षद्वीप, दमन और दीव तथा दादरा और नागर हवेली सिविल सेवा, ग्रुप 'ख'।

xxii) दिल्ली, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, लक्षद्वीप, दमन और दीव तथा दादरा और नागर हवेली पुलिस सेवा, ग्रुप 'ख'।

xxiii) पांडिचेरी सिविल सेवा, ग्रुप 'ख'।

xxiv) पांडिचेरी पुलिस सेवा, ग्रुप 'ख'।

2. इंजीनियरी सेवा परीक्षा, 2016

निम्नलिखित सेवाओं/पदों पर भर्ती के लिए सम्मिलित प्रतियोगिता परीक्षाः

वर्ग I- सिविल इंजीनियरी

ग्रुप 'क' सेवा/पदः

i) भारतीय रेल इंजीनियर सेवा।

ii) भारतीय रेल भंडार सेवा (सिविल इंजीनियरी पद)।

iii) केंद्रीय इंजीनियरी सेवा।

iv) भारतीय आयुध निर्माणी सेवा, ए डब्ल्यू एम/जे टी एस (सिविल इंजीनियरी पद)।

v) केंद्रीय इंजीनियरी सेवा (सड़क) ग्रुप– 'क') सिविल इंजीनियरी पद)।

vi) केंद्रीय जल इंजीनियरी सेवा ग्रुप–'क' (सिविल इंजीनियरी पद)।

vii) भारतीय सर्वेक्षण सेवा ग्रुप–'क'।

viii) सहायक कार्यपालक इंजीनियर (सिविल इंजीनियरी पद) सीमा सड़क इंजीनियरी सेवा ग्रुप 'क'।

ix) सहायक कार्यपालक इंजीनियर (सिविल) पी एंड टी भवन निर्माण सेवा ग्रुप–'क'।

x) भारतीय रक्षा इंजीनियर सेवा।

xi) सहायक कार्यपालक इंजीनियर (क्यू एस एंड सी) मिलिटरी इंजीनियरी सेवा (एम ई एस) सर्वेक्षण संवर्ग।

वर्ग II- यांत्रिक इंजीनियरी

ग्रुप 'क' सेवा/पदः

i) भारतीय रेल यांत्रिक इंजीनियर सेवा।

ii) भारतीय रेल भंडार सेवा (यांत्रिक इंजीनियरी पद)।

iii) भारतीय आयुध निर्माणी सेवा, ए डब्ल्यू एम / जे टी एस (यांत्रिक इंजीनियरी पद)।

iv) केंद्रीय वैद्युत और यांत्रिक इंजीनियरी सेवा (यांत्रिक इंजीनियरी पद)।

v) भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण इंजीनियरी सेवा ग्रुप 'क'।

vi) केंद्रीय जल इंजीनियरी सेवा ग्रुप–'क' (यांत्रिक इंजीनियरी पद)।

vii) सहायक कार्यपालक इंजीनियर (यांत्रिक इंजीनियरी पद) सीमा सड़क इंजीनियरी सेवा ग्रुप 'क'।

viii) भारतीय नौसेना सशस्त्रीकरण सेवा।

ix) भारतीय रक्षा इंजीनियर सेवा।

x) केन्द्रीय विद्युत इंजीनियरी सेवा ग्रुप 'ख' (यांत्रिक इंजीनियरी पद)।

xi) सहायक कार्यपालक इंजीनियर ग्रुप 'क' (यांत्रिक इंजीनियरी पद), ई.एम.ई. कोर, रक्षा मंत्रालय।

वर्ग III- वैद्युत इंजीनियरी

ग्रुप 'क' सेवा/पद :

i) भारतीय रेल वैद्युत इंजीनियर सेवा।

ii) भारतीय रेल भंडार सेवा (वैद्युत इंजीनियरी पद)।

iii) केंद्रीय वैद्युत और यांत्रिक इंजीनियरी सेवा (वैद्युत इंजीनियरी पद)।

iv) भारतीय आयुध निर्माणी सेवा, ए डब्ल्यू एम/जे टी एस (वैद्युत इंजीनियरी पद)

v) भारतीय निरीक्षण सेवा (सहायक निदेशक ग्रेड–I)

vi) भारतीय आपूर्ति सेवा ग्रुप 'क'

vii) सहायक कार्यपालक इंजीनियर (वैद्युत) पी एंड टी भवन निर्माण ग्रुप 'क'।

viii) भारतीय नौसेना सशस्त्रीकरण सेवा (वैद्युत इंजीनियरी पद)।

ix) भारतीय रक्षा इंजीनियर सेवा।

x) केन्द्रीय विद्युत इंजीनियरी सेवा ग्रुप 'ख' (वैद्युत इंजीनियरी पद)।

xi) सहायक कार्यपालक इंजीनियर ग्रुप 'क' (वैद्युत इंजीनियरी पद) ईएमई कोर, रक्षा मंत्रालय

वर्ग IV - इलैक्ट्रॉनिकी और दूरसंचार इंजीनियरी

ग्रुप 'क' और 'ख' सेवा/पदः

i) भारतीय रेल सिग्नल इंजीनियर सेवा।

ii) भारतीय रेल भंडार सेवा (दूरसंचार/इलैक्ट्रॉनिकी इंजीनियरी पद)।

iii) भारतीय निरीक्षण सेवा (सहायक निदेशक ग्रेड-I)।

iv) भारतीय दूरसंचार सेवा ग्रुप 'क'।

v) भारतीय रेडियो विनियामक सेवा ग्रुप 'क'।

vi) भारतीय आयुध निर्माणी सेवा, ए डब्ल्यू एम/जे टी एस (इलैक्ट्रॉनिकी तथा दूरसंचार इंजीनियरी पद)

vii) भारतीय नौसेना सशस्त्रीकरण सेवा (इलैक्ट्रॉनिकी तथा दूरसंचार इंजीनियरी पद)।

viii) कनिष्ठ दूरसंचार अधिकारी (सामान्य केंद्रीय सेवाए ग्रुप 'ख', राजपत्रित अननुसचिवीय)।

ix) केंद्रीय वैद्युत इंजीनियरी सेवा ग्रुप 'ख' (इलैक्ट्रॉनिकी तथा दूरसंचार इंजीनियरी सेवा)।

x) सहायक कार्यपालक इंजीनियर ग्रुप 'क' (इलैक्ट्रॉनिकी तथा दूरसंचार इंजीनियरी पद), ई. एम.ई.कोर, रक्षा मंत्रालय।

3. इंजीनियरी सेवा परीक्षा, 2017

निम्नलिखित सेवाओं/पदों पर भर्ती के लिए सम्मिलित प्रतियोगिता परीक्षाः

वर्ग I- सिविल इंजीनियरी

ग्रुप 'क' सेवा/पदः

i) भारतीय रेल इंजीनियर सेवा।

ii) भारतीय रेल भंडार सेवा (सिविल इंजीनियरी पद)।

iii) केंद्रीय इंजीनियरी सेवा।

iv) भारतीय आयुध निर्माणी सेवा, ए डब्ल्यू एम/जे टी एस (सिविल इंजीनियरी पद)।

v) केंद्रीय इंजीनियरी सेवा (सड़क) ग्रुप–'क' (सिविल इंजीनियरी पद)।

vi) केंद्रीय जल इंजीनियरी सेवा ग्रुप–'क' (सिविल इंजीनियरी पद)।

vii) भारतीय सर्वेक्षण सेवा ग्रुप–'क'।

viii) सहायक कार्यपालक इंजीनियर (सिविल इंजीनियरी पद) सीमा सड़क इंजीनियरी सेवा ग्रुप 'क'।

ix) सहायक कार्यपालक इंजीनियर (सिविल) पी एंड टी भवन निर्माण ग्रुप 'क' सेवा।

x) भारतीय रक्षा इंजीनियर सेवा।

xi) सहायक कार्यपालक इंजीनियर (क्यू एस एंड सी) मिलिटरी इंजीनियरी सेवा (एम ई एस) सर्वेक्षण संवर्ग।

वर्ग II- यांत्रिक इंजीनियरी

ग्रुप क/ख सेवा/पदः

i) भारतीय रेल यांत्रिक इंजीनियर सेवा।

ii) भारतीय रेल भंडार सेवा (यांत्रिक इंजीनियरी पद)।

iii) भारतीय आयुध निर्माणी सेवा, ए डब्ल्यू एम/जे टी एस (यांत्रिक इंजीनियरी पद)।

iv) केंद्रीय वैद्युत और यांत्रिक इंजीनियरी सेवा (यांत्रिक इंजीनियरी पद)।

v) भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ग्रुप 'क' इंजीनियरी सेवा में सहायक कार्यपालक इंजीनियर।

vi) केंद्रीय जल इंजीनियरी सेवा ग्रुप. 'क' (यांत्रिक इंजीनियरी पद)।

vii) सहायक कार्यपालक इंजीनियर (यांत्रिक इंजीनियरी पद) सीमा सड़क इंजीनियरी सेवा ग्रुप 'क'।

viii) भारतीय नौसेना सशस्त्रीकरण सेवा (यांत्रिक इंजीनियरी पद)।

ix) भारतीय रक्षा इंजीनियर सेवा (यांत्रिक इंजीनियरी पद)।

x) भारतीय नौसेना में सहायक नौसेना भंडार अधिकारी ग्रेड–I (यांत्रिक इंजीनियरी पद)

वर्ग III- वैद्युत इंजीनियरी

ग्रुप 'क'/'ख' सेवा/पद :

i) भारतीय रेल वैद्युत इंजीनियर सेवा।

ii) भारतीय रेल भंडार सेवा (वैद्युत इंजीनियरी पद)।

iii) केंद्रीय वैद्युत और यांत्रिक इंजीनियरी सेवा (वैद्युत इंजीनियरी पद)।

iv) भारतीय आयुध निर्माणी सेवा, ए डब्ल्यू एम/जे टी एस (वैद्युत इंजीनियरी पद)

v) भारतीय नौसेना सशस्त्रीकरण सेवा (वैद्युत इंजीनियरी पद)।

vi) भारतीय रक्षा इंजीनियर सेवा।

vii) भारतीय नौसेना में सहायक नौसेना भंडार अधिकारी ग्रेड–I (वैद्युत इंजीनियरी पद)

viii) सहायक कार्यपालक इंजीनियर ग्रुप 'क' (वैद्युत इंजीनियरी पद) ईएमई कोर, रक्षा मंत्रालय

वर्ग IV - इलैक्ट्रॉनिकी और दूरसंचार इंजीनियरी ग्रुप 'क' और 'ख' सेवा/पदः

i) भारतीय रेल सिग्नल इंजीनियर सेवा।

ii) भारतीय रेल भंडार सेवा (दूरसंचार/इलैक्ट्रॉनिकी इंजीनियरी पद)।

iii) भारतीय रेडियो विनियामक सेवा ग्रुप 'क'।

iv) भारतीय आयुध निर्माणी सेवा, ए डब्ल्यू एम/जे टी एस (इलैक्ट्रॉनिकी तथा दूरसंचार इंजीनियरी पद)

v) भारतीय नौसेना सशस्त्रीकरण सेवा (इलैक्ट्रॉनिकी तथा दूरसंचार इंजीनियरी पद)।

vi) भारतीय नौसेना में सहायक नौसेना भंडार अधिकारी ग्रेड–I (इलैक्ट्रॉनिकी तथा दूरसंचार इंजीनियरी पद)।

4. भारतीय वन सेवा (प्रधान) परीक्षा, 2016

भारतीय वन सेवा।

5. राष्ट्रीय रक्षा अकादमी तथा नौसेना अकादमी परीक्षा, (I) और (II), 2016

राष्ट्रीय रक्षा अकादमी तथा भारतीय नौसेना अकादमी पाठयक्रम (आई एन ए सी) के लिए सेना, नौसेना तथा वायु सेना स्कंधों में प्रवेश हेतु।

6. सम्मिलित रक्षा सेवा परीक्षा (II), 2016 तथा सम्मिलित रक्षा सेवा परीक्षा (I), 2017

निम्नलिखित में प्रवेश हेतुः

i) भारतीय सैन्य अकादमी।

ii) भारतीय नौसेना अकादमी।

iii) वायु सेना अकादमी।

iv) अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी, अल्पकालिक सेवा कमीशन (एस.एस.सी.) पाठ्यक्रम (पुरूषों के लिए)।

v) अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी, अल्पकालिक सेवा कमीशन महिला (गैर–तकनीकी) पाठ्यक्रम।

7. सम्मिलित चिकित्सा सेवा परीक्षा, 2016

सेवा/पदों पर भर्ती के लिए सम्मिलित परीक्षाः

i) रेलवे में सहायक डिवीजनल चिकित्सा अधिकारी।

ii) भारतीय आयुध निर्माणी स्वास्थ्य सेवा में सहायक चिकित्सा अधिकारी।

iii) केंद्रीय स्वास्थ्य सेवा में कनिष्ठ वेतनमान पद।

iv) पूर्वी दिल्ली नगर निगम, उत्तरी दिल्ली नगर निगम, दक्षिणी दिल्ली नगर निगम में सामान्य ड्यूटी चिकित्सा अधिकारी ग्रेड-IIA

v) नई दिल्ली नगर पालिका परिषद में सामान्य ड्यूटी चिकित्सा अधिकारी।

8. केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सहायक कमांडेंट) परीक्षा, 2016

केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में सहायक कमांडेंट (ग्रुप 'क') की भर्ती के लिएः

i) सीमा सुरक्षा बल (बी एस एफ)।

ii) केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस बल (सी आर पी एफ)।

iii) भारत–तिब्बत सीमा पुलिस (आई टी बी पी)।

iv) सशस्त्र सीमा बल (एस एस बी)।

9. भारतीय आर्थिक सेवा/ भारतीय सांख्यिकी सेवा परीक्षा, 2016

निम्नलिखित सेवाओं में कनिष्ठ समय मान में भर्ती के लिए सम्मिलित प्रतियोगिता परीक्षा :

i) भारतीय आर्थिक सेवा।

ii) भारतीय सांख्यिकी सेवा।

10. सम्मिलित भूविज्ञानी तथा भू–वैज्ञानिक परीक्षा, 2016

निम्नलिखित पदों पर भर्ती के लिए :

श्रेणी–I

(भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, खान मंत्रालय में पद)।

i) भूविज्ञानी–ग्रुप 'क'।

ii) भूभौतिक विज्ञानी, ग्रुप 'क'।

iii) रसायनज्ञ, ग्रुप 'क'।

श्रेणी–II

(केन्द्रीय भूमि–जल बोर्ड, जल संसाधन मंत्रालय में पद)

i) कनिष्ठ जलभूविज्ञानी (वैज्ञानिक 'ख'), ग्रुप 'क'

11. केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल सहायक कमांडेंट (कार्यपालक) सीमित विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा, 2017

केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल में सहायक कमांडेंट (कार्यपालक) की रिक्तियों को भरने के लिए

परिशिष्ट–8

सिविल सेवा (प्रधान) परीक्षा 2015 और 2016 में बैठे उम्मीदवारों के परीक्षा के माध्यम (भारतीय भाषाएं / अंग्रेजी) को दर्शाने वाला तुलनात्मक विवरण

